

हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर, असम के सीएम हिमंत बिस्व आदर्श जीवन मूल्य पर आधारित किताब का विमोचन करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 17 अंकः 343 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### कर्नाटक में हिजाब से हटेगा बैन!

**मांड्या:** हिजाब पर प्रतिबंध हटाने की सीएम सिद्धारमैया की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कर्नाटक के मांड्या जिले की छात्रा मुस्कान का बयान सामने आया है। मुस्कान वही छात्रा हैं जिन्होंने एक हिंदू संगठन के एक समूह के खिलाफ 'अल्लाह हू अकबर' का नारा लगाया था।

**हिजाब हमारा अधिकार:** मुस्कान ने कहा कि हिजाब हमारा अधिकार है और हम सबको अब भाई-बहन की तरह रहने दें। शनिवार को मीडिया से बात करते हुए मुस्कान ने कहा कि हिजाब हमारी संस्कृति है। यह हमारा अधिकार है। मेरा मानना है कि हमें अधिकार मिलेगा। शिक्षा में कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए।

छात्रा ने कहा, मैं सीएम सिद्धारमैया, मंत्री जमीर अहमद खान, स्पीकर यू.टी. खादर और डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार को धन्यवाद देती हूं। मैं उन्हें हमारे अधिकार वापस देने के लिए धन्यवाद देती हूं। उन्होंने हमारी संस्कृति का समर्थन किया है। हम भाइयों और बहनों की तरह कॉलेज में पढ़ते थे। ऐसा हमेशा होना चाहिए।

### कोरोना: सात महीने बाद सबसे ज्यादा केस

**नई दिल्ली:** देश में कोरोना के मामलों में लगातार इजाफा देखने को मिल रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटे में 752 कोरोनो केस मिले हैं। 21 मई के बाद एक दिन में कोरोना के इतने ज्यादा मामले सामने आए हैं।

# 'युवा, गरीब, महिलाएं और किसान मेरे लिए चार जातियां'

## चार वर्गों को ध्यान में रखकर काम करना चाहिएः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बीजेपी पदाधिकारियों की बैठक में शामिल हुए। इस बीच उन्होंने युवाओं, गरीबों, महिलाओं और किसानों के हितों को बैठक के बीच रखा।

बैठक की अध्यक्षता भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, बैठक में 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर मंथन हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि चार वर्गों को ध्यान में रखकर काम करना चाहिए, उनके लिए युवा, गरीब, महिलाएं और किसान हैं।

**मेरे लिए केवल चार जातियां ही महत्वपूर्णः** इससे पहले 3 दिसंबर को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान विधानसभा चुनावों में बीजेपी की जीत के बाद पीएम मोदी ने कहा था, कि इस चुनाव में देश को जातियों के आधार पर बांटने की कोशिश की गई। मैं कहता रहा कि मेरे लिए चार जातियां हैं ही महत्वपूर्ण हैं। जिनमें नारी शक्ति, युवा शक्ति, किसान और गरीब परिवार शामिल हैं।

**मिशन मोड पर भाजपाः** वहीं शुक्रवार को बैठक में पीएम मोदी ने सभी अधिकारियों से मिशन मोड में काम करने को कहा कि अधिकारियों को सोशल मीडिया पर अपने विचार व्यक्त करने और गरीबों के लिए केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित अधिक डेटा सोशल मीडिया के माध्यम से साझा करने के लिए कहा गया। विपक्षी दलों द्वारा किये जा रहे नकारात्मक प्रचार का तथ्यों के अनुरूप सकारात्मक उत्तर दें।



### पीएम मोदी का माइक्रो लेवल प्लान तैयार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भाजपा से मुकाबले के लिए विपक्षी गठबंधन जहां अंतर्विरोधों और असमंजस के कुहासे से निकलने का प्रयास कर रहा है, वहीं सत्तारूढ़ पार्टी का दृष्टिकोण कतई स्पष्ट है कि विजय रथ की रणनीतिक राह क्या होगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय पदाधिकारी बैठक में देशभर से जुटे पदाधिकारियों को माइक्रो लेवल प्लान का चुनावी मंत्र देते हुए सलाह दी कि राज्यों की जीत से अतिविश्वास में आने के बजाय जमीन पर मुस्तैद रहना होगा। भाजपा राष्ट्रीय पदाधिकारी बैठक शुक्रवार शाम को पार्टी मुख्यालय में करीब साढ़े पांच घंटे चली, जिसमें लगभग डेढ़ घंटे तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पाठशाला चली। सूत्रों ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता वाली इस बैठक में पीएम मोदी ने चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में फीडबैक लिया

उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान सहित कुछ राज्यों के पदाधिकारियों से उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि बड़ी रैलियां हम सफलता से आयोजित कर लेते हैं, लेकिन भाजपा का वोट प्रतिशत 50 से ऊपर पहुंचाने के लिए जमीनी स्तर पर सक्रियता को बढ़ाना होगा। बूथ स्तर तक सक्रियता बहुत आवश्यक है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और जनता दल के नेता एचडी कुमारस्वामी ने शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर उन्हें धन्यवाद दिया है। एक दिन पहले ही कुमारस्वामी ने अपने पिता और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा समेत भाई एचडी रेवन्ना, भतीजे प्रज्जवल रेवन्ना के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी। दोनों के बीच सीटों के बंटवारे पर चर्चा हुई। सूत्रों ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता वाली इस बैठक में पीएम मोदी ने चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान सहित कुछ राज्यों के पदाधिकारियों से उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में फीडबैक लिया।

# कर्ज के बोझ व बढ़ते खर्चों के दवाब तले हिमाचल की अर्थव्यवस्था

**टीम एक्शन इंडिया/ धर्मशाला/ चमन शर्मा**
**साल** दर साल बढ़ते कर्ज के बोझ में हिमाचल की अर्थ व्यवस्था की कमर तोड़ कर रख दी है। कर्ज के बढ़ते बोझ से प्रदेश सरकारों में राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के दावों की हवा भी निकल रही है। कर्ज का बोझ बढने. से सरकारें विकास कार्यों के लिए केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के सहारे हैं। बढ़ते कर्ज के बोझ ने एफआरबीएम एक्ट में किए गए सरकार के उन दावों की पोल भी खोल दी है जिनमें सरकार ने अनुपादक खर्चों में कटौती के साथ-साथ संसाधन जुटाने की बात कही है। शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन हिमाचल विधानसभा में नियंत्रक महालेखा परीक्षक कैग की वित्तीय वर्ष 2022-23 की रिपोर्ट पेश की गई। रिपोर्ट के मुताबिक बीते माली साल में सरकार ने 13 हजार 55 करोड़ रुपए कर्ज उठाया। कर्ज की इस राशि में वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही में मौजूदा सरकार द्वारा ली गई ऋण की राशि भी शामिल है। साल 2021-22 में जहां प्रदेश पर 73 हजार 534 करोड़ रुपए कर्ज था वहीं 2022-23 में यह बढकर 86 हजार 589 करोड़ पहुंच गया है।

**कमर टूटी**
8 बीते माली साल में सरकार ने उठाया 13 हजार करोड़ से अधिक का ऋण

### कांग्रेस ने घोषणापत्र समिति का गठन किया

**नई दिल्ली:** अगले साल होने वाला लोकसभा चुनावों किए कांग्रेस ने घोषणापत्र समिति का गठन किया है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम को घोषणापत्र समिति का अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंह देव को संयोजक नियुक्त किया गया है। इस सूची में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, कांग्रेस नेता जयराम रमेश, शशि थरूर और प्रियंका गांधी वाड्रा भी शामिल हैं। इससे पहले, 21 दिसंबर को कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा था कि सीडब्ल्यूसी ने सर्वसम्मति से आगामी लोकसभा चुनाव एक पार्टी के रूप में और इंडिया समूह के सदस्य के रूप में लड़ने का प्रस्ताव अपनाया है। प्रस्ताव में कहा गया कि सीडब्ल्यूसी हमारे महान संगठन के सभी सदस्यों से आशा और विश्वास के साथ एकजुट होने और चुनाव अभियान में समर्पण और अनुशासन के साथ खुद को समर्पित करने का आह्वान करती है।

### सऊदी अरब से कच्चा तेल लेकर मंगलुरु आ रहे पोत में आग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अरब महासागर में एक व्यापारिक जहाज पर ड्रोन हमले के बाद आग लगने की खबर सामने आई है। इसे लेकर भारतीय नौसेना भी अलर्ट हो गई है। भारतीय नौसेना के अधिकारियों ने बताया कि पोरबंदर तट से 217 समुद्री मील दूर अरब सागर में एक व्यापारिक जहाज एमवी केम प्लूटो में ड्रोन हमले के कारण आग लगने की आशंका है। ये जहाज इस्राइल का बताया जा रहा है। समाचार एजेंसी एएफपी मुताबिक, ब्रिटिश सेना की यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस और समुद्री सुरक्षा फर्म एंब्रे ने कहा कि एक व्यापारिक जहाज पर भारत के वेरवल के पास ड्रोन द्वारा हमला किया गया।



भारतीय रक्षा अधिकारियों के मुताबिक, जहाज में कच्चा तेल है और यह सऊदी अरब के एक बंदरगाह से मंगलुरू की ओर जा रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आग तो बुझ गई है लेकिन इसका असर कामकाज पर पड़ा है।






# भ्रष्टाचार की नींव पर खड़े कराए 134 अवैध फ्लैट बनेंगे जीडीए अधिकारियों के गले की फांस

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद।** इंदिरापुरम स्थित एक्सप्रेस गार्डन सोसाइटी में भ्रष्टाचार की नींव पर खड़े कराए 134 अवैध फ्लैट प्राधिकरण अधिकारियों के गले की फांस बनेंगे। मामले में हाईकोर्ट की सख्ती के बाद से जीडीए अधिकारियों में हड़कंप है। जांच कर अवैध निर्माण कराने के दोषी अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई करने के हाईकोर्ट के आदेश के बाद जीडीए के वरिष्ठ अधिकारियों की कमेटी मामले की विस्तार से जांच करेगी। एक्सप्रेस गार्डन सोसाइटी बनाने के लिए बिल्डर ने वर्ष 2005 में जीडीए से 400 फ्लैटों का नक्शा स्वीकृत कराया। इसके बाद 536 फ्लैटों का संशोधित नक्शा जीडीए से स्वीकृत हुआ। वर्ष 2008-12 के बीच जीडीए अधिकारियों की मिलीभगत से बिल्डर ने नियमों को ठेंगे पर रखा और 536 की बजाय 670 फ्लैटों का निर्माण किया। उक्त समयावधि में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में चार उपाध्यक्ष एसके द्विवेदी, राम बहादुर, नरेंद्र कुमार चौधरी व जेसी आदर्श और चार सचिव राजकुमार सचान, नरेन्द्र कुमार, सुभाष चन्द्र उत्तम व आरके सिंह तैनात रहे। इसके अलावा कई अवर अभियंता, सहायक अभियंता, अधिशासी अभियंता तैनात रहे। रेजिडेंट्स का आरोप है कि अवैध निर्माण कराने के




लिए भ्रष्टाचार में लिप्त होने के चलते जीडीए के जिम्मेदार अधिकारियों ने बिल्डर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। परेशान होकर रेजिडेंट्स ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की। रेजिडेंट्स के अधिवक्ता ने हाईकोर्ट में डीड आफ डिक्लेयरेशन की प्रति पेश की, जिसके तहत सिर्फ प्रोजेक्ट में सिर्फ 536 फ्लैट बनाने की अनुमति थी। नियमों को ताक पर रखकर जीडीए अधिकारियों ने आंख बंद कर प्रोजेक्ट की आंशिक कंपाउंडिंग भी कर दी, जो स्वीकृति से ज्यादा फ्लैट बनाने पर नहीं की जा सकती थी। प्रोजेक्ट का कंपलीशन आज तक भी जारी नहीं हुई है। अब हाईकोर्ट के सख्त रुख के बाद यह मामला फिर से गरमा गया है। गत बुधवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने कहा था कि जीडीए के रहते 134 अवैध फ्लैट बन गए। यह मामला गंभीर है। जांच जरूरी है। हाईकोर्ट ने जीडीए अधिकारियों को आदेश दिए थे कि विस्तार से पूरे प्रकरण की जांच करें, जिन अधिकारियों के कार्यकाल के दौरान 134 अवैध फ्लैटों का निर्माण हुआ। उनकी जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई करते हुए विस्तृत रिपोर्ट तीन सप्ताह में अदालत में पेश करें। हाईकोर्ट के आदेश पर जीडीए के अधिकारियों ने एक्सप्रेस गार्डन प्रोजेक्ट की पूरी फाइल खंगालनी शुरू कर दी गई है।

# नोएडा के फार्म हाउसों में चली शराब तो हुई कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा** यमुना नदी के डूब क्षेत्र में बने फार्म हाउस में रात के अंधेरे में अवैध रूप से आयोजित होने वाली शराब पार्टी पर आबकारी विभाग की नजरें टेढी हुई तो लखनऊ से लेकर दिल्ली तक हड़कंप मच गया। उच्च पदों पर बैठे लोगों के फोन घन-घनाने लगे। विभाग की कार्रवाई जारी रही, फार्म हाउस मालिकों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कराया गया। कार्रवाई का परिणाम विभाग को महज एक माह में एक करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। यमुना नदी के डूब में सैकड़ों की संख्या में अवैध रूप से फार्म हाउस का निर्माण किया गया है। प्राधिकरण द्वारा फार्म हाउस तोड़ने की कार्रवाई समय-समय पर की जाती है। अंधेरा होने के साथ ही फार्म हाउस में होने वाली पार्टियों में रात हसीन होने लगती है। आबकारी विभाग के नियम के तहत शराब पार्टी करने के लिए एक दिन का लाइसेंस लेना अनिवार्य है। लाइसेंस की फीस 11 हजार रुपये है। साथ ही पार्टी में प्रदेश के बाहर की शराब का सेवन भी प्रतिबंधित है। पार्टी करने वालों के द्वारा लाइसेंस नहीं लिया जाता था। साथ ही प्रदेश के बाहर की शराब का सेवन किया जाता था।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82Cr.PC देखिये**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त रणजीत कुमार @ बिहारी पुत्र श्री महादेव रजक, निवासी बीपीओ दुमका, पुलिस थाना दुमका, आर के आश्रम के पास झारखंड, वर्तमान पता 16/5, इन्द्रा विकास, मुखर्जी नगर, दिल्ली ने केस प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 187/2013 धारा 452/323 आईपीसी पुलिस थाना तिमारपुर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त रणजीत कुमार @ बिहारी मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रुप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त रणजीत कुमार @ बिहारी फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 187/2013 धारा 452/323 आईपीसी पुलिस थाना तिमारपुर, दिल्ली के अभियुक्त रणजीत कुमार @ बिहारी से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 01.02.2024 को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री अपूर्व गुप्ता
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट-02,
केंद्रीय जिला, कमरा नंबर-26,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14776/N/2023 (Court Matter)



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82Cr.PC देखिये**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त रणजीत कुमार @ बिहारी पुत्र श्री महादेव रजक, निवासी बीपीओ दुमका, पुलिस थाना दुमका, आर के आश्रम के पास झारखंड, वर्तमान पता 16/5, इन्द्रा विकास, मुखर्जी नगर, दिल्ली ने केस प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 187/2013 धारा 452/323 आईपीसी पुलिस थाना तिमारपुर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त रणजीत कुमार @ बिहारी मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रुप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त रणजीत कुमार @ बिहारी फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 187/2013 धारा 452/323 आईपीसी पुलिस थाना तिमारपुर, दिल्ली के अभियुक्त रणजीत कुमार @ बिहारी से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 01.02.2024 को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री अपूर्व गुप्ता
मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट-02,
केंद्रीय जिला, कमरा नंबर-26,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14776/N/2023 (Court Matter)



## उत्तर रेलवे
### ई–खुली निविदा सूचना

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक 16.01.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

क्रम सं. ए. कार्य का नाम : सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–III के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/बड़ौदा हाउस में वाणिज्यिक शाखा बड़ौदा हाउस के ग्राहक संपर्क एवं मीटिंग कॉन्फ्रेंस हॉल का नवीनीकरण एवं विस्तार कार्य हेतु।

| | |
|---|---|
| अनुमानित लागत | रुपये 5384876.54 |
| धरोहर राशि | रुपये 107700.00 |
| समापन अवधि | 06 महीने |

क्रम सं. ब. कार्य का नाम : सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–III के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/डी के जेड–II में मुख्य द्वार के साथ ग्रिल/बाड़ लगाने सहित क्षतिग्रस्त चारदीवारी की मरम्मत। रेलवे कॉलोनी डी के जेड–II में ब्लॉक नंबर 87 से 95, 104 से 126, 178 से 182, 77 से 85 पर जी–20 शिखर सम्मेलन के संबंध में अन्य विविध कार्य हेतु।

| | |
|---|---|
| अनुमानित लागत | रुपये 7499995.3 |
| धरोहर राशि | रुपये 150000.00 |
| समापन अवधि | 06 महीने |

1. निविदा दिनांक 16.01.2024 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी। पत्र संख्या :– 128–डब्ल्यू/269/निविदा सूचना/22–23/डब्ल्यू–ई/टेंडर न 38 (ए, ब) दिनांक : 21.12.2023 4024/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे
### नोटिस

'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना के तहत स्टॉल स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं:

क) स्टॉल: गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर और दिल्ली स्टेशन पर।

ख) ट्राली: शामली, परतापुर, टपरी, साहिबाबाद, तिलक ब्रिज, ओखला, असावटी, दिल्ली सफदरजंग, मंगोलपुरी, नया गाजियाबाद, मुरादनगर, विवेक विहार, दिल्ली आजादपुर, शिवाजी ब्रिज, देवबंद, शकूरबस्ती, बादली और फरीदाबाद स्टेशनों पर।

- गाजियाबाद और मुजफ्फरनगर स्टेशन पर स्टॉल स्थापित करने की अवधि प्रति चरण में 90 दिन होगी।
- उपरोक्त (ख) समूह के अंतर्गत दिए गए स्टेशनों पर ट्राली स्थापित करने की अवधि 30 दिन होगी।
- रजिस्ट्रेशन शुल्क 2,000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा और NSG 4 (साहिबाबाद), NSG 5 (बादली, मुरादनगर, शामली, ओखला, असावटी, दिल्ली सफदरजंग, मंगोलपुरी, टपरी, तिलक ब्रिज, शिवाजी ब्रिज, देवबंद, और विवेक विहार) & NSG 6 (परतापुर, नया गाजियाबाद, दिल्ली आजादपुर) स्टेशनों के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क 1,000 रु. की दर से प्रत्येक तीस दिनों की अवधि के लिए हर बार अलग से लिया जाएगा।
- प्रतिभागी के लिए पात्रता मानदंड निम्नलिखित हैं:

क) विकास आयुक्त हस्तशिल्प, विकास आयुक्त हथकरघा, या अपेक्षित राज्य/केंद्र सरकार प्राधिकरण द्वारा जारी कारीगरों/बुनकर आईडी कार्ड धारक। ख) भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राइफेड)/राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम(एनएचडीसी)/खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी)/गैर सरकारी संगठन और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के उद्यम पोर्टल पर सूक्ष्म उद्यमों के साथ पंजीकृत और सामाजिक संगठनों, राज्य सरकार के साथ निकायों आदि के साथ नामांकित/पंजीकृत व्यक्तिगत कारीगर/बुनकर/शिल्पकार। ग) पीएमईजीपी (प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम) के साथ पंजीकृत स्वयं सहायता समूह। घ) समाज के हाशिए पर या कमजोर वर्ग। ङ) किसी भी अलग प्रतीक चिन्ह की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

- आवेदक को स्टेशन अधीक्षक को एक वचन पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह संकेत दिया जाएगा कि ट्रेन संचालन, यात्री सुरक्षा और रेलवे की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालने के लिए कोई गतिविधि नहीं की जाएगी।
- आवेदक द्वारा का आवेदन इस अधिसूचना के जारी होने के बाद 26.12.2023, 15:00 बजे तक स्टेशन अधीक्षक को संबोधित व जमा किया जा सकता है व उसी दिन खोला जाएगा।
- सभी अनुमोदित प्रतिभागियों का प्राथमिकता रोस्टर बनाने के लिए एसएस और स्टेशन प्रबंधक/अनुभागीय सीएमआई और नामांकित वित्त प्रतिनिधि द्वारा सभी अनुमोदित आवेदकों की उपस्थिति में स्टेशन पर आयोजित ड्रा के माध्यम से प्राथमिकता निर्धारित की जाएगी।
- 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना रेलवे बोर्ड वाणिज्यिक परिपत्र संख्या: 12/2022 एवं 09/2023 के तहत/अधीन मान्य होगी, उपरोक्त परिपत्र वेबसाइट: www.indianrailways.gov.in & URL: https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2022/OSOP% 20Policy.pdf और https://indianrailways.gov.in/railwayboard/uploads/directorate/traffic_comm/Comm_Cir_2023/CC%20%2009%20of%202023 पर उपलब्ध है।
- इससे सम्बंधित किसी भी जानकारी के लिए आवेदक संबंधित स्टेशनों के स्टेशन अधीक्षक या सीएमआई से संपर्क कर सकता है। 4007/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे
### खुली ई–निविदा सूचना

पत्र सं. 128–डब्ल्यू/व.म.अभि./स./निविदा–8A-88-23-24–डब्ल्यू सी दिनांक 22.12.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल अभियंता/समन्वय, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए e–निविदाएं आमंत्रित की जाती है

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | तुगलकाबाद सब डीपो नम्बर 3 में 65 एमएम गेज मशीन द्वारा टूटी हुई पत्थर की गिट्टी की आपूर्ति, चट्टा लगाना तथा रेल वैगनों में लदाई. (लागत में सभी कर शामिल हैं) | रू. 3,64,81,713.25 | रू. 3,32,400/- | 10 माह | 16.01.2024 |
| 2 | शकूरबस्ती सब डीपो नम्बर 3 में 65 एमएम गेज मशीन द्वारा टूटी हुई पत्थर की गिट्टी की आपूर्ति, चट्टा लगाना तथा रेल वैगनों में लदाई. (लागत में सभी कर शामिल हैं) | रू. 3,56,53,330.96 | रू. 3,28,300/- | 10 माह | 16.01.2024 |

सूचना: निविदा रेलवे की वैबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 16.01.2024 15.00 बजे तक ही भरी जायगी। 4017/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## अंतरराष्ट्रीय पहलवान बबीता की पहल ने 400 लड़कियों के भविष्य को दी उड़ान

**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा** ग्रेटर नोएडा के सादुल्लापुर गांव में रहने वाली रेनू के परिवार ने कभी सोचा नहीं था कि उनकी बेटियां देश की राजधानी दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था को संभालेंगी। उनके घर की भी स्थिति ऐसी नहीं थी कि वह चारों लड़कियों को कहीं बाहर भेज कर तैयारी करा सकें,लेकिन उनकी बेटियों के भविष्य को उड़ान देने में अहम किरदार गांव की बेटी व अंतरराष्ट्रीय पहलवान बबीता नागर ने निभाया। बबिता नागर ने न केवल रेनू व उसकी बहन बल्कि 400 से अधिक लड़कियों के सपने को सच करने में योगदान दिया। रेनू व उसकी दो बहनें दिल्ली पुलिस में कार्यरत हैं। जबकि एक बहन आरपीएफ में देश की रक्षा कर रही है। हरियाणा, शामली के साथ ही आसपास के गांव की कई लड़कियां अपने सपनों को साकार करने के लिए ग्रामीण स्पोर्ट्स एजुकेशनल सोसायटी में सुबह पांच बजे पसीना बहाने के लिए पहुंच जाती हैं।

## दो शख्स ने बाइक सवार युवक को पहले कहा नमस्ते, फिर मारा चाकू

**गाजियाबाद।** जिले के क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में बृहस्पतिवार देर रात बाइक पर दोस्त के साथ घर जा रहे युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया। युवक को चाकू मारने वाला उसका परिचित है। दोनों में कुछ समय पहले किसी बात पर विवाद हुआ था। बृहस्पतिवार देर रात दोनों ने आपस में एक दूसरे को नमस्ते किया। फिर आरोपित ने चाकू मार दिया। पुलिस ने मामले में दो आरोपित गिरफ्तार किए हैं। बहरामपुर में रहने वाले राजा ग्रेटर नोएडा वेस्ट में मिस्त्री का काम करते हैं। बृहस्पतिवार देर रात वह अपने दोस्त सचिन के साथ चार मूर्ति की तरफ से घर जा रहे थे। मुखिया फार्म हाउस के पास उन्हें रिंकू पुत्र इंदर और अरुण पुत्र अशोक मिले। राजा को रोक दोनों ने नमस्ते किया फिर चाकू से हमला कर दिया। हमले में घायल राजा जमीन पर गिर गए इसी बीच आरोपित फरार हो गए।


## पूर्वोत्तर रेलवे
### ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य के लिये ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, यांत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है:–

**निविदा सूचना संख्या:** EL-MWS-GKP-2023-24-17, कार्य का विवरण: कम्प्रेहेन्सिव मेंटेनेन्स कान्ट्रैक्ट फार पी.ओ.एच. शिड्यूल आफ आर.एम.पी.यू. आफ एल.एच.बी. ए.सी. कोचेज एंड मैकेनिकल वर्कशाप गोरखपुर। अनुमानित लागत ₹ 11,40,19,534.37, बयाने की राशि ₹ 7,20,100/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ 0.00, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से 24 महीना।

- आन लाइन ई–निविदा जमा करने की तिथि 12-01-2024 समय 11:00 बजे तक। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/(कार.)
गुजावि/विद्युत–235 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



## गुमशुदा महिला की तलाश


स्वाति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह महिला जिसका नाम स्वाति पुत्री सुधीर ठौर निवासी मकान नं. 2094, गली नं. 17, प्रेम नगर, शादीपुर, नई दिल्ली उम्र : 21 साल, कद: करीब 4'6", चेहरा: लम्बोतरा, रंग : गोरा, शरीर: पतला, जिसने सफेद रंग का स्वेटर, भूरे रंग की जैकेट और नीले रंग की जीन्स पहने हुए है, दिनांक 19.12.2023 से रजौरी गार्डन लाल बत्ती, नजदीक रजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन, नई दिल्ली से लापता है। इस संदर्भ में डीडी सं. 92–ए दिनांक 20.12.2023 थाना रजौरी गार्डन, नई दिल्ली में दर्ज है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

ई–मेल: cic@cbi.gov.in
वेबसाईट: http://cbi.nic.in
फैक्स: 24368639,
दूरभाष: 24368638/24368641

थानाध्यक्ष : थाना रजौरी गार्डन, नई दिल्ली; दूरभाष सं.: 011-25446885, 25453990, 08750871127

DP/14760/WD/23



## उत्तर रेलवे
### खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/गति शक्ति दिल्ली मंडल उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए इ–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | N.I.T. No. | CPM-GSU-DLI-NIT-16-23-24 |
| 2. | कार्य का नाम | मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति इकाई, दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे के अधिकार क्षेत्र में अमृत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों के विभिन्न निर्माण स्थलों पर पर्यवेक्षण सेवाएं प्रदान करने और अन्य कार्यों के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी की नियुक्ति हेतु। |
| 3. | अनुमानित लागत | रु. 3,03,78,557.25/- |
| 4. | धरोहर राशि | रु. 3,01,900.00/- |
| 5. | समापन अवधि | 15 महीने |
| 6. | ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय | 16.01.2024 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 16.01.2024 को 15.00 बजे |
| 7. | निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

पत्र संख्या:– CPM-GSU-DLI-NIT-16-23-24 दिनांक : 22.12.2023 4005/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे
### निविदा सूचना
GEM के माध्यम से निविदा आमंत्रण

| | |
|---|---|
| एनआईटी | 08/23-24 दिनांक 22.12.2023 GEM Bid No. GEM/2023/B/4382145 |
| काम का नाम (स्थान के साथ) | सेवाओं के लिए कस्टम बोली ADENNRCH की सहत SSEWNRCH के अनुबंध में 35 महीने के लिए उत्तर रेलवे सेंट्रल अस्पताल में रहने योग्य वातावरण प्रदान करने के लिए रखरखाव गतिविधियों के लिए कर्मचारियों की आउटसोर्सिंग। |
| काम की अनुमानित लागत (रुपये) | रुपये 32725464.60 |
| अग्रिम राशि (रुपये) | रुपये 3,13,700 |
| काम की समाप्ति अवधि | 2 Years 11 Months |
| निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए दिनांक और समय | 15.01.2024 को 11.00 बजे तक तथा 15.01.2024 को 11.30 बजे निविदा खोलना |
| वेबसाइट के विवरण का नोटिस बोर्ड स्थान निविदा का पूरा विवरण देखा जा सकता है | यह निविदा आईआरईपीएस वेबसाइट अर्थात www.gem.gov.in पर उपलब्ध है। |

No. 128-W/269/OET/22-23/NRCH/NIT 08
GEM Bid No. GEM/2023/B/4382145
Dated: 22.12.2023 4023/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## उत्तर रेलवे

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक कार्यालय
प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली–110 001
Mail ID : salenr365@gmail.com

### नीलामी सूचना सं. – फरवरी–2024

संख्या: 117–एस/सेल/ऑक्शन प्रोग्राम/2023–24 दिनांक : 21.12.2023

रद्द लोहा, अलोह, अन्य विविध स्क्रैप, कण्डम लोको कोचेज तथा वैगन्स, स्क्रैप रेल एवं अन्य रेल पथ सामग्री के निस्तारण हेतु ई–नीलामी की जायेगी। लैड एसिड बैटरीज/यूज्ड ऑयल/ रिकूपर्ड ऑयल केवल उन्हीं सम्भावितकर्ताओं को बिक्री किया जायेगा जो कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधीन पंजीकृत होंगे।

फरवरी 2024 की ई–नीलामी

| क्र. सं. | नीलामी करने वाला डिपो | समय | प्रथम चरण | द्वितीय चरण | तृतीय चरण | चतुर्थ चरण | पंचम चरण | षष्ठ चरण | सप्त चरण | अष्ठ चरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आलमबाग/लखनऊ 0522-2451267 | 10.00 | 3 | 5 | 10 | 12 | 17 | 22 | 26 | 29 |
| 2 | शकूरबस्ती 011-27015387 | 10.00 | 3 | 6 | 10 | 13 | 17 | 21 | 27 | 29 |
| 3 | जगाधरी 01732-252388 | 10.00 | 3 | 6 | 10 | 13 | 17 | 20 | 27 | 29 |
| 4 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/लखनऊ 0522-2234756 | 10.00 | 2 | 6 | 8 | 13 | 16 | 20 | 27 | 29 |
| 5 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/फिरोजपुर 01632-244154 | 11.00 | 2 | 7 | 9 | 14 | 19 | 23 | 28 | 29 |
| 6 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/अम्बाला 0171-2611203 | 11.00 | 2 | 5 | 8 | 12 | 16 | 21 | 26 | 29 |
| 7 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/मुरादाबाद 0591-2413141 | 10.00 | 2 | 7 | 9 | 14 | 19 | 23 | 28 | 29 |
| 8 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/दिल्ली 011-23365311 | 11.00 | 2 | 5 | 8 | 12 | 16 | 22 | 26 | 29 |

नोट : नीलामी में बेचे जाने वाले सामग्री का विवरण www.ireps.gov.in पर दिये कैटलॉग पर उपलब्ध होंगे। 1. इच्छुक खरीददार उपरोक्त वर्णित सामग्री को नीलामी के पूर्व नामित स्थान पर कार्य दिवस में देख सकते हैं। 2. पूर्व नीलामी में बेचे गये सामग्री का विवरण www.nr.railnet.gov.in पर उपलब्ध है। 3. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए क्रेता को ireps पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। ई–नीलामी की विस्तृत जानकारी, रजिस्ट्रेशन एवं अन्य नियम व शर्तों के लिए कृपया रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

(अनिल कुमार राय)
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एस एवं पी

4012/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें। फोन : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। रूद्राश 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राइवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें। फोन : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया**, दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

मैं सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मैं या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

मैं महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

मैं सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयाशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरा या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेंगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कहीं खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करें।

# नकली दवाओं की रिपोर्ट पर सीबीआई जांच के आदेश

## केजरीवाल सरकार की फिर बढ़ी मुश्किलें: एलजी ने दिए एक और जांच के आदेश, नकली दवाएं खरीदने का है आरोप

**मुश्किलें बढ़ी**

दिल्ली सरकार के अस्पतालों में नकली दवाओं की सतर्कता रिपोर्ट पर सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार की एक बार फिर मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को चिट्ठी लिखी है। दिल्ली सरकार के अस्पतालों में नकली दवाओं की सतर्कता रिपोर्ट पर सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली सरकार पर कथित शराब घोटाला मामले के आरोप लगे थे। जिसमें जांच चल रही है। वहीं अभी भाजपा दिल्ली सरकार पर जल बोर्ड में घोटाले के भी आरोप लगा रही है। बीते दिनों भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने प्रेस वार्ता के दौरान एक और बड़े घोटाले का दावा किया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि वहीं, दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना के अलावा सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इंवेस्टिगेशन (सीबीआई) को पत्र लिखकर जांच की मांग की थी।

**दिल्ली के अस्पतालों और मोहल्ला क्लिनिक में मिल रही नकली दवा:** दिल्ली बीजेपी ने केजरीवाल सरकार पर दवा घोटाले का आरोप लगाया है। दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि सतर्कता विभाग की जांच में यह बात सामने आई है कि दिल्ली सरकार के अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिक में मरीजों को नकली दवा दी जा रही है। दिल्ली सरकार और स्वास्थ्य मंत्री लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। मुख्यमंत्री अविलंब स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज को उनके पद से हटाएं। इसके लिए भाजपा आंदोलन करेगी। उपराज्यपाल ने इसकी जांच के निर्देश दिए हैं। प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि लोगों की शिकायत के बाद हुई जांच में अस्पतालों में आपूर्ति की जाने वाली पांच कंपनियों के दवाइयों के नमूने मानक के अनुरूप नहीं मिले हैं। हृदय रोग से संबंधित मरीज को भी घटिया दवा दी जा रही है। यह सरकार मानवता की दुश्मन है।

**कागज पर लिखकर सौरभ को पद से हटाएं:** सचदेवा ने कहा कि यह सरकार प्रत्येक काम में भ्रष्टाचार कर रही है। आबकारी घोटाला, जल बोर्ड घोटाला, डीटीसी बस खरीद घोटाला, पैनिक बटन घोटाला, मुख्यमंत्री आवास घोटाला और अब मरीजों के जीवन के साथ खिलवाड़ करने वाला घोटाला। मुख्यमंत्री विपश्यना में बोल नहीं सकते हैं तो कागज पर लिखकर सौरभ भारद्वाज को मंत्री पद से हटाएं।

**नकली दवा का व्यापार कराते हैं केजरीवाल:** वहीं सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि दिल्ली सरकार के भ्रष्टाचार से संबंधित मामले सामने आने से स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लोगों को शराब पीने के लिए प्रेरित करते हैं। वह कानून का पालन नहीं करते हैं। नकली दवा का व्यापार कराते हैं। आम आदमी पार्टी कम समय में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार करने का रिकार्ड बना रही है। भ्रष्टाचार के आरोपित आम आदमी पार्टी के नेताओं को अदालत से जमानत नहीं मिल रही है।

### केजरीवाल ईडी के सामने पेश नहीं हो रहे: मनोज तिवारी

बीजेपी सांसद ने कहा कि केजरीवाल पहले कहते थे कि सीबीआई और ईडी के समन का सम्मान नहीं करने की खबरों से उनका सिर शर्म से झुक जाता है। वह कहते थे कि भ्रष्टाचार का आरोप लगते ही आरोपित को पद छोड़ देना चाहिए। आज वह स्वयं ईडी के सामने पेश नहीं हो रहे हैं। ईडी से तीन समन उन्हें मिल चुका है। नकली दवा का व्यापार कराते हैं। आम आदमी पार्टी कम समय में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार करने का रिकार्ड बना रही है। भ्रष्टाचार के आरोपित आम आदमी पार्टी के नेताओं को अदालत से जमानत नहीं मिल रही है।

## कंकाल उप्र पुलिस की सब-इंस्पेक्टर मोनिका का ही, डीएनए की रिपोर्ट से हुआ

**खुलासा**

जॉब मिलने के बाद उन्होंने दिल्ली पुलिस की नौकरी छोड़ दी थी। उसके बाद वह यूपीएससी की तैयारी कर रही थीं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।**
उत्तरी जिले के बुराड़ी थाना इलाके के नाले से बरामद किया गया कंकाल उप्र पुलिस की महिला सब इंस्पेक्टर मोनिका यादव का निकला है। मोनिका पहले दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थीं। उप्र पुलिस में सब इंस्पेक्टर की जॉब मिलने के बाद उन्होंने दिल्ली पुलिस की नौकरी छोड़ दी थी। उसके बाद वह यूपीएससी की तैयारी कर रही थीं। अपराध शाखा को मिली डीएनए प्रोफाइलिंग की रिपोर्ट से यह साफ हुआ है कि बरामद कंकाल मोनिका यादव का ही था, जिसके डीएनए का मिलान उनकी मां से हो गया। दिल्ली पुलिस ने लोधी कॉलोनी स्थित सेंट्रल इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो की स्पेशल फोरेंसिक लैब (सीएफएसएल) से मोनिका यादव के कंकाल की डीएनए जांच कराई गई थी। पुलिस ने सैंपल के लिए मोनिका यादव की मां का डीएनए भेजा था। पुलिस के अनुसार मोनिका यादव की मां का डीएनए सैंपल मिलान के लिए विशेष तरह का डीएनए जांच माइटोकॉन्ड्रिया कराया गया था। पुलिस को दो दिन पहले रिपोर्ट मिल गई है। पुलिस ने इस मामले में गिरफ्तार आरोपित सुरेंद्र सिंह राणा और उसके साले की आवाज के सैंपल भी ले लिए हैं। पुलिस मोनिका के जीजा के भी आवाज का सैंपल लेगी, क्योंकि आरोपित सुरेंद्र सिंह राणा ने मोनिका के जीजा से भी बात की थी। उल्लेखनीय है की दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल रहीं और उप्र पुलिस की सब इंस्पेक्टर मोनिका यादव की दिल्ली पुलिस में तैनात रहे उनके सहयोगी सुरेंद्र सिंह राणा ने दो साल पहले हत्या कर दी थी।

## न्यूज फ्लैश

### एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर वकीलों का जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

नई दिल्ली: विभिन्न वकील संगठनों ने एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग को लेकर शनिवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस मौके पर दिल्ली की विभिन्न अदालतों के साथ-साथ उत्तर प्रदेश और राजस्थान से भी कई वकील पहुंचे थे। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट की मांग करने वाले वकीलों के संगठनों में ऑल इंडिया लायर्स यूनियन, दिल्ली स्टेट, पश्चिमांचल अधिवक्ता मंच, ऑल इंडिया एससी-एसटी एडवोकेट्स वेलफेयर आर्गनाइजेशन, मिशन एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट, कानून राज पार्टी, न्यास सेवा दल और दूसरे वकील संगठन शामिल हैं। इस मौके पर आयोजित सभा में वकीलों ने दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे देश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की। ऑल इंडिया लायर्स यूनियन की ओर से दिल्ली स्टेट के सचिव सुनील कुमार ने कहा कि कई राज्यों में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर आवाज उठाई जा रही है। राजस्थान में इसी साल एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया गया है। केरल में नए वकीलों के लिए स्टाइपेंड की व्यवस्था है। केरल में वकीलों को बीमारी होने की स्थिति में उन्हें मदद दी जाती है। दिल्ली बार काउंसिल के पूर्व नेता केसी मित्तल ने कहा कि उन्होंने दिल्ली सरकार को एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट का प्रारूप दिया था, लेकिन उस पर विचार ही नहीं किया गया। जंतर-मंतर पर हुई सभा में कड़कड़डूमा कोर्ट के शाहदरा बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद नागर इत्यादि कई वकीलों ने संबोधित किया। एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की मांग करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट में भी एक याचिका दायर की गई है। हाई कोर्ट ने इस याचिका पर केंद्र और दिल्ली सरकार को नोटिस जारी किया है। याचिका में कहा गया है कि दिल्ली की विभिन्न जिला अदालतों में हिंसा की घटनाओं में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। याचिका में पिछले दिनों द्वारका में वकील वीरेंद्र कुमार नरवाल की हत्या का जिक्र किया गया है। याचिका में 2021 में हाई कोर्ट की ओर से अदालतों की सुरक्षा को लेकर स्वतः संज्ञान लेने का भी जिक्र किया गया है।

### दिल्ली में प्रदूषण के स्तर में बढ़ोतरी, एक्यूआई 450 के पार

नई दिल्ली: दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के स्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। शनिवार को शाम तक समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 450 के पार चला गया है। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए शनिवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की उप समिति ने समीक्षा बैठक की और हालात का जायजा लिया। आयोग के मुताबिक शांत हवा की स्थिति के साथ प्रतिकूल मौसम के कारण दिल्ली के समग्र एक्यूआई में वृद्धि देखी गई, आज एक्यूआई 450 के आसपास रही। आयोग की उप-समिति ने मौसम विभाग और आईआईटीएम द्वारा उपलब्ध मौसम संबंधी स्थितियों और वायु गुणवत्ता सूचकांक के पूर्वानुमानों के साथ-साथ वायु गुणवत्ता परिदृश्य का जायजा लिया। उप-समिति ने शुक्रवार को व्यापक समीक्षा करते हुए ग्रैप के चरण-3 की पाबंदियां लागू कर दी थीं। आयोग के मुताबिक पूर्वानुमान के अनुसार देर शाम तक दिल्ली के औसत एक्यूआई में धीरे-धीरे सुधार का संकेत है। इसलिए, उप-समिति ने ग्रैप चरण चार के तहत अधिक कठोर विघटनकारी कार्रवाइयों को लागू करने से पहले अगले कुछ दिनों तक निगरानी रखने का फैसला लिया है।

### ट्रेन की चपेट में आने से सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी की मौत

नई दिल्ली: दिल्ली कैंट इलाके में बुधवार सुबह 1974 बैच के एक आईपीएस अधिकारी (सेवानिवृत्त) की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना बरार स्क्वायर के पास रेलवे ट्रैक की है। घटना के वक्त वह रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। मृतक की पहचान 75 वर्षीय मोहन दास मेनन के रूप में हुई है। फिलहाल दिल्ली कैंट रेलवे थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक मोहन दास मेनन पंचशील पार्क में रहते थे। बुधवार को वह दिल्ली छावनी में किसी के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। उनके साथ उनका ड्राइवर भी था। फाटक बंद होने पर उन्होंने ड्राइवर को कार में छोड़ा और खुद ही पैदल रेलवे ट्रैक पार करने के लिए चले गए। इसी बीच वह मालगाड़ी की चपेट में आ गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मोहन दास उत्तर प्रदेश कैडर के आईपीएस थे, जिन्होंने अपनी सेवा के दौरान रॉ और आईबी में भी काम किया था।

## शहर भर में चमकेंगी पीडब्ल्यूडी की सड़कें

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस की तैयारियों के मद्देनजर केजरीवाल सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। गणतंत्र दिवस की भव्यता को और बढ़ाने के लिए, केजरीवाल दिल्ली में पीडब्ल्यूडी के अन्तर्गत आने वाली सभी सड़कों को चमकाने का काम करेगी। इस बाबत पीडब्ल्यूडी मंत्री ने विभाग को निर्देश दिए हैं कि युद्धस्तर पर शहर में पीडब्ल्यूडी के अन्तर्गत आने वाली सभी सड़कों का मेंटेनेंस किया जाए। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने विभाग को निर्देश देते हुए कहा है कि गणतंत्र दिवस देश के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण दिन है। यह देश के सभी नागरिकों के लिए गर्व का दिन है। ऐसे में यह सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण है कि दिल्ली के निवासी अपने शहर पर गर्व महसूस करें।

## कोरोना: 'घबराने की जरूरत नहीं, सतर्क रहने की आवश्यकता'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देश में कोविड 19 के नए सब-वेरिएंट जेएन.1 के मामलों में वृद्धि के बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के डॉक्टरों ने लोगों को घबराने की नहीं बल्कि सतर्क रहने की सलाह दी है। एम्स में डॉक्टर नीरज निश्चल ने कहा कि देश के कई राज्यों में लोग COVID-JN.1 के नए सब-वेरिएंट से संक्रमित हो रहे हैं। मरीजों में इसके लक्षण हल्के हैं। इसलिए घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि सतर्क रहने की आवश्यकता है। एम्स दिल्ली में मेडिसिन विभाग में प्रोफेसर डॉ. निश्चल ने कहा कि हम कहते रहे हैं कि इस प्रकार की लहरें आती रहेंगी। यहां तक कि पहले और दूसरी लहर के दौरान भी हमने भविष्यवाणी की थी कि इस वायरस के और अधिक बदलते




स्वरूप हमारे सामने आएगा। यह ऐसा चरण होगा जहां यह अधिक संक्रामक हो जाएगा। इसमें मृत्यु दर या संक्रमित होने का रेट कम होगा।

**डेल्टा वेरिएंट जितना खतरनाक नहीं:** डॉ. निश्चल ने कहा कि आप यह कह सकते हैं कि मनुष्यों और इस वायरस के बीच की लड़ाई है जो दोनों जीवित रहने की कोशिश भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोग इस सब वेरिएंट से संक्रमित तो हो रहे हैं लेकिन यह पहले के डेल्टा वेरिएंट जितना खतरा पैदा नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हम इस वायरस के बारे में अधिक जागरूक हैं और हम जानते हैं कि इससे कैसे निपटना है। इसलिए यदि आप मामलों को बढ़ोतरी देख रहे हैं तो यह दर्शाता है कि हमारी निगरानी प्रणाली सही जगह पर है।

**सब-वेरिएंट**

मरीजों में इसके लक्षण हल्के हैं। इसलिए घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि सतर्क रहने की आवश्यकता है

**'नया सब-वेरिएंट ओमीक्रॉन से बहुत अलग नहीं':** उन्होंने कहा कि जो नया संस्करण हमारे सामने आया है, इससे घबराने की जरूरत नहीं है। सामने आ रहे केसेस यह दिखाता है कि हम अब कितनी अच्छी तरह तैयार हैं और मुझे लगता है कि हम इसे अच्छे तरीके से संभालने में सक्षम हैं। डॉ. नीरज ने आगे कहा कि जो डेटा हमारे सामने आ रहा है, उससे पता चलता है कि नया सब-वेरिएंट ओमीक्रॉन से बहुत अलग नहीं है। हम देख रहे हैं कि क्या वायरस खांसी, सर्दी, छींकने, बुखार और शरीर में दर्द जैसे समान प्रकार के लक्षण पैदा कर रहा है या नहीं।

**'सब-वेरिएंट पर हम निगरानी रखे हुए हैं':** डॉक्टर ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम इस बात की जांच कर रही है कि क्या सब-वेरिएंट फेफड़ों को गंभीर नुकसान पहुंचा रहा है क्या इसके लिए ऑक्सीजन की आवश्यकता हो रही है या क्या इससे पीड़ित मरीज को अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता है उन्होंने कहा कि देश में कुछ ऐसे इलाके हैं, जहां इसके मामले देखे जा रहे हैं, लेकिन इसे पूरे देश के लिए नहीं कह सकते हैं। यह अच्छी बात है कि हमारे पास एक बेहतर निगरानी प्रणाली है और हम इस बीमारी को रोक सकते हैं।

## भ्रष्टाचार की जांच में दोहरा रवैया अपना रही केंद्र सरकार'

**तीखी प्रतिक्रिया**

उप राज्यपाल द्वारा सीबीआई जांच के आदेश दिए जाने के मामले में राज्य सरकार ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जिला** स्तरीय गीता महोत्सव के दौरान डॉ.मंगलसेन परिसर में 23 दिसम्बर शनिवार को प्रात: 11 बजकर 45 मिनट पर जिला के विभिन्न स्कूलों के करीब 600 बच्चों सहित हिंदी व संस्कृत के अध्यापकों ने श्लोकोच्चारण कर माहौल को गीतामय बना दिया और कुरूक्षेत्र से लाईव प्रसारित श्लोकोच्चारण को सुना।

इस कार्यक्रम इन्द्री के विधायक रामकुमार कश्यप, नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर, एडीसी डॉ वैशाली शर्मा, सीटीएम अमन कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, सिनियर डिप्टी मेयर राजेश अग्गी, भाजपा नेता राज सिंह, कर्मबीर कल्याण, राजेन्द्र सिरसी सहित काफी संख्या में सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के लोग मौजूद रहे।

श्लोकोच्चारण के बाद इन्द्री के विधायक रामकुमार कश्यप, नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गोंदर ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनको बधाई दी।

## आम आदमी पार्टी बनेगी मोदी सरकार के पतन का माध्यम : सुनील बिंदल

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**

**आम आदमी** पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुनील बिंदल ने कहा है कि भाजपा की मोदी सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल हैं। भाजपा को सत्ता से बाहर करने में आम आदमी पार्टी बड़ी भूमिका निभा सकती है। इसके कारण भाजपा की सरकार आम आदमी पार्टी के नेताओं को जेल में डाल रही हैं। उन्होंने कहा कि आप के कार्यकर्ता सरकार के जुल्मों से डरने वाले नहीं हैं। आम आदमी पार्टी की पंजाब और दिल्ली सरकार ने विकास का नया माडल प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि जब अमरीका में बैलेट से चुनाव हो सकते हैं तो भारत में क्यों नहीं?

## स्कूली बच्चों को पुरस्कार व प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। जिला स्तरीय** गीता महोत्सव में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को अतिरिक्त उपायुक्त डॉ वैशाली शर्मा ने पुरस्कार व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। उनके साथ सीटीएम अमन कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की इंचार्ज ईशा सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

सम्मानित होने वाले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंगलपुर करनाल, पार्थ पब्लिक स्कूल घरौंडा, डीएवी पुलिस



पब्लिक स्कूल करनाल, जीजीएसएसएस प्रेम नगर, जीजीएमएसएसएसएस रेलवे रोड करनाल, ओपीएस विद्या मंदिर करनाल की सांस्कृतिक टीम शामिल रही। इसके अलावा शखेकाउच्चारण व रंगोली में भाग लेने वाले बच्चों द्वारा को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को भी प्रशासन की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## 'नौ साल में सरकार ने हर वर्ग को लाभ देने के लिए योजनाएं की तैयार'

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। भाजपा जिला** अध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने शनिवार को मूनक ब्लॉक के गांव शेखपुरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद में बतौर मुख्यातिथि बोलते हुए कहा कि संकल्प विकसित यात्रा के तहत पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही इसका मुख्य उद्देश्य है। यात्रा के तहत सरकारी अधिकारी व कर्मचारी द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों की समस्या का हल करने का प्रयास किया जाता है। अगर किसी कारण से कोई काम नहीं हो सकता, उसकी जानकारी भी लोगों को दी जाती है।



उन्होंने कहा कि अगर देश व प्रदेश में विकास हुआ है तो वह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण विश्व में पूरे देश की साख बढ़ी है। केंद्र व प्रदेश सरकार के नौ साल के कार्यकाल में सरकार ने हर वर्ग को लाभ देने के लिए योजनाएं तैयार की है।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे असंध के पूर्व विधायक सरदार बख्शीश सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा वह मिशन है जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुरू किया है इसमें हर व्यक्ति के लिए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का खजाना है। अधिकारी लोगों को योजनाओं के प्रति जागरूक करने को लेकर लगातार उनके सहयोगी साबित हो रहे हैं। कार्यक्रमों में उमड़ा जन सैलाब संकेत देता है कि प्रदेश में बदलाव आया है। उन्होंने वर्ष 2047 में देश को विकसित करने की संकल्प शपथ भी दिलाई।

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने अनुभव भी सांझा किए। इस अवसर पर बीडीपीओ प्रशांत कुमार, गांव की सरपंच रुपिंदर कौर, सरपंच प्रतिनिधि गुरजीत सिंह व बल्ला मंडल अध्यक्ष अमित राणा सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## युवा राष्ट्र के विकास के आधार हैं: सुमिता सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा**

**पूर्व विधायक** सुमिता सिंह के निवास स्थान पर उनके नेतृत्व में भारी संख्या में नौजवान साथियों ने कांग्रेस में आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इनमें विक्की, रवि, गौरव, चाहत, अर्पण, हरीश, अमित और भारी संख्या में युवा शामिल रहे। नए सदस्यों को कांग्रेस का पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। सुमिता सिंह ने कहा कि कांग्रेस का परिवार निरंतर बढ़ रहा है और विश्वास दिलाया कि उनको पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। इस मौके पर युवाओं ने भविष्य में रोजगार संबधित व महंगी होती शिक्षा पर चिंता जाहिर की गई।

उन्होंने कहा कि युवा राष्ट्र के विकास के आधार हैं। वे राष्ट्र के सबसे ऊजार्वान भाग हैं और इसलिए उनसे बहुत उम्मीदें हैं। सही मानसिकता और क्षमता के साथ युवा राष्ट्र के विकास में योगदान कर सकते हैं और इसे आगे बढ़ा सकते हैं। युवा ऊर्जा से भरी नदी की तरह है, जिसके प्रवाह को एक सही दिशा की आवश्यकता है।

सुमिता सिंह ने बताया कि आज की युवा पीढ़ी कांग्रेस की तरफ  आशाभरी नजरों से देख रही है। उनको अपना भविष्य कांग्रेस में सुरक्षित दिख रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा को भाजपा सरकार ने बेरोजगारी, अपराध, महंगाई, नशे और विनाश में नंबर वन बना दिया है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे धैर्य रखें। प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने पर बेरोजगारी दूर करना पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के आने पर बेरोजगारी व महंगी शिक्षा संबधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## गरीबों का दर्द समझते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी: हरविंद्र कल्याण

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा**

**विधायक हरविंद्र** कल्याण ने कहा है कि नरेंद्र मोदी गरीब परिवार से उठकर प्रधानमंत्री पद तक पहुंचे हैं। वे गरीबों का दर्द भली भांति समझते हैं। इसीलिए 2014 में प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद गरीबों के कल्याण के लिए कई योजनाओं की घोषणा की। हरियाणा की धरती से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा दिया। परिणामस्वरूप प्रदेश में लिंगानुपात में अपेक्षित सुधार हुआ। प्रधानमंत्री के स्वच्छता के नारे की बदौलत लोगों में सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ी है। आयुष्मान कार्ड



धारकों को साल में 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा खोखले नारे नहीं देती वह समाज सेवा के लिए काम करती है।

हरविंद्र कल्याण आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के गांव ऊंचा समाना पहुंचने पर आयोजित कार्यक्रम में बताओ मुख्य अतिथि बोल रहे थे। गांव की सरपंच पूनम ने विधायक का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के लिए लगाए गए स्टॉल्स का अवलोकन किया। ग्रामीणों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया। इसके अलावा हरियाणा के विकास पर बनाई गई लघु फिल्म प्रदर्शित की गई। भाजपा नेता खेमपाल गोस्वामी ने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई।

विधायक ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मकसद है कि बुजुर्गों, किसानों, दिव्यांगों और गरीबों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि व्यवस्था, एक दिन में नहीं बनती। इन्हें बनाने में सालों लगते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व्यवस्थाओं को मजबूत करने में लगे हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से हर परिवार की पहचान करने का काम किया है। पीपीपी का 95 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। छोटी-मोटी कमियों को आने वाले समय में दूर कर लिया जाएगा।

श्री कल्याण ने कहा कि परिवार पहचान पत्र बनने से घरौंडा हलके में 27 हजार और प्रदेश में 19 लाख नए बीपीएल कार्ड बने हैं। इस अवसर पर सरोज, अनिल, रजत, अरविंद राणा, निर्मला देवी, गैंदी देवी और मूर्ति के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। आज कार्यक्रम के दौरान दर्शन कुमार,ईशम सिंह, सुनीता, कमलेश, दीपक, सोनू और शैलेश की पेंशन बनाई गई। इस अवसर पर रानो देवी, किरण बाला, नेहा, शालो देवी, ओमपति, कविता, नीलम, जोगेन्द्रो और निर्मल को उज्वला योजना के तहत मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन दिए गए।

## गीता का ज्ञान सभी प्राणी मात्र के लिए उपयोगी : रेनू बाला

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा।**

**डॉ.मंगल सेन** सभागार में शनिवार को जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दूसरे दिन बतौर मुख्यतिथि करनाल नगर निगम की मेयर रेनू बाला गुप्ता ने शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, नीलोखेड़ी के विधायक धर्मपाल गौंदर और मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर सर्वप्रथम श्रीमद्भगवद्गीता की प्रतिलिपि पर पुष्प अर्पित किए और इसके पश्चात अलग-अलग विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए करनाल



नगर निगम मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता का ज्ञान केवल भारतवासियों के लिए नहीं, बल्कि सभी प्राणी मात्र के लिए उपयोगी है। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया और कहा कि मुख्यमंत्री जी ने राजनीति में व्यवस्था परिवर्तन का कार्य किया है। उन्होंने प्रदेश में विकास के साथ-साथ अपनी संस्कृति और अपनी धरोहर को संभाला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों की वजह से आज गीता जयंती का आयोजन जिलास्तर पर देखने को मिल रहा है।

**स्वामी ज्ञानानंद के प्रयासों से गीता ज्ञान पूरे विश्व में गूंजायमानः मेयर**

मेयर रेनू बाला गुप्ता ने स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज का धन्यवाद किया, उन्हीं के प्रयासों से गीता ज्ञान पूरे विश्व में गूंजायमान है। आज हर शहर में, गांव में, कस्बे में और पूरे विश्व में गीता का संदेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम 5160 साल बाद भी गीता को याद कर रहे हैं, मैं उन संत-महात्माओं को प्रणाम करती हूं, जिन्होंने इस यात्रा को यहां तक पहुंचाया है। हम सभी को संत महापुरुषों की वाणी को आत्मसात करना चाहिए। गीता जी को हम मन में धारण कर लें तो जीवन की सारी जंग जीत जाते हैं।

**गीता हमें देती है अच्छा कर्म करने का संदेश : धर्मपाल गोंदर**

नीलोखेडी के विधायक धर्मपाल गोंदर ने कहा कि गीता हमें यही संदेश देती है कि हम बुराई का साथ न दें और बुराई के साथ लडे। हम अच्छा कर्म करेंगे तो हमें अच्छा मिलेगा और बुरा करेंगे तो बुरा मिलेगा। हमें अच्छा कर्म करना चाहिए। हमें अपने बड़े बुजुर्गों की सेवा करनी चाहिए। हमें अपने बच्चों को अच्छे संस्कार देने चाहिए, ताकि हम समाज में बेहतर कार्य करें। विधायक धर्मपाल गोंदर ने कहा कि हमारे जीवन में शिक्षा ऐसा धन है, जिसे कोई नहीं बांट सकता। बच्चे देश का भविष्य हैं, अपने देश को सुदृढ़ बनाने के लिए हमें अपने शिक्षकों व माता.पिता का सम्मान करना चाहिए। इस आधुनिक दौर में जहां युवा पीढ़ी पर पाश्चात्य संस्कृति का प्रभाव पड़ रहा है, वहीं आज पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को आमजन तक पहुंचाने का कर्तव्य निभाने का प्रयास प्रत्येक मानव को करना चाहिए।

## दो दिवसीय जापानी पैनल थियेटर वर्कशॉप का हुआ विधिवत समापन

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार शर्मा। दो** दिवसीय जापानी पैनल थियेटर वर्कशॉप का आज विधिवत समापन किया गया व इसमें भाग लेने वाली सभी अध्यापिकाओं को विशेष प्रशस्ति व प्रतिभागिता सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस द्वारा आयोजित इस पैनल थियेटर वर्कशॉप में करनाल के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों को इस जापानी शिक्षा पद्धति की जानकारी दी गई व इसकी बारीकियों को समझाया गया। शिक्षा को दोतरफा संचार के रूप में मजेदार ढंग से सिखाने वाली इस प्रसिद्ध जापानी तकनीक को सीखने वाले सभी अध्यापकों के आज 6 ग्रुप बनाये गये व हर ग्रुप को किसी न किसी विषय पर कहानी बनाकर पात्रों के माध्यम से पैनल बोर्ड पर प्रस्तुत करने के लिए कहा गया।

इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ परफेक्ट आर्ट्स की अध्यक्षा इतिसुकों फूजीमोतो नंदी, जापानी पैनल थियेटर तकनीक विशेषज्ञ मसायो तनाका व उनके सहयोगियों मियूकी तनाका व मिडोरी योकोयामा ने जापान से लाये गये विशेष पी पेपर से कहानी के पात्र बनाने व उनमे रंग भरने की कला सिखाई व साथ ही यह बताया कि कैसे हम बच्चों को भारी भरकम लगने वाले किसी भी विषय को एक नाटक के रूप में पैनल बोर्ड की मदद से म्यूजिक के साथ समझा सकते हैं।

बच्चों को रट्टू तोता बनने से बचाने वाली जापानी शिक्षा तकनीक पैनल थियेटर की दो दिवसीय कार्यशाला में आज जापान से आये दल ने सभी प्रतिभागियों द्वारा तन्मयता व मेहनत से इस तकनीक के हर पहलू को सीखने व समझने के लिए उनका धन्यवाद किया।

संपादकीय

# भगवत गीता कोरा ग्रंथ, शास्त्र ही नहीं, जीवन-दर्शन है

**श्रीमद्** भगवद गीता या गीता, कुरुक्षेत्र में महाभारत युद्ध की शुरूआत से पहले भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन के बीच होने वाला संवाद है। मान्यता के अनुसार, जिस दिन श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था, उस दिन को ही गीता की जन्मतिथि मानते हुए गीता जयंती मनाई जाती है। प्रत्येक वर्ष मार्गशीर्ष महीने की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को गीता जयंती का पर्व मनाया जाता है। गीता कई सदियों पुराना ग्रंथ है, इसके हर शब्द में निहित तर्क, ज्ञान, जीवनदृष्टि एवं संसार को देखने एवं जीने का सार्थक नजरिया इसे एक कालातीत, सार्वभौमिक एवं सार्वकालिक मार्गदर्शक बनाता है। भगवद गीता के चिरस्थायी मार्गदर्शक सिद्धांतों को समझने से हमें रोजमर्रा की जिंदगी में कैसे और क्यों की गहरी अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में मदद मिल सकती है। यह एक अलौकिक, अद्भुत एवं कालजयी रचना है, जो हमें हमारी समृद्ध संस्कृति और परंपरा से परिचित कराती है। इसके श्लोकों में हमें रोजमर्रा की जिंदगी की विभिन्न समस्याओं का समाधान खोजने, जीवन की सच्चाई से परिचित होने और अंधविश्वास एवं झूठी मान्यताओं से मुक्ति पाने में मदद मिल सकती है। गीता का ज्ञान हमारे संदेहों एवं शंकाओं को दूर करता है और हमारे आत्मविश्वास का निर्माण करता है। सारांश रूप में देखा जाए तो गीता में आत्मा की नश्वरता (अमरता) ह्यनैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकःह्ल और कर्म (कर्त्तव्य पालन) ह्यकर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचनह्ल का उपदेश दिया गया है। गीता सार है कि अपने कर्तव्य से भागना कायरता है, इसकी वजह से घर-परिवार और समाज में अपमानित होना पड़ सकता है।

श्रीमद् भगवद गीता एक प्रमुख हिंदू धर्मग्रंथ है जो महाकाव्य महाभारत का एक हिस्सा है। जिसमें दोहे/श्लोक हैं, इसके पाठ को संरचनात्मक रूप से 18 अध्यायों में विभाजित किया गया है। भगवद गीता को एक राजकुमार अर्जुन और भगवान के अवतार श्रीकृष्ण के बीच एक संवाद के रूप में प्रस्तुत किया गया है। महाभारत युद्ध शुरू होने से ठीक पहले का यह संवाद सृष्टि की अनमोल धरोहर है। सुलह के कई प्रयास विफल होने के बाद, युद्ध अपरिहार्य था। आखिररकार युद्ध का दिन आ गया और सेनाएं युद्ध के मैदान में आमने-सामने हुईं। जैसे ही युद्ध शुरू होने वाला था, अर्जुन ने विरोधी ताकतों पर अधिक बारीकी से नजर रखने के लिए अपने सारथि श्रीकृष्ण से रथ को युद्ध के मैदान के बीच में ले जाने के लिए कहा। श्रीकृष्ण ने रथ आगे बढ़ाया और भीष्म पितामह, द्रोणाचार्य के सामने ले जाकर खड़ा कर दिया। अर्जुन ने जब कौरव सेना में अपने कुटुम्ब के लोग देखे तो वह निराश हो गए थे। अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा कि मैं युद्ध नहीं चाहता। मैं संन्यास लेना चाहता हूं। अपने कुंटुम्ब के लोगों को मारकर मिलने वाला राज्य मेरे लिए किसी काम का नहीं है। अर्जुन उनसे लड़ने के बारे में नैतिक दुविधा की स्थिति में होकर धनुष छोड़ देते और श्रीकृष्ण से मदद मांगते हैं। श्रीकृष्ण अर्जुन को किंकर्तव्यविमुढ़, मोहग्रस्त एवं सांसारिकता में उलझा हुआ देखकर बोध देते हैं। इन दोनों के बीच जो बातचीत हुई, श्रीकृष्ण ने अर्जुन को जो सलाह, संदेश और उपदेश दिए, उसे अब भगवद गीता के नाम से जाना जाता है।

# बृजभूषण के 'दबदबे' के आगे हारे पहलवान अब आगे क्या?



सुनील कुमार महला

> गुरुवार को कुश्ती संघ के प्रमुख बने संजय सिंह से ज्यादा माला खुद बाहुबली बृजभूषण पहने दिखे। उनके बेटे प्रतीक तो दबदबा दिखाने वाला पोस्टर हाथ में लेकर नजर आए। खिलाड़ियों का सवाल है कि जो आरोपी है अगर उसी की खड़ाऊं लेकर चलने वाला कुश्ती संघ का प्रमुख चुना जाता है तो न्याय कैसे मिलेगा। वहीं, शुक्रवार शाम को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक से मिलने पहुंचीं । उसके बाद यह अफवाह शुरू हो गई कि साक्षी आने वाले समय में कांग्रेस के टिकट पर हरियाणा में चुनाव लड़ने जा रही हैं। पर जब इसके बारे में साक्षी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्होंने अभी ऐसा कोई फैसला नहीं लिया है। हाल ही में उन्होंने रेसलिंग छोड़ने का ऐलान किया है, वे इस समय दुख में हैं, उन्हें इससे निकलने के लिए थोड़ा समय चाहिए

**देश की ब**हादुर बेटियां फिर रोईं और आरोपी बृजभूषण शरण सिंह एक बार फिर ठहाके लगाकर हंसे। मेडल जीतने वाले चैम्पियन पहलवानों ने कहा कि वो हार गए। अब कुश्ती में आने वाली पीढियों को बेटियों के सम्मान की लड़ाई खुद लड़नी पड़ेगी। बाहुबली बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि दबदबा था, दबदबा है, और दबदबा बना रहेगा। आंखों मे आंसू लिए साक्षी मलिक ने कुश्ती की रिंग में अब कभी न उतरने का ऐलान किया और बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि भारतीय कुश्ती पर 11 महीने से चल रहा राहु काल खत्म हो गया, अब रिंग में उनके मुकाबले कोई नहीं। गुरुवार को भारतीय कुश्ती फेडरेशन हत्रक्ष के चुनाव हुए। बृजभूषण शरण सिंह ने अपने सारे मोहरों को चुनाव जिता दिया झ्र अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्क्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव और कार्यकारिणी के सदस्य, सभी पदों पर बृजभूषण शरण सिंह के लोग जीते। हालांकि दावा ये किया जा रहा था कि अब बृजभूषण का फेडरेशन से कोई लेना देना नहीं है। विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और तमाम महिला पहलवानों ने बृजभूषण पर लड़कियों के साथ जोर-जबरदस्ती करने, उनका यौन शोषण करने के इल्जाम लगाए थे। फेडरेशन में वित्तीय और दूसरी गड़बडियों के आरोप लगाए थे। दिल्ली के जंतर मंतर पर दो-दो बार खिलाड़ी धरने पर बैठे, खेल मंत्री ने कई दौर की बातचीत की। बृजभूषण के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। भाजपा के बाहुबली सांसद को फेडरेशन और चुनाव से दूर रखने का भरोसा दिया गया था उसके बावजूद वो सब हुआ जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी ।

आखिरकार विरोध स्वरुप पहलवानों ने शांतिपूर्वक दूसरा रास्ता अपनाया । सबसे पहले ओलंपिक में देश के लिए मेडल लाने वाले रेसलर बजरंग पूनिया ने 2019 में मिला पद्मश्री सम्मान प्रधानमंत्री के घर के पास बाहर ही रख दिया। बजरंग ने सोशल मीडिया पोस्ट करके इस बात की जानकारी दी है। पूनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी भी लिखी। पूनिया ने ये चिट्ठी भी  पर शेयर की है। बजरंग पूनिया ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, 'मैं अपना पद्मश्री पुरस्कार प्रधानमंत्री जी को वापस लौटा रहा हूँ। कहने के लिए बस मेरा यह पत्र है। यही मेरी स्टेटमेंट है। उन्होंने मेडल लौटाने के बाद कहा कि मैंने ये सम्मान लेटर के ऊपर रख दिया है, जमीन पर नहीं रख सकते।

इससे पहले साक्षी मलिक रोते हुए कहा था कि हम 40 दिनों तक सड़कों पर सोए और देश के कई हिस्सों से बहुत सारे लोग हमारा समर्थन करने आए। बूढ़ी महिलाएं आईं। ऐसे लोग भी आए, जिनके पास खाने-कमाने के लिए नहीं है। हम नहीं जीत पाए, लेकिन आप सभी का धन्यवाद। उन्होंने कहा कि हमने पूरे दिल से लड़ाई लड़ी, लेकिन हत्रक्ष का अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का बिजनेस पार्टनर और करीबी सहयोगी संजय सिंह चुना जाता है तो मैं अपनी कुश्ती को त्यागती हूं। बृजभूषण नारे लगवा कर, मीडिया के सामने शेखी बघारकर, विरोध करने वाले पहलवानों को अपनी ताकत का अहसास करवा कर घर में वापस चले गए। उधर, विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक टीवी पर बृजभूषण की बातें देख रहे थे, उनकी आंखों में आंसू थे। तीनों पहलवान काफी हिम्मत जुटाकर कैमरों के सामने आए, बोलने की बहुत कोशिश की लेकिन दो मिनट से ज्यादा कोई नहीं बोल पाया। सबने कहा कि अब और हिम्मत नहीं है, अब उम्मीद नहीं है, हम हार गए, पता नहीं हमारे देश में न्याय कहां मिलता है, सारे दरवाजे तो खटखटा लिए, अब कहां जाएं, जो आरोपी, गुनहगार हैं, वो जीत के ठहाके लगा रहे हैं। हमारी बेबसी पर हंस रहे हैं, अब कुश्ती में लड़कियों का क्या होगा, वो नहीं जानते। साक्षी मलिक ने तो अपने जूते खोलकर टेबल पर रख दिए, रोते रोते बोलीं, अब कभी रिंग में नहीं उतरेंगी, कभी मैट पर दिखाई नहीं देंगी। इतना कहकर वह रोते हुए उठकर चली गईं। बृजभूषण ने जो कहा वो करके दिखा दिया। ये साबित कर दिया कि कुश्ती संघ में दबदबा तो उनका ही रहेगा लेकिन आज देश के लिए मेडल जीतने वाली बेटियों के आंसू देखकर हर किसी का दिल रोया होगा। यौन शोषण के आरोपी बृजभूषण शरण सिंह का अट्टहास देखकर सबको सिस्टम की बेबसी पर गुस्सा आया होगा।  सवाल ये है कि आखिर ये नौबत क्यों आई? जो पद्मश्री सम्मान देश ने बजरंग पुनिया को उनके देश के लिए जीते गए मेडल के लिए दिया। आखिर उसे हाथ में रखकर वापस करने आए एक पहलवान को इतना हताश और निराश क्यों कर दिया गया? 24 घंटे पहले ही रोते हुए साक्षी मलिक ने अपने रेसलिंग शूज प्रेस कॉन्फ्रेंस की टेबल पर खकर पहले कुश्ती ही छोड़ देने का ऐलान किया था। प्रधानमंत्री के नाम बजरंग पूनिया ने चिट्ठी लिखी। इसमें लिखा था कि बीती 21 दिसंबर को हुए कुश्ती संघ के चुनाव में बृजभूषण एक बार दोबारा काबिज हो गया है। उसने स्टेटमेंट दी कि 'दबदबा है और दबदबा रहेगा'। महिला पहलवानों के यौन शोषण का आरोपी सरेआम दोबारा कुश्ती का प्रबंधन करने वाली इकाई पर अपना दबदबा होने का दावा कर रहा था। हम सभी की रात रोते हुए निकली। समझ नहीं आ रहा था कि कहां जाएं, क्या करें और कैसे जीएं। इतना मान-सम्मान दिया सरकार ने, लोगों ने, क्या इसी सम्मान के बोझ तले दबकर घुटता रहूं। कारण सिर्फ एक ही है जिस कुश्ती के लिए ये सम्मान मिले, उसमें हमारी साथी महिला पहलवानों को अपनी सुरक्षा के लिए कुश्ती तक छोड़नी पड़ रही है। हम 'सम्मानित पहलवान' कुछ नहीं कर सके। महिला पहलवानों को अपमानित किए जाने के बाद मैं 'सम्मानित' बनकर अपनी जिंदगी नहीं जी पाऊंगा। ऐसी जिंदगी कचोटेगी ताउम्र मुझे। इसलिए ये 'सम्मान' मैं आपको लौटा रहा हूं ...  आपका असम्मानित पहलवान बजरंग पूनिया



बृजभूषण शरण सिंह पर आरोप लगाने वाले पहलवानों का दावा है कि जनवरी में बृजभूषण पर आरोप लगाने वाली महिला पहलवानों की संख्या 19 थी। जो अप्रैल आते आते 7 रह गई, क्योंकि तीन महीने में बृजभूषण ने अपने दबाव से महिला पहलवानों को पैर वापस खींचने पर मजबूर कर दिया। पहलवान कहते हैं कि उन्हें भरोसा दिया गया था कि भारतीय कुश्ती संघ पर बृजभूषण शरण सिंह के परिवार और गुर्गों को नहीं बैठने दिया जाएगा, लेकिन उसके करीबी संजय सिंह ही जीते।  इस सब घटना चक्र के बाद भाजपा के विरोधी दलों की राजनीति भी शुरू हो गई । गुरुवार को कुश्ती संघ के प्रमुख बने संजय सिंह से ज्यादा माला खुद बाहुबली बृजभूषण पहने दिखे। उनके बेटे प्रतीक तो दबदबा दिखाने वाला पोस्टर हाथ में लेकर नजर आए। खिलाड़ियों का सवाल है कि जो आरोपी है अगर उसी की खड़ाऊं लेकर चलने वाला कुश्ती संघ का प्रमुख चुना जाता है तो न्याय कैसे मिलेगा। वहीं, शुक्रवार शाम को  कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक से मिलने पहुंचीं । उसके बाद यह अफवाह शुरू हो गई कि साक्षी आने वाले समय में कांग्रेस के टिकट पर हरियाणा में चुनाव लड़ने जा रही हैं। पर जब इसके बारे में साक्षी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्होंने अभी ऐसा कोई फैसला नहीं लिया है। हाल ही में उन्होंने रेसलिंग छोड़ने का ऐलान किया है, वे इस समय दुख में हैं, उन्हें इससे निकलने के लिए थोड़ा समय चाहिए। चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि भविष्य में क्या करना पड़ जाए, इसके बारे में कहा नहीं जा सकता, लेकिन अभी फिलहाल इस पर कोई फैसला नहीं लिया है।

## कविता

जिन्दा रहेंगे जब तक
निंदा होती रहेगी तब तक,
प्रशंसा मिलेगी जरूर यहाँ
किन्तु, मरने के बाद !
खुशियाँ कायम हैं तब तक
अपनों का साथ है जब तक,
जीवन हो जाता बोझिल
अपनों की बेरुखी के बाद !
त्याग का महत्व है तब तक
कदर हो इसकी जब तक,
जीना जाते हैं भूल अपना
मोह में गुम होने के बाद!
रास्ते मिलते हैं तब तक
नियत में ईमान है जब तक,
दर्द किसी का भूल जाता इंसा
चरित्र गिर जाने के बाद !

मुनीष भाटिया

## क्रायोजेनिक' कितनी कारगर

विजय गर्ग

**गभग दो सा**ल पहले की यह खबर इन दिनों एक बार फिर से इसलिए चर्चा में आ गई कि अमेरिका के एरिजोना राज्य के स्कॉट्सडेल में स्थित एल्कोर फर्म ने क्रायोनिक्स के क्षेत्र में खुद को लीडिंग कंपनी के तौर पर पेश करना शुरू कर दिया है। दावा किया जा रहा है कि फ्रीज किए गए शवों को जीवित किया जा सकता है। अमेरिका में ऐसे लोगों की संख्या बढ़ रही है, जो अपने प्रियजनों के मरने के बाद उनके शरीर को इस तकनीक के जरिये फ्रीज करा रहे हैं। कंपनी पहली बार 2021 में सक्रिय हुई थी, लेकिन बीच में यह मामला धीमा हो गया। कंपनी ने पूरे शरीर को फ्रीज करने के लिए 2 लाख डॉलर से ज्यादा की फीस रखी है।

क्रायोजेनिक तकनीक को 'निम्नतापकी' कहा जा सकता है, जिसमें तापमान माइनस 0 डिग्री से माइनस 150 डिग्री सेल्सियस तक हो सकता है। मृत्यु के तुरंत बाद शरीर को बाह्य बर्फ के पैकेटों की मदद से शीतल कर संरक्षण केंद्र तक पहुंचाया जाता है। मृत्यु के बाद जितनी जल्दी हो सके शव को ठंडा कर जमा दिया जाता है, ताकि उसकी कोशिकाएं, खासकर मस्तिष्क की कोशिकाएं, ऑक्सीजन की कमी से टूटकर नष्ट न हो जाएं। इसके लिए पहले शरीर को बर्फ से ठंडा कर दिया जाता है। संरक्षण केंद्र में पहुंचने के बाद शरीर से रक्त निकाल लिया जाता है और शरीर के अंगों के हिमीकरण से बचाव के लिए धमनियों में हिमीकरण रोधी द्रव डाला जाता है तथा खोपड़ी में छोटे छिद्र बनाए जाते हैं। इसके बाद शरीर से खून निकालकर उसकी जगह रसायन डाला जाता है, जिन्हें 'क्रायो-प्रोटेक्टेंट' तरल कहते हैं। इसे अंगों में बर्फ नहीं बनती। यह जरूरी इसलिए है कि यदि बर्फ जम गया तो वह अधिक जगह लेगा और कोशिका की दीवार टूट जाएगी। इसके बाद शरीर को एक शयन बैग में डालकर द्रव नाइट्रोजन में माइनस 196 डिग्री सेल्सियस तापमान पर रखा जाता है। 2021 में कंपनी ने 184 मरीजों के शवों को फ्रीज किया था। अब दावा किया जा रहा है कि अमेरिका में अलग-अलग कंपनियां 900 से ज्यादा लोगों के शवों को फ्रीज कर चुकी हैं। और 3000 व्यक्तियों ने अपने शरीर को फ्रीज कराने के लिए आरक्षण कराया है। लेकिन क्या यह संभव है? दरअसल, क्रायोजेनिक तकनीक विज्ञान की काल्पनिक कथाओं की उपज है, जिसमें शरीर को पुनर्जीवन की आशा में संरक्षित रखा जाता है। वर्तमान विज्ञान अभी इतना विकसित नहीं है कि वह इन हिमीकृत शरीरों को पुनर्जीवित कर सके । 1964 में वैज्ञानिक और लेखक राबर्ट एटीन्गर ने क्रायोजेनिक्स संकल्पना को दुनिया के सामने रखा था। लगातार शोध होते रहे। इस तकनीक के समर्थक कहते हैं कि कुछ ऐसे जीव हैं, जो हिमीकरण के बाद स्वयं ही पुनर्जीवित हो उठते हैं। इन जीवों में शामिल हैं- आर्कटिक क्षेत्र की जमीनी गिलहरी, कछुए की कुछ प्रजातियां और टार्डीग्रेड्स ।

## विचार

# भारत का खजाना भरते सात समंदर पार बसे भारतीय

आर.के. सिन्हा

अपने वतन से सात समंदर दूर कामकाज के लिए गए भारतीयों ने देश के खजाने को लबालब भर दिया है। उन्होंने चालू साल 125 बिलियन डॉलर यानी करीब 136 अरब रुपये भारत में भेजे। विश्व बैंक की हाल ही में आई एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत से बाहर रहने वाले लाखों भारतीयों ने साल 2022 की तुलना में 11 फीसद अधिक धन चालू साल में स्वदेश भेजकर अपने  देश से प्रेम का सशक्त परिचय दिया।  भारत के बाद मेक्सिको और चीन  को अपने देशवासियों से पैसा मिला। हालांकि, भारत की तुलना में इन दोनों देशों को अपनी आबादी के अनुपात में बहुत कम धन मिला। मेक्सिकों को 67 बिलियन और चीन को मात्र 50 बिलियन डॉलर मिले। बात बहुत साफ है कि संसार के कोने-कोने में रहने वाले भारतीयों ने अपने देश के खजाने को अपने धन से लबालब भर दिया है।  यह उनकी अपनी मातृभूमि के प्रति अद्भुत प्रेम दशार्ता है कभारतीय संसार के किसी भी भाग में चल जाएं पर उनकी पहचान भारतीय के रूप में ही होती है। उन्हें भारत से बाहर बसने के सालों, दशकों तो छोड़िए, कई पीढ़ियों के बाद भी भारतीय ही माना जाता है। भारतीय अफ्रीका, कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन त्रिनिदाद, गुआना, मारीशस,फिजी आदि देशों में बसने के बाद भी अपने को भारत से कभी दूर नहीं कर पाते। भारतीय अपने खानपान तथा वेशभूषा के स्तर पर भी सदा भारतीय ही बने रहते हैं। दिवाली और होली, रक्षा बंधन, छठ, करवा चौथ, नवरात्र, शादी समारोह आदि अवसरों पर भारतीय महिलाएं आमतौर पर साड़ी ही पहनती हैं। इनके घरों में ज्यादातर भारतीय व्यंजन ही पकते हैं। लेकिन, ये जिस देश में भी जाकर बसे वहां की भाषा, खानपान और वेशभूषा को भी आसानी से अपना लेते हैं। आप रविवार को किसी भी चर्च में जाकर देख लें। वहां पर आपको साड़ी पहन कर आईं मसीही स्त्रियां मिलेंगी। यही दृश्य मंदिरों में भी मिलेगा कयानी वेश-भूषा हरेक भारतीय की एक जैसी ही है।  आपको भारतीय खाड़ी के देशों  के कठिन हालातों से लेकर अमेरिका, आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और यूरोप के तमाम देशों में आई टी सेक्टर से  लेकर तमाम दूसरे कामों को करते हुए मिलेंगे।  चूंकि आमतौर पर भारतीय मितव्ययी होते हैं, इसलिए वे कमाकर पैसा अपने देश भेज देते हैं। जाहिर है, उनके भेजे धन से देश की आर्थिक  स्थिति मजबूत होती है। तो कहना होगा कि भारत की मजबूत आर्थिक सेहत के लिए हमारे उन अनाम भारतीयों का भी कम बड़ा योगदान नहीं है जो हर साल भारत में पैसा भेजते हैं। हालांकि आमतौर पर मीडिया में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, वर्ल्ड बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा या केन्या के हॉकी के महान खिलाड़ी अवतार सिंह सोहल जैसों की ही चर्चा होती है।

बेशक, भारत के बाहर बसे सारे भारतीय ही सही माने में हमारे ब्रांड एंबेसेडर भी हैं। इनकी वजह से ही विदेशी मूल के परिवारों में भारत के प्रति और भारतीय रस्म रिवाजों के प्रति झुकाव बढ़ता चला जा रहा है ककल रात मैं दिल्ली में छतरपुर के पास एक विवाह समारोह में गया कलड़का बंगाली है और लड़की आयरिश कलेकिन जब वर-वधु मेरा पैर छूने आये तो साड़ी-गहनों में सजी सिंदूर से मांग भरी लडकी को देखता ही रह गया कमजे की बात तो यह रही की आयरिश दुल्हन को आयरलैंड से आये हुये उनके पिता और लड़की के दो बड़े भाई मुझसे मिलवाने को ले आये कइसी तरह पिछले माह मुझे एक बिहारी लड़के की शादी में आमंत्रित किया गया था जो कि एक आस्ट्रिया की लड़की से शादी कर रहा था कये सब भारतीयों के प्रति आकर्षण दशार्ती हैं क  इन प्रवासी भारतवंशियों के हितों को लेकर केन्द्र और राज्य सरकारों को भी हमेशा नई-नई योजनाओं को लाते रहना चाहिए। उन्हें उनके निवेश पर बेहतर रिटर्न भी दिया जाये, ताकि वे अधिक से अधिक धन देश में भेजते रहें। जिस मुल्क का विदेशी मुद्रा भंडार भरा होता है, वह उतनी ही तेजी से प्रगति की राह पर बढ़ता है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# नंगे ही चंगे हैं

डॉ. सुरेश कुमार

**चौंकिए नहीं साहब।** केवल समय का ध्यान रखिए। निर्वस्त्र होने के फायदे जब पता चलेंगे, तब आप दाँतों तले अंगुली दबा लेंगे। बदन पर कम कपड़े पहनने वाले लबादे की तरह सिर से पैर तक कपड़े पहनने वालों से बहुत हल्का महसूस करते हैं। हल्के लोग बड़ी बातें जल्दी समझ जाते हैं। वे इतने समझादार होते हैं कि सर्दी के दिनों में भी निर्वस्त्र रहकर दुनिया को आदम-हव्वा बनने के लाभ गिनाने से नहीं चूकते। वह वस्त्र खरीदने, सिलाने, डिजाइन करवाने, इस्तरी करने-कराने, गंदा हो जाने पर ड्राइ क्लिनिंग कराने की फजीहत से न केवल बचता है बल्कि देश की इकोनॉमी में बूँद-बूँद की तरह अपना योगदान देता है। निर्वस्त्र को निर्लज्ज कहना हमारी निर्लज्जता है। वे तो इस युग जीते-जागते महापुरुष हैं जो स्वयंभू आदर्शवानों की तरह हमें यह उपदेश देते हुए कहते रहते हैं कि भगवान की दी हुई सुंदरता को व्यर्थ के लबादे में छिपाए रखने से परमानंद की अनुभूति नहीं हो सकती। यह लबादा भगवान और शरीर के बीच अड़चन पैदा करता है। निर्वस्त्रता गरीबी मिटाने का सबसे बड़ा उपाय है। महात्मा गांधी आजीवन अधनंगी धोती पर जीते रहे। वे आज भी कइयों के आदर्श हैं। जब तक देश कपड़ा नहीं पहनेगा तब तक मैं कपड़े नहीं पहनूँगा जैसे विचार रखने वाले गांधी जी को आजकल की पठान बाला दीपिका यह बताने का प्रयास करती है झ्र स्वतंत्र भारत के स्वप्नद्रष्टा आप जिस देश की कल्पना में अपना सब कुछ स्वाहा कर दिया हम उसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए कई कदम आगे बढ़कर सोच रहे हैं। मेरी जैसी सुंदर बाला के कपड़े न पहनने से दर्शक सिनेमाघर में देखने के लिए दौड़े-दौड़े आयेंगे। उनके देखने से फिल्म को लाभ होगा। इस फिल्म को बनाने में न जाने कितने गरीब कर्मचारियों का योगदान है जिनका घर फिल्म के हिट होने या फट होने से प्रभावित होता है। मैं चाहती हूँ कि मेरी निर्वस्त्रता इन सबके घर चलाने का सबसे बड़ा उपाय बने। आदम और हव्वा जीवन भर निर्वस्त्र रहे। हम उनके वंशज हैं। उन्होंने हमें सिखाया कि मन का नंगापन शरीर के नंगेपन पर हमेशा भारी पड़ता है।

## प्रेस पत्र पत्रिका पंजीकरण विधेयक सदन से पारित

**किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

**वैश्विक** स्तरपर लोकतंत्र की जननी और दुनियां का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत में किसी भी कानून को पारित करने की बहुत ही विस्तृत पेचीदगी वह पारदर्शी प्रक्रियाएं बनी हुई है, जिसको पार करने के बाद ही कोई विधेयक पारित होकर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद कानून बनता है। किसी भी विधेयक को कानूनबनाने के लिए संसद के उच्च व निचले सदन से पारित करना कोई आसान काम नहीं होता उसपर विस्तृत चर्चा होती है, संशोधन वह सेलेक्ट कमेटी से होते हुए संसद में पेश होता है, इसके पहले लॉ कमीशन जनता जनार्दन के समक्ष उनकी प्रतिक्रियाएं जानने के लिए भी राष्ट्रीय गजट में प्रकाशित होता है। कुल मिलाकर संसद के दोनों सदनों में कोई भी विधेयक पारित कराना बड़ी उपलब्धि है।

हालांकि यह रेखांकित करने वाली बात है के संसद के पिछले कुछ सत्रों से यह परिपाटी चली आ रही है के ध्वनि मत से ही विधेयक पारित हो रहे हैं क्योंकि एक विशेष पार्टी व उनके गठबंधन के सदस्यों की संख्या अधिक होने से विपक्ष कुछ कर सकनें में लाचार है किसी भी विधेयक पर वोटिंग नहीं हुई है वह केवल दिल्ली विधेयक से संबंधित वोटिंग के अलावा अन्य विधेयकों में वोटिंग देखने को नहीं मिली है।

ठीक इसी तरह प्रेस व पत्र पत्रिका विधेयक जो राज्यसभा यानें उच्च सदन से पिछले अगस्त में ही पारित कर दिया गया था और अब लोकसभा में दिनांक 21 दिसंबर 2023 को ध्वनि मत से पारित हो गया है, अब राष्ट्रपति महोदया के हस्ताक्षर के बाद कानून बन जाएगा जिससे प्रेस की आजादी और कारोबार करने में सुगमता के नए ऐतिहासिक युग की शुरूआत होगी। चूंकि संसद के दोनों सदनों में प्रेस और पुस्तिका पंजीकरण विधेयक अधिनियम 1867 के औपचारिक युग को समाप्त कर 2023 का नया विधेयक पारित कर लिया गया है। इसलिए आज हम मीडिया और पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्रेस की आजादी और समाचार पत्र पत्रिका प्रकाशन में प्रेस पत्र पत्रिका पंजीकरण विधेयक 2023 मील का पत्थर सब आईटी होगा।

## न्यूज फ्लैश

### आईबीएम अस्पताल से देंगे सर्वधर्म का संदेश, हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई करेंगे गीता पाठ

पानीपत/कमाल हुसैन

**स्वास्थ्य** सरोकार के लिए हमेशा सकारात्मक कदम उठाने वाले पानीपत के आईबीएम अस्पताल में भी अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव मनाया जाएगा। खास बात ये है कि हिंदू, मुस्लिम, सिख एवं ईसाई धर्म के लोग यहां गीता का पाठ करेंगे। सभी धर्मों के गुरु एक साथ यहां लोगों को धर्म का संदेश देंगे। आईबीएम अस्पताल की निदेशक रीना श्रीवास्तव ने बताया कि शनिवार को 11 बजे सामूहिक रूप से एक मिनट का पाठ होगा। स?वामी ज्ञानानंद ने गीता का संदेश पहुंचाने के लिए जो महत्वपूर्ण संकल्प लिया है, उसमें आईबीएम अस्पताल की भी एक आहुति होगी। गीता में सभी समस्याओं का समाधान है। हम सभी को अपने बच्चों को गीता पाठ करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव महज कुछ दिन नहीं, बल्कि रोज मनाया जाए, तभी हम इन दिनों को सार्थक कर सकेंगे।

### सर्द हवाओं ने छुड़ाई कंपकंपी, अलाव बने सहारा

लोकेश चौधरी



**मथुरा। गुनगुना** सर्द मौसम का अहसास अब कंपकंपी में तब्दील हो रहा है। दिन और रात के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। कोहरा भी दस्तक दे रहा है। अगर बादल रहते हैं तो दिन में भी सर्दी कंपकंपी छुडा रही है। राया कृषि फार्म पर तैनात शिवांगर भदौरिया ने बताया कि राया कृषि फार्म पर इन दिनों तापमान 8 से 22 डिग्री के बीच चल रहा है। यहां कि यह तापमान इस सीजन में न्यूनतम 6 और अधिकतम 11 तक रहा है। आगामी कुछ दिनों में तापमान में और गिरावट की संभावना जताई जा रही है। ऐसे में शहर कस्बों में जहां नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतें अलाव की व्यवस्था कर रही हैं तो गांवों में भी लोग अलाव के इर्द गिर्द बैठे दिख जाएंगे। नए साल पर यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में भी इजाफा होता है। ऐसे में धार्मिक स्थलों पर इस बात का भी ध्यान रखा जा रहा है कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पडे। शनिवार ककी सुबह हल्का कोहरा रहा इसके बाद ठंडी हवाओं ने लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल कर दिया। इसके चलते राष्ट्रीय राजमार्ग और मथुरा गोवर्धन मार्ग पर वाहनों की रफ्तार मंद पड़ गई। नगर पंचायत गोवर्धन में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तीन रैन बसेरे चालू किये हैं। वहीं 20 से 25 स्थानों पर अलाव की सामग्री नगर पंचायत द्वारा डलवाई जा रही है। चेयरमैन प्रतिनिधि ने बताया मनीश शर्मा ने बताया कि नव वर्ष पर गोवर्धन आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ जाती है। नए साल का आगाज गिर गोवर्धन की तलहटी में करना चाहते हैं।

**महानगर में दो दर्जन गैस गीजर अलाव की व्यवस्था:** मौसम में शीत लहरों दस्तक देते ही नगर वासियों को इनसे राहत प्रदान करने के लिए मथुरा वृंदावन नगर निगम द्वारा गैस के अलाव रखवा दिये गये है। यह अलाव आवश्यकतानुसार निगम के विभिन्न 22 क्षेत्रों में नगर निगम की टीम द्वारा लगाए गए हैं। निगम की गैस गीजर अलाव सेवा की महापौर विनोद अग्रवाल द्वारा स्टेट बैंक चौराहे पर अलाव का बटन दबाकर शुरूआत की गई।

**यहां लगाए गए हैं गैस गीजर अलावा:** निगम के प्रकाश विभाग की ओर से अलाव सेवा के अंतर्गत मथुरा नगर के लक्ष्मी नगर तिराहा, सदर तिराहा, रेलवे स्टेशन के गेट तीन, धौली प्याऊ तिराहा, स्टेट बैंक चौराहा, नया बस अड्डा, भूतेश्वर तिराहा, गोवर्धन चौराहा, विरला मंदिर, भरतपुर गेट पुलिस चौकी, चौक बाजार, विश्राम घाट, होलीगेट, पुराना बस अड्डा के साथ ही वृन्दावन नगर के शहीद लक्ष्मण रैन बसैरा, काली दह रैन बसेरा, रंगजी मंदिर रोड़, परशुराम पार्क, विद्यापीठ जूताघर वीआईपी जूताघर, कान्हा गौशाला आदि स्थानों पर गैस हीटर लगाये गये है।

### जिला स्तरीय गीता महोत्सव: आर्य कॉलेज मैदान में हुआ संपन्न

पानीपत/कमाल हुसैन

**अंतर्राष्ट्रीय गीता** महोत्सव 2023 के अंतर्गत जिला स्तरीय गीता महोत्सव का शनिवार को आर्य कॉलेज मैदान में श्रीमद्द्भगवत गीता जी की आरती के साथ समापन हो गया। करनाल लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय भाटिया समापन कार्यक्रम में श्रीमद्द्भगवत गीता को सिर पर रखकर मुख्य पण्डल तक लेकर आए और श्री प्रेम मन्दिर की परम अध्यक्षा श्री श्री 1008 कांता देवी जी महाराज की अगुवाई में श्रीमद्द्भगवत गीता को मंच पर स्थापित किया गया। दो दिवसीय इस महोत्सव में हजारों की संख्या में ना केवल दर्शक पंहुचे बल्कि विभिन्न विद्यालयों के हजारों विद्यार्थियों ने गीता का मर्म जाना।

समापन कार्यक्रम में करनाल लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय भाटिया ने कहा कि श्रीमद्द्भगवत गीता जीवन जीने का सिद्धांत सिखाती है। इसमें ना केवल कर्म का महत्व समझाया गया है बल्कि विश्व के कल्याण की हर वो बारिकी समझाई गई है, जिसकी मानव जाति को आवश्यकता है। ऐसा कोई पेशा नहीं जिसके बारे में श्रीमद्द्भगवत गीता में कर्म योग का सिद्धांत नहीं बताया गया हो। उन्होंने कहा कि स्वामी ज्ञानानन्द महाराज की अगुवाई में जिस तरह से गीता का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है उससे भारतीय संस्कृति, धर्म एवं दर्शन पर गहरा प्रभाव पड़ा है। गीता एक ग्रंथ ही नही बल्कि जीवन जीने का सिद्धांत है। उन्होंने गीता महोत्सव के समापन के लिए जिला के सभी प्रशासनिक अधिकारियों, विभागाध्यक्षों और समाजसेवियों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बहुत ही सौहार्दपूर्ण माहौल में दो दिवसीय गीता महोत्सव कार्यक्रम का आज समापन हो रहा है जिसमें जिला प्रशासन व शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने बढ़चढ़ कर कार्य किया है। इसके लिए सब लोग बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्रीमद्द्भगवत गीता हमें कर्म का सिद्धांत सिखाती है। उन्होंने अपने संस्मरण सुनाते हुए जेलों में बंद कैदियों और बंदियों के जीवन में श्रीमद्द्भगवत गीता के कारण हुए बदलाव की बातों को सांझा करते हुए कहा कि हम जीवन में श्रीमद्द्भगवत गीता के संदेश को धारण कर लें तो संसार में ऐसी कोई समस्या नहीं जिसका हम समाधान ना कर सकें। उपायुक्त वीरेन्द्र कुमार दहिया ने पानीपत जिला के आमजन का धन्यवाद देते हुए और प्रशंसा करते हुए कहा कि गीता महोत्सव में नागरिकों ने जिस तरीके से बढचढ कर भाग लिया है, उससे ज्ञान व आस्था की परम्परा से जुड़ी युवा पीढी को नई दिशा मिली है।

# कोविड को लेकर जारी किये दिशा निर्देश

## सीएमओ ने एसएसपी को लिखा पत्र, पुलिस की मांगी मदद, जिला अस्पताल में 10 बेड का आइसोलेशन वार्ड तैयार, कॉमन लक्षण वाले 25 से 30 मरीजों के हो रहे आरटी पीसीआर टेस्ट: सीएमएस

लोकेश चौधरी/मथुरा

**कोविड** प्रोटोकॉल को लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग ने निर्देश जारी किये हैं। नियमों का पालन कराने के लिए पुलिस की भी मदद मांगी गई है। इसके लिए सीएमओ ने एसएसपी को पत्र लिखा है, जिसमें नियमों के पालन कराने में पुलिस की मदद मांगी गई है। संक्रामक रोगों से बचाव के लिए पूर्व की भांति कोविड प्रोटोकॉल का पालन करना सुनिश्चित किया जाएगा। सीएमओ अजय कुमार वर्मा के मुताबिक जिसमें मुख्यतः मास्क का उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन, सेनेटाइजेशन तथा कोविड लक्षण प्रतीत होने पर त्वरित रूप से जांच कराये जाने जैसे नियमों का पालन सूचित किया जाएगा। जिला अस्पताल में प्रारंभिक स्तर की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कोरोना वेरिएंट जेएन-.1 को लेकर चिकित्सकों का कहना है कि इसमें ज्यादा डरने की



बात नहीं हैं, सावधानी बरतें, कोरोना काल में बरती गईं सावधानी ही यहां काम आएंगी। जिला अस्पताल में भी इसके लेकर तैयारी की गई है। 10 बेड का आइसोलेशन वार्ड इसके लिए जिला अस्पताल में तैयार किया गया है। ऑक्सीजन प्लांट चालू है, इसमें 668 एलएमपी की क्षमता है जो प्रतिदिन हॉस्पिटल के लिए पर्याप्त है। आठ वेल्टीनेटर हैं और 25 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध हैं। सीएमएस मुकुंद बंसल ने बताया कि तीन नोडल अधिकारी नामित किए गये हैं। जिनमें डा.अमन, डा.रवि माहेश्वरी और डा.ऋतिरंजन शामिल हैं। जिला अस्पताल में प्रतिदिन 25 से 30 आरटी पीसीआर टेस्ट हो रहे हैं।

इस समय मथुरा जनपद में कोरोना की संख्या शून्य है। यह ओमीक्रोन का सब वेरिएंट है। इसके सामान्य लक्षण हैं, जिसमें फीवर, जुकाम, खांसी, शरीर में दर्द कॉमन लक्षण हैं। सीएमएस द्वारा ओपीडी कर रहे चिकित्सकों को निर्देशित किया गया है कि इन लक्षणों का कोई मरीज आता है तो उसका तत्काल आरटी पीसीआर टेस्ट कराया जाए। इसको लेकर सरकार की ओर से अभी कोई गाइडलाइन जारी होगी। हम उस पर काम करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

> कोविड का नया वेरिएंट है जेएन.1 है जोकि देश के अन्य राज्यों में यह मिला है। जनपद मथुरा धार्मिक स्थल है और देश की राजधानी दिल्ली से जुडा है यहां श्रद्धालुओं की बहुत भीड आती रहती है इसलिए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। नए साल पर भी बडी संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं। बांके बिहारी जी मंदिर पर चार अतिरिक्त टीमें बांकेबिहारी मंदिर पर लगाई गई हैं। इसके अतिरिक्त जनपद में सैंपलिंग भी बढा दी गई है। जिन लोगों को बुखार, खांसी, सांस लेने में दिक्कत है, उन्हें डरना नहीं चाहिए उन्हें हमारे यहां आकर टेस्ट कराना चाहिए।
>
> -डा. भूदेव, प्रभारी नोडल अधिकारी

**बांके बिहारी मंदिर पर चार अतिरिक्त टीमें की गई तैनात:** बांके बिहारी मंदिर पर कोविड जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से चार अतिरिक्त टीमें लगाई गई हैं।

नए साल पर वृंदावन में ठाकुर बांकेबिहारी के दर्शनों को आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ जाती है। इसके अलावा वीक एण्ड पर भी यहां अधिक भीड भाड रहती है। जिसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने यह निर्णय लिया है।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से कलाकारों ने रंग जमाया



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**अंतर्राष्ट्रीय** गीता महोत्सव 2023 के अर्न्तगत पानीपत के जिला स्तरीय गीता महोत्सव में शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों से कलाकारों ने रंग जमा दिया। स्कूली विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रदेशों की छटा बिखेरती हुई प्रस्तुतियों से भारत की विविधता से गीता महोत्सव में पहुंचे लोगों को रूबरू करवाया। दा मिलेनियम स्कूल की टीम ने मध्यप्रदेश की संस्कृति पर आधारित प्रस्तुति से ना केवल सबका मन मोहा बल्कि खूब तालियां बटोरी। मुख्यालय से आई सुनील एण्ड पार्टी की श्री चांद के दक्षिणी ध्रुव पै तार दिया श्री चंद्रयान की प्रस्तुति से भारत के अंतरिक्ष में बढ़ते प्रभाव का गौरवमयी इतिहास सबके सामने प्रस्तुत कर सभी को गर्व की अनुभूति करवाई। कई अन्य मनमोहक प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

## कन्या महाविद्यालय की खिलाड़ियों को किया सम्मानित

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा के** कन्या महाविद्यालय की खिलाड़ियों ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित इंटर कॉलेज वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर कन्या कॉलेज खरखौदा का नाम रोशन किया है। विजेता खिलाड़ियों के कॉलेज पहुँचने पर प्राचार्य डॉ दर्शना दहिया और डॉक्टर सतबीर दहिया (उप प्रधान, कॉलेज प्रबंधन समिति) तथा नीरजदहिया (सचिव ,कॉलेज प्रबंधन समिति) ने छात्राओं का स्वागत किया और छात्राओं की इस जीत पर उन्हें बधाई दी। वही डॉ दर्शना दहिया ने बताया कि 20 दिसंबर को यह प्रतियोगिता एमडीयू रोहतक में आयोजित की गई। जिसमें उनके महाविद्यालय की खिलाड़ियों



इशू, अंजलि, हिमांशी, मंजू, रितिका, मनीषा, आरती, रामभतेरी आदि ने अलग-अलग भारवर्ग में क्रमशः 55, 59,64,71 ,51 किलोग्राम में हिस्सा लिया और ओवरऑल प्रथम स्थान प्राप्त किया । उन्होंने आगे बताया कि अब उनके कॉलेज के विजेता खिलाड़ी ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी स्तर पर भी हिस्सा लेंगे। जोकि पंजाब में आयोजित होंगे । उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी कन्या महाविद्यालय की खिलाड़ियों ने वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम में भी हिस्सा लिया था। महाविद्यालय की छात्राओं की उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ दर्शना दहिया ने छात्राओं को भविष्य में भी कड़ी मेहनत करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। और कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति की और से इन विजेता खिलाड़ियों व कोच सत्यवान को भी 1100- 1100 रू की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया।

## प्रतिभा खोज की ब्रह्मशक्ति स्कूल में प्रतियोगिता आयोजित

**रखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी खरखौदा**

शनिवार को गाँव थाना कलां के ब्रह्मशक्ति स्कूल में मास्टर एडवोकेट गजें सिंह खरखौदा व समाजसेवी रोहित राठौर द्वारा एक प्रतिभा खोज प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। इस प्रतियोगिता में ब्रह्मशक्ति स्कूल के कक्षा 5वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पहले , दूसरे एवं तीसरे स्थान पर जो बच्चें आये उन बच्चों को मेडल व स्टेशनरी का सामान देकर सम्मानित किया गया। एडवोकेट गजे सिंह व प्राचार्य



रामबीर सिंह उपप्राचार्य प्रवीण कुमार व समाज सेवी रोहित राठौर ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर गाँव थाना कला के वेदपाल, रामकुमार, राजवीर दहिया जी, तारीफ सिंह दहिया, संजय खंडा, तिरंगा युवा समिति के अध्यक्ष नवीन , गरीब कल्याण संस्था पिपली से मास्टर मनोज कुमार, संजय शर्मा ऋषिकेश व अन्य मौजूद रहे ।

## 'मेगा आर्ट' प्रतियोगिता का आयोजन हुआ

**समालखा ( कुलदीप सिंह)**

**हरे कृष्णा** इंटरनेशनल स्कूल, गढ़ी छाजू रोड, समालखा में 'मेगा आर्ट ' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पहली से छठी कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का विषय कार्टून, सीनरी, पोस्टर बनाओ ,पृथ्वी बचाओ, पानी बचाओ, मीडिया का कम प्रयोग, जय जवान जय किसान आदि विषय रहे ।सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने इसमें बड़े उत्साह से भाग लिया । जिसमें पहली कक्षा के विद्यार्थियों ने सुंदर-सुंदर कार्टून बड़े उत्साह से बनाएं। तीसरी कक्षा के विद्यार्थियों ने लैंडस्केप और सीनरी बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया।

## किसान दिवस पर 32 प्रगतिशील कृषकों को मिला सम्मान



**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।/पूर्व प्रधानमंत्री** स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर आत्मा, कृषि सूचना तंन्त्र योजनान्तर्गत एक दिवसीय किसान मेला एवं किसान सम्मान दिवस का आयोजन उप कृषि निदेशक कार्यालय परिसर कृषि भवन में आयोजित किया गया। इस दौरान सांसद हेमा मालिनी मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहीं। उन्होंने सम्मेलन का फीता काटकर शुभारम्भ किया। मेला, प्रदर्शनी में कृषि विभाग के साथ साथ पशुपालन, मत्स्य, उद्यान एवं अन्य विभागों के द्वारा 25 स्टॉल लगाई गयी एवं लगभग 800 कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम मे जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, सीडीओ मनीष मीना एवं उप कृषि निदेशक रामकुमार माथुर, जिला कृषि अधिकारी अश्विनी कुमार सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी डा. सन्तराम, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. प्रतिभा सचान, जिला उद्यान अधिकारी मनोज कुमार, सहायक निबंधक सहकारी समितियां आदि के द्वारा प्रतिभाग किया गया। साथ ही सर्वाधिक उत्पादन प्राप्त करने वाले जनपद के 32 प्रगतिशील कृषकों को प्रमाण पत्र एवं शॉल देकर सम्मानित किया गया। प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. बाईके शर्मा, डा. रवीन्द्र कुमार राजपूत, डा. बृजमोहन कृषि विज्ञान केन्द्र मथुरा के वैज्ञानिकों के द्वारा तकनीकी खेती से सम्बन्धित कृषकों को विस्तृत जानकारी दी गयी तथा जिला कृषि अधिकारी अश्विनी कुमार सिंह द्वारा मंच संचालन किया गया। बाजार से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी कृषकों को दी गई। पशुपालन, मत्स्य, उद्यान एवं अन्य विभागों के द्वारा अपने अपने विभागो मे चलाई जा रही योजनाओं के सम्बन्ध मे अवगत कराया गया।

## सर्वसमाज के कल्याण के लिए है श्रीमद् भगवद्गीता: कैवल्यापति

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**वृन्दावन स्थित** चंद्रोदय मंदिर में गीता फेस्ट 2023 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में मथुरा जनपद के 15 विद्यालयों के, एक हजार विद्यार्थियों ने गीता के सस्वर श्लोक गायन स्पर्धा में भाग लिया। विभिन्न स्पधाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके भक्ति वेदांत गुरुकुल के विद्यार्थियों ने गीता फेस्ट 2023 की विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए वृन्दावन चंद्रोदय मंदिर के उपाध्यक्ष श्री कैवल्यापति दास ने कहा कि श्रीमद् भगवद्गीता हमारा मार्ग दर्शक



ग्रंथ है। यह सर्व समाज के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करती है। गीता के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्पर्धा के इस युग में गीता का संदेश प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंचाना अति आवश्यक है। चंद्रोदय मंदिर सनातन धर्म के प्रचार प्रसार के लिए कटिबद्ध है। संस्था द्वारा निरंतर सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता रहेगा। कार्यक्रम संयोजिका श्रीमती विष्णु प्रिया देवी दासी ने बताया कि दो दिवसीय गीता फेस्ट 2023 स्पर्धा का पुरस्कार वितरण कार्यक्रम गीता जयंती के पावन पर्व पर किया गया। जिसमें स्वामी भक्ति वेदांत गुरुकुल को विजेता घोषित किया गया।

इसमें राजीव इंटरनेशनल, दिल्ली पब्लिक स्कूल, हेरीटेज स्कूल, वृन्दावन पब्लिक स्कूल, एएचएम और कृष्ण बलराम सामुदायिक विद्यालय के छात्रों ने सम्मान जनक प्रदर्शन किया। इस स्पर्धा में 167 विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## वृंदावन में श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़

### शहर की प्रमुख सड़कों पर घंटो लगा रहा जाम

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा।**

**शनिवार की** सुबह विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में दर्शन के लिए इस कदर भीड़ उमड़ी कि वृंदावन में जाम की स्थिति पैदा हो गई। एक ओर मार्गों पर वाहनों की लंबी कतार लग गई तो वहीं दूसरी ओर मंदिर जाने के सभी मार्गो पर भक्तों की भारी भीड़ नजर आई। श्रद्धालुओं की भीड़ को देख पुलिस प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाएं बौनी साबित हुई। वृंदावन स्थित बांके बिहारी मंदिर में शनिवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। विद्यापीठ चौराहा से लेकर बांके बिहारी मंदिर को जाने वाली सभी गलियां खचाखच श्रद्धालुओं से भर गईं। मंदिर के प्रवेश द्वारों पर श्रद्धालुओं के बीच धक्का मुक्की एवं भारी भीड़ की स्थिति बनी रही। भीड़ के दबाव में महिलाएं और बच्चे बुरी तरह फंसे नजर आए। इस दौरान सुरक्षाकर्मियों को हालत पर काबू पाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बांके बिहारी मंदिर के बाहर चबूतरे की रेलिंग को लांघकर श्रद्धालु मंदिर की ओर बढ़ने का प्रयास करते हुआ नजर आए।

बिहारी जी मंदिर के अंदर निजी सुरक्षा सुरक्षा गार्ड भी भीड़ को नियंत्रित करने में पसीना पसीना हो गए। विद्यापीठ चौराहा, दाऊजी, जुगाल घाट, दाऊजी तिराहा की ओर से मंदिर को जाने वाले भीड़ के सैलाब को नियंत्रित करने में पुलिस के भी हाथ पांव फूल गए। वृंदावन में रविवार को सुबह से मंदिरों के पट बंद होने तक जबरदस्त जाम लगा दिखाई दिया। शहर के प्रवेश मार्गों पर वाहनों को लंबी कतार लग गई। श्रद्धालु घंटों जाम में फंसे। वहीं स्थानीय लोगों का घरों से निकलना दुश्वार हो गया। शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई। बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं के आगे पुलिस प्रशासन की व्यवस्था बौनी नजर आईं।

## पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया बलिदान दिवस

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**आर्य बाल** भारती स्कूल परिसर में विश्व के प्रसिद्ध समाज सुधारक हुतात्मा स्वामी श्रद्धानंद का बलिदान दिवस पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया इस जिला स्तरीय स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस समारोह के मुख्य अतिथि हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा रोहतक के प्रधान सेठ राधा कृष्ण आर्य रहे विद्यालय के प्रबंधक जसवीर आर्य सूबेदार सुभाष सालवन विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे एसडीओ राजेश आर्य कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक जिला मीडिया प्रभारी ओम दत्त आर्य विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के



प्राचार्य सत्यवान आर्य ने की इस अवसर पर स्वामी श्रद्धानंद के जीवन पर आधारित 11 सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और प्राकृतिक खेती और नशा मुक्त समाज पर आधारित पांच नाटक भी छात्रों ने प्रस्तुत किये कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के साथ हुआ और शांति पाठ के साथ ही यह समारोह संपन्न हो गया इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली छात्रों को भी सम्मानित किया गया समारोह को संबोधित करते हुए हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान सेठ राधा कृष्ण आर्य ने कहा कि वेदों पर आधारित भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है इस संस्कृति में जहां शिक्षा विज्ञान संस्कार और अनुशासन को महत्व दिया जाता है वही ऋषि और कृषि संस्कृति को आगे बढ़ाने के भी सभी प्रयास किए जाते हैं लेकिन गुलामी के दिनों में भारत में मुगलिया और अंग्रेज संस्कृति को बढ़ावा दिया गया । विश्व की 10000 से अधिक आर्य समाज की संस्थाएं और आर्य शिक्षण प्रशिक्षण संस्थाएं और आर्य विश्वविद्यालय वेदों के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं उन्होंने कहा कि यूं तो आजादी के बाद देश ने सभी क्षेत्रों में बड़ी तेजी से विकास किया है लेकिन 10 वर्षों के दौरान सत्य सनातन वैदिक धर्म और जहर मुक्त खेती तथा नशा मुक्त समाज बनाने में केंद्र व प्रदेश सरकार ने जो कार्य किया है वह भी अभूतपूर्व है उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत जिस प्रकार अंत्योदय अभियान के तहत देश को सभ्य शिक्षित और विकसित बनाने का कार्य कर रहे हैं ।उन्हें खुशी है कि आज हरियाणा की सभी आर्य शिक्षण संस्थानों में एक साथ स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस मनाया जा रहा है इसलिए सभी छात्रों को ऋषि दयानंद स्वामी श्रद्धानंद के बताए मार्ग पर चलते हुए इस देश को शिक्षित विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनाने में अपना पूर्ण सहयोग देना चाहिए।

# 'गीता का सन्देश सार्वभौमिक, शाश्वत और सार्वकालिक'

## 48 कोस के तीर्थों का भ्रमण करवाने के लिए जल्द ही बसों की होगी सुविधा शुरू, 182 तीर्थों की जानकारी से संबंधित पुस्तक का किया विमोचन

**गीता संदेश**

**8 कुरुक्षेत्र के पास पीपली में संत रविदास तथा सिख गुरुओं की स्मृति में स्मारक बनाये जाएंगे : मुख्यमंत्री**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने घोषणा की कि कुरुक्षेत्र के पास पीपली में संत रविदास तथा सिख गुरुओं की स्मृति में स्मारक बनाये जाएंगे ताकि लोग उनकी शिक्षाओं से प्रेरणा ले सकें। श्रद्धालुओं को कुरुक्षेत्र के पास 48 कोस के तीर्थों का भ्रमण करवाने के लिए जल्द ही बसों की सुविधा शुरू करवाने की भी बात कही। वे कुरुक्षेत्र में 48 कोस तीर्थ सम्मेलन के दौरान उपस्थित साधु - संतों एवं आस - पड़ोस के प्रबुद्ध लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने 48 कोस की परिधि में स्थित 182 तीर्थों की जानकारी से संबंधित एक पुस्तक का विमोचन किया और लोगों को इस पुस्तक का अधिक से अधिक प्रचार करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने 48 कोस क्षेत्र में आने वाले तीर्थों से कलश के माध्यम से लाई गई मिट्टी को पवित्र बताते हुए नमन किया और कहा कि ये सभी तीर्थ स्थल प्रेरणा के स्रोत हैं। उन्होंने भगवद गीता और 48 कोस तीर्थों के पास होने को एक अनूठा संगम बताया और कहा कि गीता का सन्देश सार्वभौमिक, शाश्वत और सार्वकालिक है। उन्होंने कुरुक्षेत्र की भांति 48 कोस की परिधि में आने वाले तीर्थों को पुण्य की धरती बताया और कहा कि राज्य सरकार इन तीर्थों को भी विकसित कर रही है। उन्होंने बताया कि पावन सरस्वती एवं दृषद्वती नदियों के बीच स्थित कुरुक्षेत्र की 48 कोस भूमि में 367 तीर्थ स्थल हैं, जिनमें से कुछ लुप्त प्रायः हो चुके हैं। हम इन तीर्थों का जीर्णोद्धार कर इनके वैभव को पुनः स्थापित करने के लिए कृतसंकल्प हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि अभी हाल में ही 48 कोस कुरुक्षेत्र भूमि के 164 तीर्थों की सूची में सर्वेक्षण एवं दस्तावेजीकरण के पश्चात 18 नए तीर्थों को जोड़ा गया है, जिससे अब इस भूमि के तीर्थों की कुल संख्या 182 हो चुकी है। तीर्थों के सर्वेक्षण और दस्तावेजीकरण का यह कार्य अभी भी निरन्तर जारी है और निकट भविष्य में इस सूची में और भी तीर्थों के जुड़ने की सम्भावना है। उन्होंने आस -पास के जिलों में तीर्थ स्थानों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने वर्ष 2017 और 2018 में 48 कोस की परिक्रमा में स्थित अनेक तीर्थों पर जाकर उनके दर्शन किए और उनके विकास की घोषणाएं भी की। उनके द्वारा घोषित 27 विकास कार्यों की लागत लगभग 36 करोड़ रुपये बनती है। इनमें से 23 करोड़ रुपये विकास कार्यों पर खर्च किए जा चुके हैं। कुल 27 में से 15 कार्य पूरे हो चुके हैं, 6 पर काम चल रहा है और शेष 6 पर भी काम शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि गत 6 अप्रैल को मैंने सरस्वती तीर्थ पेहोवा के जीर्णोद्धार और सरस्वती द्वार के निर्माण की घोषणा की थी। इसके विकास पर 10 करोड़ रुपये की लागत का अनुमान है। इसके अलावा पिछले 4 साल में कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड को 64 विकास कार्यों के लिए 51 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें से लगभग 28 करोड़ रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। इसमें से 15 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं तथा 20 कार्य पूरे हो चुके हैं व 27 पर काम चल रहा है। हमने 15 करोड़ 66 लाख रुपये लागत के 18 अन्य विकास कार्यों की स्वीकृति दी है। इन पर जल्द ही काम शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि ब्रज भूमि की 84 कोसी यात्रा की तर्ज पर 48 कोस कुरुक्षेत्र भूमि में स्थित तीर्थों की यात्रा शुरू की जाए। यहाँ पर इन तीर्थों को जोड़ने के लिए बसें चलाई जाएँगी जिनमें गाइड भी मौजूद रहेंगे जो यात्रियों को इन स्थलों की महत्ता से अवगत करवाएंगे। उन्होंने बताया कि धर्मक्षेत्र - कुरुक्षेत्र को भगवान श्रीकृष्ण जी की नगरी मथुरा और धार्मिक स्थल हरिद्वार से जोड़ने के लिए इन मार्गों पर ट्रेन चलाई गई है। उन्होंने कुरुक्षेत्र , ज्योतिसर एवं आस -पास के क्षेत्र में सरकार द्वारा करवाए गए धार्मिक विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी और कहा कि निश्चित तौर पर जल्द ही कुरुक्षेत्र को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कुरुक्षेत्र में आयोजित किये जा रहे गीता महोत्सव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2002 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इस महोत्सव को राष्ट्रीय स्तर का बनाया और उसको आगे बढ़ाते हुए वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2014 में इस गीता जयंती महोत्सव को अंतर्राष्ट्रीय बनाने के लिए प्रेरित किया जिसमे प्रदेश सरकार वर्ष 2016 से इसको आयोजित करने में सफल भी हुई है।

# 'युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद के पद चिन्हों पर चलने की जरूरत'

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ /दीपिका शर्मा**

**हरियाणा के** मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के फैकल्टी लॉज के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद की धातु की प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि युवा पीढ़ी को स्वामी विवेकानंद के पद चिन्हों पर चलने एवं राष्ट्र निर्माण के लिए संकल्प लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि केवल नाम जपने या आंखो में उनको बसाने की बजाए उनके विचारों पर चलने की जरूरत है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन वाक्य के शब्दों उठो, जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त ना हो जाए का उच्चारण कर युवाओं को उनके पदचिन्हों पर अनुसरण करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा तथा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के निर्माण में योगदान के लिए ललित कला विभाग के शिक्षकों व उनकी पूरी टीम को बधाई दी। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्रोत हैं और उनकी धातु की प्रतिमा युवाओं में जोश व उत्साह बढ़ाने का कार्य करेगी । इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्पोर्टस हॉस्टल का लोकार्पण भी किया। उन्होंने कहा कि इस हॉस्टल में खिलाड़ियों को हर तरह की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ खेल के क्षेत्र में भी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश में विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने कुवि को हॉकी में लगातार दूसरी बार मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्राफी(माका) मिलने पर कुलपति प्रो. सोमनाथ व टीम के खिलाड़ियों व कोच को बधाई दी। इस अवसर पर विधायक सुभाष सुधा, अतिरिक्त उपायुक्त व केडीबी के सीईओ अखिल पिलानी, पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र भौरिया, विहिप से दिनेश कुमार, कुवि कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा, डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. अनिल वशिष्ठ सहित गणमान्य लोग मौजूद थे।

# नए साल में हरियाणा कैबिनेट की पहली बैठक तीन जनवरी को

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

नए साल में हरियाणा कैबिनेट मीटिंग तीन जनवरी को होगी। मीटिंग को लेकर शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इस कैबिनेट बैठक में भाजपा के चुनावी एजेंडे के अनुसार फैसले किए जा सकते है । पुरानी पेंशन स्कीम को लेकर पर्यवेक्षकों की नजर इस बैठक पर लगी है। सीएम मनोहर लाल की अध्यक्षता में 3 जनवरी को सुबह 11 बजे चंडीगढ़ स्थित सचिवालय में कैबिनेट बैठक होगी। हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने इस बारे में जानकारी दी । हाल ही में हरियाणा का शीतकालीन विधानसभा सत्र खत्म हुआ है। संभावना जताई जा रही है कि, नए साल की पहली कैबिनेट मीटिंग में आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अहम फैसले किए जा सकते है।

हरियाणा में कर्मचारी संगठन एक अरसे से पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की मांग को लेकर आंदोलन करते रहे है।

# भूपेंद्र हुड्डा ने 10 साल में केवल 700 रुपए बुढ़ापा पेंशन बढ़ाई: दिग्विजय सिंह चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ अंकुश जैन**

**जननायक** जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि आज प्रदेश के बुजुर्गों को पूरा विश्वास है कि अगर जेजेपी के 45 विधायक होते तो पहले दिन ही 5100 रुपए बुढ़ापा पेंशन मिलती। दिग्विजय चौटाला ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा से सवाल करते हुए कहा कि हरियाणा में 10 साल कांग्रेस का शासन रहा लेकिन 10 साल में भूपेंद्र हुड्डा मात्र 700 रुपए बुढ़ापा पेंशन बढ़ा पाए। वहीं मौजूदा गठबंधन सरकार ने चार साल में ही 1000 रुपए पेंशन बढ़ाने का काम किया। उन्होंने कहा कि आज जेजेपी से सवाल करने की बजाय भूपेंद्र हुड्डा ने दस साल में बुढ़ापा पेंशन ज्यादा क्यूं नहीं बढ़ाई, इसका जवाब उन्हें देना चाहिए। वे शनिवार को करनाल और पानीपत में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान दिग्विजय चौटाला ने सात जनवरी को जेजेपी की करनाल लोकसभा की होने वाली रैली नवसंकल्प रैली का न्यौता दिया और रैली की

**हुड्डा को घेरा**

**8 अगर जेजेपी के 45 विधायक होते तो पहले दिन ही 5100 रुपए बुढ़ापा पेंशन मिलती: दिग्विजय सिंह चौटाला**

तैयारियों को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के प्रयासों से पिछले चार सालों में जनहित में कई बड़े बदलाव हुए है और आज इनका लाभ हर वर्ग को मिल रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला द्वारा करवाए विकास कार्यों और पार्टी की उपलब्धियों-नीतियों का प्रचार-प्रसार करें। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि गठबंधन सरकार ने हरियाणा के युवाओं के लिए प्राइवेट सेक्टर में 75 प्रतिशत नौकरियां आरक्षित करने का कानून बनाया था और दुष्यंत चौटाला इसे लागू करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि इस मामले में अदालत ने जो फैसला सुनाया है, उससे युवाओं को हताश होने की जरूरत नहीं है क्योंकि दुष्यंत चौटाला युवाओं के हक के लिए सुप्रीम कोर्ट में कानूनी लड़ाई लड़ेंगे।



# विज ने सरपंच की हत्या मामले में एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा के** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के अंबाला स्थित आवास पर प्रदेश के कोने-कोने से आए सैकड़ों फरियादियों का तांता लग रहा है। शनिवार उन्होंने समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। सोनीपत के गांव छिछडाना से आए फरियादियों ने बताया कि गांव के सरपंच की पूर्व में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया, मगर पूरे आरोपी अभी तक पकड़े नहीं गए है। उन्होंने आरोपियों द्वारा धमकाने के आरोप भी लगाए। गृह मंत्री अनिल विज ने इस मामले में कार्रवाई के लिए सोनीपत पुलिस कमिश्नर के नेतृत्व में एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार,



जनसुनवाई के दौरान गृह मंत्री अनिल विज के समक्ष कबूतरबाजी के कई मामले आए जिन्हें कार्रवाई के लिए कबूतरबाजी मामलों के लिए गठित एसआईटी के पास जांच हेतु भेजा गया। नारायणगढ़ से आए फरियादी ने बताया कि उसे अमेरिका भेजने के नाम पर एजेंट ने उससे पांच लाख रुपए की ठगी की, इसी तरह यमुनानगर से आए फरियादी ने बताया कि एजेंट ने उसके बेटे को पुर्तगाल भेजने के नाम पर 9 लाख रुपए की ठगी की, करनाल निवासी फरियादी ने बताया कि उसे अमेरिका भेजने के नाम पर चंडीगढ़ के एक एजेंट ने उसे पहले ईजरायल भेज दिया, बाद में उसे न आगे अमेरिका भेजा गया और न ही पैसे लौटाए गए। उससे 12 लाख रुपए की ठगी की गई। गृह मंत्री ने इन मामलों में एसआईटी को कार्रवाई के निर्देश दिए।

**गृह मंत्री अनिल विज ने इन मामलों में अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए:** गृह मंत्री अनिल विज से करनाल से आई विवाहिता ने पति व ससुराल के अन्य लोगों पर दुराचार व प्रताड़ित करने के आरोप लगाए, महिला ने कहा केस दर्ज होने के बावजूद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। गृह मंत्री ने किसी अन्य डीएसपी से मामले की जांच के निर्देश दिए। इसी तरह, झज्जर निवासी व्यक्ति ने जमीन पर कब्जा करने, कैथल निवासी व्यक्ति ने ससुराल पक्ष पर मारपीट करने, करनाल के गांव उपजनथली निवासी व्यक्ति ने विकास कार्यों में घोटाला करने, सोनीपत निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर मारपीट करने के आरोप लगाए जिन पर मंत्री विज ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

**बहन ने भाई पर लगाए धमकाने के आरोप, गृह मंत्री ने सोनीपत पुलिस कमिश्नर को जांच सौंपी:** सोनीपत से आई महिला ने गृह मंत्री को शिकायत देते हुए बताया कि उसके पिता ने अपनी प्रापर्टी का 40 प्रतिशत हिस्सा उसके नाम किया था, मगर अब पिता की मृत्यु के उपरांत उसका भाई उससे लगातार धमका रहा है। गृह मंत्री ने सोनीपत पुलिस कमिश्नर को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह, नारायणगढ़ निवासी व्यक्ति ने कहा कि मारपीट मामले में दर्ज केस को वापस लेने के लिए दूसरे पक्ष द्वारा बदमाशों से फोन करवाए जा रहे है।

# संयुक्त किसान मोर्चा नीलम के पक्ष में आंदोलन नही करेगा

**फैसला**

**8 दिल्ली में हुई एसकेएम की बैठक में इसको लेकर चर्चा हुई, लेकिन आंदोलन की योजना नहीं बनी**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**संसद** सुरक्षा में सेंध मामले में गिरफ्तार की गई नीलम के समर्थन में संयुक्त किसान मोर्चा आंदोलन नहीं करेगा। दिल्ली में हुई एसकेएम की बैठक में इसको लेकर चर्चा हुई, लेकिन आंदोलन की योजना नहीं बनी। अब स्थानीय किसान संगठन इस बारे में योजना बनाएंगे। इसके लिए जल्द ही किसान संगठनों की बैठक बुलाई जाएगी। घसो खुर्द गांव निवासी नीलम को दिल्ली पुलिस ने संसद सुरक्षा सेंध मामले में 13 दिसंबर को गिरफ्तार किया था। इसके बाद किसान नेता आजाद पालवां व उनकी टीम ने नीलम के गांव में पहुंच कर उसके समर्थन में नारेबाजी की थी। उधर नीलम को दिल्ली हाई कोर्ट से झटका लगा है। शुक्रवार को हाई कोर्ट ने निचली अदालत के उस आदेश पर रोक लगा दी है जिसमें पुलिस को नीलम को प्राथमिकी की प्रति उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था।न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने निचली अदालत के 21 दिसंबर के आदेश को चुनौती देने वाली दिल्ली पुलिस की याचिका पर आरोपित नीलम देवी को नोटिस जारी किया है। अगली सुनवाई चार जनवरी को होगी।उल्लेखनीय है कि पिछले 13दिसंबर को संसद हमले की बरसी वाले दिन लोकसभा की दर्शक दीर्घा से दो युवक सदन में कूद गए थे।इन दोनों ने सदन में धुंआ छोड़ा था।इस घटना से संसद की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए थे। पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में नीलम समेत छह युवकों को गिरफ्तार किया था।

# परिणय सूत्र में बंधे विधायक भव्य विश्नोई और आईएएस परी उदयपुर की वादियों में लिए फेरे

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा के** पूर्व सीएम चौधरी भजनलाल के पौते आदमपुर विधायक भव्य बिश्नोई शुक्रवार की रात परिणय सूत्र में बंध गए। उन्होंने राजस्थान के उदयपुर में आईएएस परी विश्नोई के संग फेरे लिए। रीति रिवाज के अनुसार शादी की रस्मों को पूरा किया। इस मौके पर दोनों परिवारों के लोग उपस्थित रहे। उदयपुर पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में दोनों परिवारों के अलावा चुनिंदा लोग ही आमंत्रित किए गए थे। 24 दिसंबर को पुष्कर में भी स्वागत भोज का कार्यक्रम रहेगा। पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई की ओर से 26 दिसंबर को आदमपुर में आशीर्वाद समारोह एवं प्रतिभोज कार्यक्रम रखा गया है। जिसमें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, कुछ केंद्रीय मंत्री, सीएम मनोहर लाल, राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, राजस्थान के विधायकों सहित अन्य विशिष्ट लोगों के आने की संभावना है। जिसको लेकर प्रशासन अलर्ट हो गया है। अधिकारियों ने आदमपुर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# सिवानी में भाजपा की किसान रैली आज



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के लोहारू हल्के के गांव सिवानी में रविवार को भारतीय जनता पार्टी की ओर से किसान दिवस पर आयोजित किसान रैली को मुख्यमंत्री मनोहर लाल,प्रदेश भाजपा प्रभारी विप्लव कुमार देव और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष नायब सैनी संबोधित करेंगे।

हरियाणा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता दांगी ने कहा कि किसान सम्मान दिवस रैली ऐतिहासिक होगी। रैली में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं की भागीदारी हो इसके लिए महिला मोर्चा की महिला कार्यकर्ता और पदाधिकारी घर-घर जाकर न्यौता दे रही हैं। श्रीमती दांगी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर आयोजित रैली में मुख्यमंत्री मनोहरलाल, बीजेपी के प्रदेश प्रभारी बिप्लब कुमार देब, प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी शामिल होंगे।

सुनीता दांगी ने कहा कि रैली में ज्यादा से ज्यादा महिलाएं शामिल हो इसके लिए उन्होंने पहले से ही टीमों का गठन कर दिया था। महिला मोर्चा की टीमों ने घर-घर जाकर महिलाओं को रैली में आने का न्यौता दे रही हैं। श्रीमती दांगी ने कहा कि वह स्वयं भी गांव-गांव जाकर महिलाओं का आमंत्रित कर रही हैं। रविवार को होने वाली रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए महिला मोर्चा ने अपनी पूरी ताकत झोंकी हुई है।

# पहाड़ों पर बर्फबारी से हरियाणा के मैदानी इलाकों में ठिठुरन बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**पहाड़ों पर** हो रही बर्फबारी ने च मैदानी इलाकों में ठिठुरन बढ़ा दी है। रात का तापमान तेजी से नीचे गिर रहा है। मौसम में बदलाव के साथ ही प्रदेश कई जिलों में बूंदाबांदी के आसार बने हुए है। हरियाणा सरकार ने एक से पंद्रह जनवरी तक शीतकालीन अवकाश घोषित कर दिया है। उत्तर हरियाणा में घना कोहरा छाने की संभावना है। शीतलहर के कारण हिसार के बालसमंद का न्यूनतम तापमान तीन डिग्री तक पहुंच गया। बालसमंद का क्षेत्र हिमाचल प्रदेश के शिमला, राजस्थान के चुरु और जम्मू से भी ठंडा है। इसके साथ ही महेंद्रगढ़ एडब्ल्यूएस का न्यूनतम तापमान 3.4 डिग्री, फतेहाबाद का 3.5 डिग्री तो हिसार का तापमान भी 3.8 डिग्री तक जा पहुंचा। हिमाचल में शिमला का तापमान 11 डिग्री तक दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञानियों की ओर से उत्तर हरियाणा में घना कोहरा छाने की संभावना व्यक्त की गई है। हिसार के पिछले दो सप्ताह के तापमान की बात करें तो यह चार डिग्री तक कम हुआ है। हिसार में आठ दिसंबर को न्यूनतम तापमान 7.2 डिग्री था। हरियाणा में एक से 15 जनवरी तक स्कूलों में छुट्टी रहेगी। प्रदेश सरकार ने सभी सरकारी और निजी स्कूलों में शीतकालीन अवकाश घोषित कर दिया है। प्रदेश में लगातार तापमान में गिरावट आ रही है।

ऐसे में शिक्षा विभाग ने एक से 15 जनवरी तक स्कूलों में शीतकालीन अवकाश घोषित कर दिया है। सभी स्कूल 16 जनवरी को खुलेंगे।

# सरकार किसानों के हित के लिए हमेशा प्रतिबद्ध : कृषि मंत्री जेपी दलाल

## - चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में किसान दिवस का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**किसानों को** उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ-साथ नवीनतम तकनीकों और मार्केटिंग रणनीतियों पर ध्यान देना होगा, ताकि उनके उत्पादों के बेहतर दाम मिलने के साथ अंतर्राष्ट्रीय मार्केट में उनकी मांग बढ़े। ये विचार प्रदेश के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री जयप्रकाश दलाल ने आज चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित किसान दिवस पर बतौर मुख्यातिथि किसानों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने अपने संबोधन में सरकार द्वारा किसानों के हित के लिए चलाई जा रही कृषि योजनाओं को विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने कृषि का बजट जोकि पहले 800 करोड़ था वो अब बढ़कर 3900 करोड़ रुपये कर दिया है। बाजरे के भाव जो पहले 800 रुपये होता था आज 2500 रुपये प्रति क्विंटल दिया जा रहा है। इसके अलावा सरकार ने नहरों, मछली पालन, बिजली व ट्यूबवैल कनेक्शन के बजट को भी बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा पहला एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां 14 फसलों की एमएसपी पर खरीदारी होती है। सरकार ने फसल बीमा योजना के तहत 9 हजार करोड़ रुपये किसानों को वितरित किया है, जबकि फसल बीमा कंपनियों ने किसानों से 1973 करोड़ रुपये ही लिए थे। राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कृषि उत्पादों को बेचने के लिए, सरकार द्वारा गन्नौर में विश्वस्तरीय सबसे बड़ी मंडी बनाई जा रही है, जहां अंतर्राष्ट्रीय ग्राहक आएंगे। इसके लिए फतेहाबाद, हिसार, करनाल व कुरुक्षेत्र जिलों में उत्पादों की पैकिंग, ग्रेडिंग, सोर्टिंग और कोल्ड स्टोरेज सेंटर बनाए जाएंगे, जहां से उत्पादों को गन्नौर ले जाकर उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मंडियों में बेचा जा सकेगा। कृषि मंत्री ने कहा कि कृषि के क्षेत्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंसी जैसी आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने के लिए सरकार 125 किसानों को ड्रोन की ट्रेनिंग दिलवा चुकी है और 13 लाख के इलेक्ट्रिक व्हीकल सहित ड्रोन व नैनो यूरिया भी वितरित किए गए है ताकि कोई भी किसान 100 रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से छिड़काव करवा सकता है। इस कार्य में लगी शेष पूंजी का वहन सरकार द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस स्कीम के तहत एक लाख एकड़ की मंजूरी सरकार द्वारा दे दी गई है।

**चर्चा**

**8 सरकार द्वारा गन्नौर में विश्वस्तरीय सबसे बड़ी मंडी बनाई जा रही है, जहां अंतर्राष्ट्रीय ग्राहक आएंगे**



# 'गीता के प्रत्येक श्लोक को हमें पढ़ना चाहिए'

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता** ने कहा कि श्रीमद् भगवद् गीता के सार को हमें अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता हैं। श्रीमद् भगवद् गीता के प्रत्येक श्लोक को हमें पढना चाहिए। श्रीमद् भगवद् गीता के सार को जब हम अपने जीवन में उतारेगें तो आपको अपने जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन देखने को मिलेगा और आप मानव सेवा की ओर अग्रसर होगें। मानव जीवन की हर समस्या का हल श्रीमदभगवदगीता में है। यह अभिव्यक्ति अतिरिक्त उपायुक्त ने राम बाग मैदान अम्बाला शहर में आयोजित जिला स्तरीय गीता जयन्ती महोत्सव में बतौर मुख्यअतिथि अपने सम्बोधन में कही।



इस मौके पर रामबाग मैदान अम्बाला शहर में जिला स्तरीय गीता महोत्सव के उपलक्ष में लगाई गई भव्य प्रदर्शनी का अतिरिक्त उपायुक्त ने अवलोकन भी किया। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार, डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी राम निवास, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी व अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। गीता जयंती महोत्सव के दूसरे दिन भी भारी संख्या मे लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और जानकारी प्राप्त की जिनमें स्कूली बच्चों के साथ-साथ अन्य लोग भी शामिल थे। अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने इस मौके पर गीता जयन्ती महोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि आज सारे प्रदेश में नहीं विदेशों में भी गीता महोत्सव को धूम धाम के साथ मनाया जा रहा हैं। उन्होने कहा कि गीता जीवन में उतारने का सबसे बड़ा महान ग्रन्थ है। जीवन का सम्पूर्ण सार गीता में हैं। लगभग 5100 वर्ष पहले भगवान श्री कृष्ण ने गीता का जो संदेश उस समय दिया था उसकी सार्थकता आज भी उतनी ही है। गीता के एक श्लोक को यदि हम मन से आत्मसात कर लें तो हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। उन्होने कहा कि आज गीता स्थली कुरूक्षेत्र सारी दूनिया का आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। वहां पर गीता के 18 अध्यायों को लेकर विराट भवन बनाया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा गीता का संदेश जन-जन तक पहंचे, इसके लिए निरंतर कार्य किए जा रहे है।

कार्यक्रम के दौरान कुरूक्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से गीता मुनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने 11 बजे एक साथ एक मिनट वैश्विक गीता पाठ के साथ सभी को जोडने का काम किया। उन्होने कहा कि आज एक करोड़ से अधिक लोग इस वैश्विक गीता पाठ के साथ जुडे हैं। देश के 20-25 प्रांतो में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से इस आहवान में सभी ने अपनी अहम भूमिका निभाई है। हर की पौड़ी हरिद्वार में एक हजार संतो ने इस पाठ से जुड़े तथा वैष्णों देवी मंदिर से भी भगवदगीता के पाठ से श्रद्धालु जुडे हैं। जिला स्तरीय कार्यक्रम में 21 स्कूली विद्यार्थियों ने गीता श्लोकोच्चारण की प्रस्तुति दी। प्रदर्शनी स्थल पर हयिाणावी वाद्य यंत्रों से सुसज्जित पार्टियों ने दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। पलवल जिला के गांव बंचारी से नगाडा पार्टी व बीन पार्टी ने कार्यक्रम स्थल पर मुख्य अतिथि सहित अन्य लोगों का स्वागत करते हुए अपनी बेहतर प्रस्तुति दी।

# विज के दरबार में सैकड़ों फरियादियों ने लगाई हाज़िरी

## दिशा-निर्देश दिए

8 यमुनानगर निवासी व्यक्ति ने हत्या के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने, अम्बाला शहर निवासी व्यक्ति ने धोखे से उसकी प्रापर्टी हड़पने एवं अन्य कई मामले आए जिन पर गृह मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**हरियाणा के** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के अंबाला स्थित आवास पर प्रदेश के कोने-कोने से आए सैकड़ों फरियादियों का तांता लग रहा है। शनिवार उन्होंने समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। सोनीपत के गांव छिछडाना से आए फरियादियों ने बताया कि गांव के सरपंच की पूर्व में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया, मगर पूरे आरोपी अभी तक पकड़े नहीं गए है। उन्होंने आरोपियों द्वारा धमकाने के आरोप भी लगाए। गृह मंत्री अनिल विज ने इस मामले में कार्रवाई के लिए सोनीपत पुलिस कमिश्नर के नेतृत्व में एसआईटी गठित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार, जनसुनवाई के दौरान गृह मंत्री अनिल विज के समक्ष कबूतरबाजी के कई मामले आए जिन्हें कार्रवाई के लिए कबूतरबाजी मामलों के लिए गठित एसआईटी के पास जांच हेतु भेजा गया। नारायणगढ़ से आए फरियादी ने बताया कि उसे अमेरिका भेजने के नाम पर एजेंट ने उससे पांच लाख रुपए की ठगी की, इसी तरह यमुनानगर से आए फरियादी ने बताया कि एजेंट ने उसके बेटे को पुर्तगाल भेजने के नाम पर 9 लाख रुपए की ठगी की, करनाल निवासी फरियादी ने बताया कि उसे अमेरिका भेजने के नाम पर चंडीगढ़ के एक एजेंट ने उसे पहले ईजरायल भेज दिया, बाद में उसे न आगे अमेरिका भेजा गया और न ही पैसे लौटाए गए। उससे 12 लाख रुपए की ठगी की गई। गृह मंत्री ने इन मामलों में एसआईटी को कार्रवाई के निर्देश दिए। गृह मंत्री अनिल विज से करनाल से आई विवाहिता ने पति व ससुराल के अन्य लोगों पर दुराचार व प्रताड़ित करने के आरोप लगाए, महिला ने कहा केस दर्ज होने के बावजूद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। गृह मंत्री ने किसी अन्य डीएसपी से मामले की जांच के निर्देश दिए। इसी तरह, झज्जर निवासी व्यक्ति ने जमीन पर कब्जा करने, कैथल निवासी व्यक्ति ने ससुराल पक्ष पर मारपीट करने, करनाल के गांव उपजनथली निवासी व्यक्ति ने विकास कार्यों में घोटाला करने, सोनीपत निवासी विवाहिता ने ससुराल पक्ष पर मारपीट करने के आरोप लगाए जिन पर मंत्री विज ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए। सोनीपत से आई महिला ने गृह मंत्री को शिकायत देते हुए बताया कि उसके पिता ने अपनी प्रापर्टी का 40 प्रतिशत हिस्सा उसके नाम किया था, मगर अब पिता की मृत्यु के उपरांत उसका भाई उससे लगातार धमका रहा है। गृह मंत्री ने सोनीपत पुलिस कमिश्नर को मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह, नारायणगढ़ निवासी व्यक्ति ने कहा कि मारपीट मामले में दर्ज केस को वापस लेने के लिए दूसरे पक्ष द्वारा बदमाशों से फोन करवाए जा रहे हैं।

यमुनानगर निवासी व्यक्ति ने हत्या के मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने, अम्बाला शहर निवासी व्यक्ति ने धोखे से उसकी प्रापर्टी हड़पने एवं अन्य कई मामले आए जिन पर गृह मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

## न्यूज फ्लैश

### फिनो पेमेंट्स बैंक एक ऐसा बैंक जो आपके घर, दुकान और हर गली में देगा आपको हर बैंकिंग सुविधा



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**देश के** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल भारत का नारा दिया था,पीएम मोदी के उस सपने को मुम्बई से संचालित फिनो पेमेंट बैंक पूरा कर रहा है।वहीं अब फिनो पेमेंट बैंक डिजिटल बैंकिंग सिस्टम का हरियाणा और पानीपत में विस्तार कर रहा है ।फिनो पेमेंट्स बैंक अपनी बैंकिंग सेवाओं को पंजाब और औद्योगिक शहर हरियाणा के सभी 22 जिलों में पानीपत के भीतरी इलाकों तक पहुंचाने की योजना बना रहा है। यह बैंक टेलीकॉम, शॉप, जनरल प्रोविजन, स्टोर्स आदि की मदद से डिजिटल बैंकिंग सेवाएं प्रदान करता है ।क्योंकि यह स्थान ग्राहक के करीब स्थित होते हैं और यहां तक ग्राहक आसानी से पहुंच जाते हैं ।
गौरतलब है कि 2011 की गणना के अनुसार पानीपत शहर की आबादी लगभग तीन लाख थी जबकि 198 गांव वाले पानीपत जिले की आबादी 12 लाख से अधिक थी। कभी बुनकरों के शहर के नाम से मशहूर इस शहर में कपड़ा, कांच, बिजली के उपकरण और अन्य औद्योगिक इकाइयां हैं। जो स्थानीय और प्रवासी लोगों को रोजगार देती हैं ।इस क्षेत्र को गुणवत्तापूर्ण बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच की आवश्यकता है ।आनंद भाटिया सीएमओ फिनो पेमेंट्स बैंक ने कहा आज लोगों को सरल सुविधाजनक और सुरक्षित बैंकिंग सेवाओं की जरूरत है। लोगों का विश्वास बढ़कर वह उन्हें स्वीकार करते हैं। ग्राहक यहां आकर बैंक खाता खुलवा सकते हैं और डिजिटल बैंकिंग करना शुरू कर सकते हैं ।व्यापारियों को नए लोकल बैंकर बताते हुए तुषार लंका रीजनल हेड फिनो पेमेंट्स बैंक ने कहा पानीपत शहर और उसके आसपास हमारे 12500 से अधिक व्यापारी हैं और पूरे हरियाणा में 11500 व्यापारी हैं ।इस राज्य की 65% से ज्यादा आबादी गांव में निवास करती है ।जहां बैंकिंग की पहुंच कम है ।इन ग्राहकों को सेवा देने में हमारे व्यापारी जैसे मन्नत टेलीकॉम पानीपत आदि महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ।ब इस शहर और राज्य में और ज्यादा ग्राहकों तक पहुंचाने के लिए हम अगले 12 से 18 महीना में अपने नेटवर्क में 50% वृद्धि करने की योजना बना रहे हैं ।फिनो पेमेंट्स बैंक मार्केट में आने से अब लोगों को लंबी-लंबी कतारों में लगकर खड़े होकर फॉर्म भरवाने की जरूरत नहीं है ।अब सब कुछ उनके मोबाइल पर ही उपलब्ध है और जहां पर वह रहते हैं उन छोटे दुकानदारों के पास भी उन्हें वह सुविधा मिल जाती है।
फिनो पेमेंट्स बैंक एक अकेला ऐसा बैंक है जो 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को भी एटीएम कार्ड उपलब्ध करवाता है।
जिस दिन उपभोक्ता इस बैंक में अपना खाता खुलवाता है उसी दिन से बैंक उसका 2 लाख का मुफ्त इंश्योरेंस कर देता है।

### एक मिनट एक साथ गीता पाठ में शामिल हुए हजारों लोग

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**अंतराष्ट्रीय** गीता महोत्सव 2023 के अन्तर्गत पानीपत के जिला स्तरीय गीता महोत्सव में शनिवार सुबह 11 बजे एक मिनट एक साथ गीता पाठ में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। जीओ गीता संस्था से जुडे समाजसेवी अनिल मदान ने सभी को एक मिनट एक साथ गीता पाठ करवाया। इस कार्यक्रम में ना केवल जीओ गीता संस्था से जुडे लोग शामिल हुए बल्कि विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी, अध्यापक और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी शामिल हुए। इस दौरान कार्यक्रम में नगर निगम पार्षद लोकेश नांगरू मुख्यअतिथि के रूप में पहुंचे। समाजसेवी अनिल मदान ने श्रीमद्द्भगवत गीता के पहले श्लोक के साथ-साथ एक श्लोक गीता के मध्य का और अंतिम श्लोक का सरल हिन्दी में पाठ करवाया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के वरिष्ठद अधिकारी और जीओ गीता के प्रतिनिधि के तौर पर अनिल मदान, रमेश माटा, रविन्द्र सैनी, जिला स्काउट्स के अध्यक्ष गुलाब पांचाल आदि भी उपस्थित रहे।

# मुरलीधर डीएवी स्कूल में बलिदान दिवस पर हवन यज्ञ आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**मुरलीधर** डीएवी विद्यालय के प्रांगण में युवा समाज मंच द्वारा स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस पर वैदिक हवन यज्ञ द्वारा स्वामी श्रद्धानंद को श्रद्धा सुमन भेंट किए गए। विशेष प्रार्थना सभा के दौरान स्वामी श्रद्धानंद को कविता कहानी के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय प्राचार्य डॉ राधा रमन श्री ने बताया कि स्वामी श्रद्धानंद एकमात्र हिंदू संन्यासी थे, जिन्होंने राष्ट्रीय एकजुटता और वैदिक धर्म के लिए मुख्य जामा मस्जिद नई दिल्ली की मीनारों से एक विशाल सभा को संबोधित किया था, जो वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ अपना भाषण शुरू करते थे ।उन्होंने शुद्धि आंदोलन के माध्यम से हिंदू धर्म के भीतर एक महत्वपूर्ण शक्ति जन्म दिया । 1922 में, डॉ. अम्बेडकर ने श्रद्धानंद को "अछूतों का सबसे महान और सबसे ईमानदार चैंपियन" कहा। 23 दिसंबर 1926 को एक धर्मान्ध व्यक्ति अब्दुल रशीद ने उनकी हत्या कर दी। प्राचार्य डॉ राधा रमन सूरी ने विद्यार्थियों को वेदों के ज्ञान को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया



# शराब तस्करी मामले में फरार दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**थाना** इसराना पुलिस ने शराब तस्करी मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को शुक्रवार देर शाम गांव नौल्था अड्डे से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान दिनेश व प्रदीप निवासी नौल्था के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपियों ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी संदीप निवासी नौल्था के साथ मिलकर अवैध शराब तस्करी की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ के बाद पुलिस ने शनिवार को दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। थाना इसराना प्रभारी इंस्पेक्टर बलराज ने बताया कि थाना इसराना पुलिस की टीम ने बीते शविवार को मिली गुप्त सूचना पर गांव नौल्था में डिडवाड़ी मोड़ के नजदीक एक प्लाट से 26 पेटटी अवैध देसी शराब मार्का रसीला संतरा सहित आरोपी संदीप उर्फ काला निवासी नौल्था को गिरफ्तार किया था। उसके दो साथी आरोपी पुलिस टीम को आता देखकर मौके से भागने में कामयाब हो गए थे। आरोपी संदीप ने पूछताछ में भागने वाले अपने साथी आरोपियों की पहचान दिनेश पुत्र राजबीर व प्रदीप पुत्र जसमेर निवासी नौल्था के रूप में बताई थी।

# 2 किलो 700 ग्राम अफीम व ट्रक सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

**पुलिस** अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह रंधावा के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करी को रोकने हेतू चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना नारायणगढ़ क्षेत्र से नशा तस्करी के मामले में 21 दिसम्बर 2023 को एन्टी नारकोटिक सैल अम्बाला के पुलिस दल ने निरीक्षक सत्यवान के नेतृत्व में तुरन्त कार्यवाही करते हुए मुकदमा नम्बर 614 दिनांक 21 दिसम्बर 2023 धारा 18 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना नारायणगढ मे दर्ज कर आरोपी सुनील कुमार निवासी गावँ गदोली थाना नारायणगढ़ जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार दिनांक 23 दिसम्बर 2023 तक 2 दिन का रिमांड प्राप्त किया गया है।



21 दिसम्बर 2023 को एन्टी नारकोटिक सैल अम्बाला के पुलिस दल को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। आज भी अपने ट्रक मे मादक पदार्थ ले कर सब्जी मण्डी नारायाणगढ से गुजरेगा। सुचना उपरान्त पुलिस दल ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए थाना नारायणगढ़ क्षेत्र सब्जी मण्डी नारायाणगढ के पास नाकाबन्दी की।

नाकाबंदी के दौरान सन्दिग्ध वाहन की चैकिंग करते समय आरोपी के ट्रक नम्बर एच आर 37ई-6782 की तलाशी लेने पर आरोपी से 2 किलो 700 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी की पहचान सुनील कुमार निवासी गावँ गदोली थाना नारायणगढ़ जिला अम्बाला के रूप में हुई जिसे अफीम सहित गिरफ्तार कर थाना नारायणगढ़ में मामला दर्ज किया।

# लाइफ स्टाइल व मैनेजमेंट दोनों में गीता के गुर छिपे हुए हैं : कमल दीवान

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत ( संजीव कौशिक**

**स्वामी ज्ञानानंद** जी के आवाहन पर शहर के एटलस रोड स्थित पूर्व विधायक देवराज दीवान के सुपुत्र एवं दीवान चेरीटेबल ट्रस्ट के चैयरमेन कमल दीवान द्वारा गीता पाठ का आयोजन करवाया गया। जहां पर सैकड़ो कार्यकताओं ने मिलकर गीता पाठ एवं गायत्री मंत्र का उच्चारण किया। कमल दीवान ने सभी को गीता जयंती की बधाई देते हुए कहा कि स्वामी ज्ञानानंद जी द्वारा आवाहन किया गया था कि 23 दिसंबर को सभी देश वासिओ द्वारा गीता पाठ का आयोजन किया जायेगा। जिसको लेकर आज सभी शहरवासियो एवं बुजुर्गो द्वारा यंहा एकत्रित होकर गीता पाठ एवं गायत्री मंत्र का उच्चारण किया गया है। उन्होंने कहा कि गीता एक ऐसा ग्रंथ है जिसमे सभी प्राणियों के हित की बात कही है। हिंदू धर्म में भगवद् गीता प्रमुख धर्म ग्रंथों में से एक है। इसे सभी वेद व पुराणों का सार माना गया है। जिसमें लाइफ स्टाइल व मैनेजमेंट दोनों के गुर छिपे हुए हैं। यही वजह है कि गीता के उपदेश मनुष्य के आम जीवन से लेकर मैनेजमेंट की कक्षाओं तक पहुंचाए जा रहे हैं। इस अवसर पर सुरेश भारद्वाज , ललित दीवान, अशोक छाबड़ा, अशोक अरोड़ा, अशोक शर्मा, मूलचंद डाबरा, प्रेम नारायण गुप्ता, यूजर बत्रा, पवन बत्रा, राम कुमार, काला खेवड़ा, कुलदीप तिहाड़, चरणजीत सहगल, केसी डुडेजा, राजकरण शर्मा, संदीप भारद्वाज, मेहर चंद माणिक, प्रेम भूटानी, मदन टुटेजा, विजय तुली, विजय मित्तल, मेजर संजय खनगवाल, रवि कपूर, पीके बाली,दीप चंद, डॉ आजाद, हरबंस लाल बत्रा, सुदर्शन बत्रा, संजय भाई, रमेश बजाज, डॉ राकेश पूर्व पार्षद, अनिल नागर, लीलू प्रधान, लीलू गौतम, प्रशांत शर्मा वकील, दिनेश हुड्डा, ओम प्रकाश बड़वासनी, बिन्नी भारद्वाज, सतीश कालूपुर, मुकेश कालूपुर, दिनेश कालूपुर, प्रेम धमीजा, लाजपत मुखी , ईश्वर इंदौरा, बालमुकंद नंबरदार, देवेंद्र शर्मा, राजकुमार शर्मा चैयरमेन, राजेश भारद्वाज आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे



# मामचंद पब्लिक स्कूल के वार्षिक खेल उत्सव में पहुँचें मेयर निखिल मदान



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत :**

**शनिवार को** नगर निगम मेयर निखिल मदान ने शहर के देवडू रोड पर मामचंद पब्लिक स्कूल के वार्षिक खेल उत्सव में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर स्कूल के खेल मैदान में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। मेयर निखिल मदान ने सभी प्रतिभागी खिलाडियों का हौंसला बढ़ाया और विजेता खिलाडियों को पुरस्कृत किया। मेयर निखिल मदान ने सभी खिलाडियों को अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनायें दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

मेयर निखिल मदान ने कहा की आज के दौर में व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित तौर पर खेलों में भाग लेना आवश्यक है। उन्होंने कहा की कोरोना महामारी के बाद आजकल बच्चे ज्यादा समय मोबाइल और टीवी देखने में बिता रहे है जो स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है। इसलिए सभी बच्चों को अपनी दिनचर्या में किसी न किसी खेल को जरूर शामिल करना चाहिए।
स्कूल की प्राचार्य विनेश सैनी ने बताया कि मामचंद पब्लिक स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव मनाया जा रहा है,आज खेल उत्सव के समापन पर मेयर निखिल मदान ने भाग लिया और बच्चो का हौंसला बढ़ाया। इस अवसर पर स्कूल में बच्चों के साथ साथ उनके परिजनों के लिए भी एथलेटिक्स की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। सभी खेल प्रतियोगिताओं में गरुड़ हाउस विजयी रहा जिसके छात्र अभिषेक,मोहित ,सोहैल ,छात्राओं दीपिका ,मीनू ने स्वर्ण पदक जीते। इसके अतिरिक्त छात्र छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में स्थानीय निगम पार्षद मुकेश सैनी,स्कूल चेयरमैन सुमेर चंद,मेहर सिंह,कृष्ण ,किरण सैनी,प्राचार्य विनेश सैनी,राहुल सैनी विशेष रूप से मौजूद रहे।

# रेड क्रॉस ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगाया गया

## '21 से 27 दिसंबर तक गुरु गोविंद सिंह जी के पूरे परिवार की कुर्बानी को याद करना चाहिए था'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत/कमाल हुसैन**

**जन आवाज** सोसाइटी द्वारा शहीदी दिवस पर शहीदों की याद में रेड क्रॉस ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें सरदार सुखविंदर सिंह ने 58 बार अमित पावटी 35 बार , सामाजिक कार्यकर्ता डॉ दीपक गुप्ता सिद्धार्थ नर्सिंग होम व बीडीओ ऑफिस से जसवीर सिंह राठी नगर निगम से अशोक रत्नाकर, तुषार,अभिषेक विकास तहसील से संदीप कुंडू ,अजय, मोनू, वरिष्ठ पत्रकार विजेंद्र सिंह सहित 70 युवाओं ने रक्तदान किया जन आवाज सोसाइटी के प्रधान जोगेंद्र स्वामी ने कहा की उनका यह कैंप हिंदू और हिंदुस्तान की रक्षा के लिए अपनी बलिदान देने वाले साहिबजादो की याद में समर्पित है उन्होंने कहा कि हमारा अस्तित्व बचाने के लिए गुरु गोविंद सिंह जी के पूरे परिवार ने अपनी बलिदान देकर हमारे आने वाली पीढियां तक को सुरक्षित किया उन्होंने कहा कि हमें अपने बच्चों को इतिहास के बारे में जानकारी देनी चाहिए जहां 21 से 27 दिसंबर तक गुरु गोविंद सिंह जी के पूरे परिवार की कुर्बानी को याद करना चाहिए था वही हम आज अपने बच्चों को सांता क्लाज बनाने में लगे हुए हैं उन्होंने कहा कि उनका यह कैंप आज उन शहीदों को समर्पित है।

### कैंप

8 यह कैंप हिंदू और हिंदुस्तान की रक्षा के लिए अपनी बलिदान देने वाले साहिबजादो की याद में समर्पित है

उन्होंने बताया कि रक्तदाताओं में प्रतीक यादव, अक्षय माटा, सरदार गगी, स. परमजीत सिंह , स. रणजीत सिंह ,स.बच्चन पाल सिंह , स.हरप्रीत सिंह, पंकज, विकास,संतराम, बिजेंदर ,जय भगवान, रामअवतार ,प्रेम, ललित , साहिल ,अशोक, राजेश ठेकेदार, सुशील, देवेंद्र सिंह, पवन दिलावर ,जोगिंदर पाल, मनोज कुमार ,अजीत कुमार सतीश ,पवन शेट्टी , सरदार नवेज सिंह ,विकास शर्मा, संदीप ,नित शर्मा ,नरेंद्र ,प्रदीप, राजेश ,अशोक, सरदार करनजीत सिंह ,निखिल, हितेश, अनिल , साहिल चौधरी ,अनिल ,अशोक, वीरेंद्र कुमार , संदीप, वसीम, अमग ,दीपक ,रोनेश कुमार आदि ने रक्तदान किया इस अवसर पर रंजीत भोला,डीपी ग्रोवर, सरदार कवलजीत सिंह, प्रमोद पाल, गोविंद सैनी सीए, मनोज कुमार सुनील डावर, राजेश गोयल प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# करनाल लोकसभा नव संकल्प रैली होगी ऐतिहासिक: दिग्विजय चौटाला

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**

**आज जननायक** जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने 7 जनवरी को घरोंडा मे होने वाली जजपा की करनाल लोकसभा की रैली को लेकर पानीपत के कार्यकताओं की मीटिंग लेकर उनकी ड्यूटी लगाई दिग्विजय चौटाला ने कार्यकताओं को बताया की जजपा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला ओर हरियाणा के युवा उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला 7 जनवरी को करनाल रैली को संम्बोदित करेगे यह लोकसभा रैली जितनी भी अब तक रैलिया हुई उनमें सबसे बड़ी रेली होगी इसलिए सभी कार्यकर्ता प्रत्येक गांव गांव और घर घर जाकर इस लोकसभा रैली का न्यौता देगें दिग्विजय चौटाला ने कार्यकर्ताऔ को बताया की लोकसभा चुनाव और विधानसभा को लेकर भी अपनी कमर कस कर अगले वर्ष 2024 में होने वाले चुनाव को लेकर जोर शोर से पार्टी का प्रचार करे ।जजपा प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने बताया की पार्टी की सभी इकाईया संगठन को मजबूत करे ओर ब्लांक स्तर पर संगठन को लेकर जाएं और सभी विंग अपनी अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करके संगठन को मजबूत करे।

# गंदगी और अतिक्रमण से परेशान अपनी किस्मत को रो रहा भड़ौला गाँव









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जहां एक ओर** तो सरकार स्वच्छता को लेकर लाखों-करोड़ो रूपए विज्ञापन के नाम पर पानी की तरह बहा रहीं है, वहीं दूसरी ओर आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले भड़ौला गांव के लोग क्षेत्रीय विधायक व पार्षद की उपेक्षा के शिकार है।

आपको बतादें कि चारों ओर गंदगी का माहौल बना हुआ है, जिसके चलते लोगों का घर से बाहर निकलना भी गंदगी से जंग लड़ने के बराबर है।

**क्या है मामलाः** दरअसल मामला आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र स्थित भड़ौला गांव का है। स्थानीय लोगों की मानें तो महीनों तक क्षेत्र में सफाई कर्मचारी नहीं आते है, और कभी भुले भटके आ भी जाते है तो नाम मात्र के लिए झाड़ू लगाकर फूर हो जाते है। इस मामलें में आरडब्लूए का कहना है कि हम कई बार क्षेत्रीय विधायक व पार्षद सहित अधिकारियों को भी लिखित में शिकायत पत्र दें चुके है, बावजूद इसके समस्या जस की तस बनी हुई है।

**गंदगी का लगा अंबारः** आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सूबे सिंह ने बताया कि हमारे क्षेत्र में काफी लंबे समय से झाडू तक नहीं लगाई गई है, तो वहीं नालियों में भी गाद भरा पडा हुआ है, जिसके चलते नालियों का गंदा व बदबूदार पानी ओवरफ्लों होकर सड़को पर बहता है, जिसकी वजह से न सिर्फ गंदगी फैल रहीं है बल्कि गंदगी से फैलने वाली बिमारियों का भी संकट मंडराता रहता है, लेकिन पार्षद व निगम अधिकारी हमारी इस समस्या की ओर ध्यान देने को कतई भी तैयार नहीं है।

**बुनियादी सुविधाओं से वंचित गांव के लोगः** आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सूबे सिंह ने बताया कि भड़ौला गांव के लोगों के साथ क्षेत्रीय विधायक व निगम पार्षद ने सौतेला व्यवहार किया है। कभी भी उनकी समस्या के बारे में न तो जानने की कोशिश की है और न ही समस्या को हल करने का कभी प्रयास किया गया है। उन्होनें यह भी बताया कि यहां के पार्को का भी बुरा हाल है, कहीं तो कूड़े के ढ़ेर लगे हुए है तो कहीं कीचड़ लबालब भरी पड़ी है।

वहीं क्षेत्र में आवारा पशुओ का भी जमावड़ा लगा रहता है, जिससे लोगों में भय बना हुआ है। तो वहीं, कई रोड़ अतिक्रमण के शिकार हो रहे है। इन सब समस्याओं के बावजूद जन-प्रतिनिधियों को या तो दिखाई नहीं दे रहा है या फिर सब कुछ देखने के बाद भी अंजान बने बैठे हुए है।



# पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने किया सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** जहांगीरपुरी इलाके के जे ब्लॉक में बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा जहांगीरपुरी जे ब्लॉक 1700 वाली गली के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों ने निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा का स्वागत किया और इस कार्य के लिए धन्यवाद भी किया। इस मौके पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर विशेष रूप से ध्यान दे रही हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि अगर क्षेत्र कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह मेरे कार्यालय पर संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



सेराबेस्ट हैल्थकेयर हैप्पी फैमिली साउथ कोरिया के केंद्रीय कार्यालय दिल्ली के कन्हैया नगर पर पर्यावरण संरक्षण समिति के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर विनय कंसल के कार्यालय में पधारने पर कंपनी के संस्थापक पवन कुमार आहूजा द्वारा डॉक्टर विनय कंसल को रानी लक्ष्मीबाई का आकर्षक स्मृति चिन्ह एवम पटका देकर सम्मानित किया गया।

# स्वतंत्र नगर : बस स्टैंड ना होने से यात्री हलकान

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाहरी दिल्ली** के नरेला विधानसभा अंतर्गत स्वतंत्र नगर के विकास को लेकर सरकार व जनप्रतिनिधि भले ही खूब दावे करें लेकिन, आज भी स्वतंत्र नगर वासियों को मूलभूत सुविधा पूर्ण रूप से नहीं मिल पा रही। स्वतंत्र नगर में बसने वाली बड़ी आबादी की सबसे बड़ी पीड़ा नरेला बवाना रोड़ पर स्वतंत्र नगर में बस स्टैंड का ना होना है। दशकों से कई जनप्रतिनिधि आए, गए पर किसी ने भी बस स्टैंड की समस्या पर ध्यान नहीं दिया। और ना ही शिकायतों के बाद भी परिवहन विभाग कुंभकर्णी नींद से जागा। बस स्टैंड ना होने से यात्रियों को धूप व बारिश में खड़े होकर बसो का इंतजार करना पड़ता है। परेशानी तब और अधिक बढ़ जाती है जब बस की प्रतीक्षा में खड़े यात्री काफी समय बीत जाने के बाद भी डीटीसी ड्राइवर बस स्टैंड ना होने की वजह से बस नहीं रोकते। फेडरेशन ऑफ नरेला सब सिटी के अध्यक्ष जोगेंद्र दहिया ने बताया कि नरेला विधानसभा के स्वतंत्र नगर में बड़ी आबादी रहने के बावजूद यहां के निवासियों के लिए आज तक बस स्टैंड की सुविधा प्राप्त नहीं हुई। नरेला बवाना मेन रोड़ पर बस स्टैंड़ नहीं होने से जहां सवारी बसे कहीं भी रोड़ पर खड़ी होकर सवारियां भरती है। वहीं यात्रियों को धूप व बारिश में खड़े होकर बसों का इंतजार करना पड़ता है। एक स्थाई बस स्टैंड की कमी को झेलते हुए स्वतंत्र नगर वासियों को दशकों बीत गए। लेकिन एक बस स्टैंड तक का ना होना यहां के जनप्रतिनिधियों की उदासीनता स्पष्ट बयान करता है। वही शिकायतों के बाद भी दिल्ली परिवहन निगम कुंभकर्णी नींद से नहीं जागा है। नरेला चेतना मंच के प्रधान मनोज बंसल ने बताया कि स्वतंत्र नगर में बड़ी आबादी के रहने के बावजूद बस स्टैंड के अभाव में यात्री चिल्लाती धूप और बारिश में खड़े होकर बसों की प्रतीक्षा करते हैं। डीटीसी अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों को समस्या का समाधान तुरंत करना चाहिए।





स्थानीय निवासियों ने बताया कि सामाजिक संगठनों के द्वारा व स्थानीय निवासियों ने कई बार डीटीसी अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों को लिखित शिकायत देकर व मौखिक रूप से भी अवगत कराया है। लेकिन अभी तक बस स्टैंड नहीं बन पाया है।

हमारी मांग है कि नरेला बवाना मेन रोड़ पर स्वतंत्र नगर में बस स्टैंड़ की सुविधा जल्द से जल्द मुहैया कराई जाए।

## भारतीय ग्रामीण संस्कृति के सच्चे वाहक थे चौधरी चरण सिंह : वत्स

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली आदर्श** मूल ग्रामीण पंचायत महासंघ के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरणसिंह को उनकी 121वीं जयंती पर उन्हें कृतज्ञ राष्ट्र की ओर से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। वत्स ने चौ. चरणसिंह को भारतीय ग्रामीण संस्कृति का सच्चा वाहक बताते हुए कहा कि उन्होंने आजीवन गांव और गरीब के कल्याण के लिए काम किया। किसानों और कामगारों के उत्थान लिए उनके संघर्ष की बदौलत देशवासी उन्हें किसान नेता के रुप में भी आदर और सम्मान से याद करते हैं।

# जहांगीरपुरी : निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने किया गलियों का उद्घाटन









**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बुराडी विधानसभा** क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले मुकुंद पुर वार्ड में सालों से चली आ रहीं कच्ची व टूटी-फूटी गलियों से निजात दिलाने के लिए स्थानीय निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने जहांगीरपुरी में नारियल फोड़कर गलियों का उद्घाटन किया। इस दौरान क्षेत्रीय लोगों के साथ-साथ पार्टी के अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। मौके पर मौजूद निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने बताया कि पिछलें 17 सालों से इलाकें की सड़कें टूटी-फूटी पड़ी हुई थी जिससे लोग काफी ज्यादा परेशान थे और लोगों के अनुसार उन्होंने कई बार निगम पार्षदों व विधायकों से मौखिक व लिखित रूप से शिकायत भी की, लेकिन लोगों की इस समस्या की ओर कभी ध्यान नहीं दिया गया, बल्कि राजनीति ही होती रही थी। उन्होनें यह भी बताया कि इस समस्या को लेकर स्थानीय लोग मेरे कार्यालय में आए थे तथा मैंनें मौके पर जाकर जायजा लिया, जिसके बाद समस्या को देखते हुए तुरंत गलियों के निर्माण के लिए नारियल फोडकर उद्घाटन किया। इस दौरान मौके पर पार्षद सहित क्षेत्र के लोग व पार्टी के अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# किडजी किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में क्रिसमस का त्यौहार पूरे हर्षोल्लास से मनाया

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** किडजी किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल सेक्टर-3 कुरुक्षेत्र में क्रिसमस का त्यौहार बड़ी धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ जी,मेघा धमीजा, सुनीता रानी तथा पूजा जी द्वारा यीशु मसीह की तस्वीर के आगे मामबत्तियां जगा कर किया गया।इस अवसर पर परमिंदर सिंह बाठ ने विद्यार्थियों को प्रभु यीशु मसीह के बारे में बताते हुए कहा कि यीशु मसीह का जन्म किसी विशेष धर्म के लिए नहीं अपितु संपूर्ण जाति के कल्याण के लिए हुआ। उन्होंने हमें सभी से प्रेम करने की प्रेरणा दी। उन्होंने यह भी




बताया कि यीशु दुनिया में इसलिए आए ताकि लोग ईश्वर के साथ संबंध बनाकर जीवन जी सकें। वह ईश्वर को जाने और ईश्वर पर विश्वास करें ।प्रभु यीशु ने हमें मानवता से प्रेम करने का संदेश दिया।इस अवसर पर विद्यालय को विशाल क्रिसमस ट्री और स्नोमैन द्वारा सजाया गया। विद्यार्थियों ने इस अवसर पर रंगारंग तथा मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छोटे-छोटे बच्चे सांता क्लॉस के रूप में सजे-धजे बहुत ही मनमोहक लग रहे थे। छोटे-छोटे विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न क्रिसमस नृत्य भी प्रस्तुत किए गए।नर्सरी के छोटे-छोटे विद्यार्थियों ने यीशु द डियर हैप्पी बर्थडे ,जिंगल बैल जूनियर केजी के विद्यार्थियों ने जिंगल बैल,छन-छन घंटी तथा सीनियर केजी के विद्यार्थियों ने आई एम द हैपिएस्ट क्रिसमस ट्री तथा जिंगल बेल पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा पहली के विद्यार्थियों ने जिंगल बेल रॉक तथा कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों ने लिटिल लाइट, मेरी क्रिसमस तथा कक्षा तीसरी के विद्यार्थियों ने जिंगल बेल जिंगल बेल पर बहुत ही आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा चौथी तथा पांचवी के विद्यार्थियों ने जन्म लियो तथा छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने यीशु दे बंदे पर बहुत ही आकर्षक एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने यीशु जन्म पर एक लघु नाटिका की प्रस्तुति दी।जिसे मेघा धमीजा के नेतृत्व में तैयार किया गया। इस आकर्षक लघु नाटिका द्वारा एकता अखंडता का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। आठवीं कक्षा के विद्यार्थी सुशील ने इस मौके पर सांता बनकर छोटे-छोटे बच्चों को कैंडी, चॉकलेट उपहार के तौर पर वितरित किए। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## चाइल्ड केयर स्कूल अंतरसदनीय साइंस क्विज प्रतियोगिता में अनुराग सदन रहा प्रथम

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। चाइल्ड केयर** पब्लिक हाई स्कूल के प्रांगण में अंतरसदनीय साइंस क्विज प्रतियोगिता हुई। जिसमें स्कूल के चार सदनों कल्पना ,अनुराग, शक्ति, विवेक ने भाग लिया। प्रतियोगिता के चार राउंड लिए गए। सभी सदनों के प्रतिनिधियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया व साथ में सदन के दर्शक विधार्थियो ने भी अपने सदन के लिए ताकत लगाई। प्रतियोगिता में प्रथम अनुराग सदन, द्वितीय विवेक, तृतीय कल्पना, चतुर्थ शक्ति सदन रहा। सभी बच्चो को प्रधानाचार्या ने मैडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता का आयोजन शिक्षक साहिल व प्रिया पाराशर साइंस अध्यापक ने किया। सभी बच्चे



प्रतियोगिता में भाग लेकर बहुत ही उत्साहित थे। स्कूल के निदेशक अजय यादव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिता से बच्चो के अंदर छुपी प्रतिभा को बाहर निकालने में मदद मिलती है और बच्चो के अंदर प्रतियोगिता की भावना उत्पन्न होती है। इसलिए स्कूल में समय- समय प्रतियोगिता करवाई जाती है। शिक्षक पिंकी शर्मा,रवि, कंवल सिंह ने अपने अपने सदनों की व्यवस्था संभाली।

## संक्षिप्त खबरें

### शुद्धता की लड़ाई में टाटा नमक की जीत:100 नमक के लेबोरेटरी टेस्ट में टाटा नमक को सबसे शुद्ध माना गया

**गाजियाबाद।** टाटा नमक, 1983 से भारत का प्रमुख आयोडीन युक्त नमक ब्रांड रहा है और इसने अपने प्रोडक्ट की शुद्धता की अपनी विरासत को कायम रखा है। लेबोरेटरी में हुए टेस्ट के दौरान, टाटा नमक देश भर के 100 नमक में सबसे शुद्ध नमक के रूप में उभरा है। इससे टाटा नमक, देश में शुद्धता और क्वालिटी के मानक के रूप में स्थापित होता है। टाटा नमक, बेहतरीन क्वालिटी मुहैया कराने के प्रति प्रतिबद्ध रहा है और यह नमक उद्योग में श्रेष्ठता का प्रतीक है। इस पहल के जरिये, टाटा नमक, आत्मविश्वास से अपनी श्रेष्ठता का दावा करता है, जिसकी तुलना देश भर के नमकों से की जाती है। इसलिए टाटा नमक उन उपभोक्ताओं के लिए पहली पसंद रहा है, जो शुद्धता और बेहतरीन क्वालिटी चाहते हैं । टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स में अध्यक्ष, पैकेज्ड फूड्स- इंडिया, दीपिका भान ने अपनी टिप्पणी में कहा, "टाटा नमक की शुद्धता और क्वालिटी के प्रति प्रतिबद्धता इस बात का प्रमाण है कि हम उत्तर प्रदेश के लोगों के हित के प्रति समर्पित हैं। टाटा नमक शुद्धता का प्रतीक है। ब्रांड ने इस क्षेत्र में नमक की क्वालिटी के लिए स्वर्णिम मानक स्थापित किए हैं। कड़े मानकों और प्रोडक्ट की क्वालिटी पर ध्यान देकर, हम यह प्रयास करते हैं कि उत्तर प्रदेश के हर घर में सही मात्रा में आयोडीन और सिर्फ बेहतरीन क्वालिटी वाला नमक ही पहुंचे। टाटा नमक की इस सक्रिय पहल से नमक उद्योग में टाटा नमक की अग्रणी स्थिति भी मजबूत होती है। टाटा नमक वैज्ञानिक परीक्षण का समर्थक है और क्वालिटी को प्राथमिकता देता है। ब्रांड की इस प्रतिबद्धता से उपभोक्ताओं को वह भरोसा और आश्वासन मिलता है जिसके वे हकदार हैं और यह पहल टाटा साल्ट को भी इस क्षेत्र में शुद्धता के प्रतीक के रूप में स्थापित करती है।

### मारुति सुजुकी हरियाणा में अपना चौथा जापान-इंडिया मैन्युफैक्चरिंग संस्थान (जेआईएम) स्थापित करेगी



**गुरुग्राम।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने हरियाणा में रोहतक के कंसाला में दूसरा जापान-भारत मैन्युफैक्चरिंग संस्थान स्थापित करने के लिए हरियाणा सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह मारुति सुजुकी द्वारा संचालित भारत का चौथा और हरियाणा का दूसरा जेआईएम होगा। 5 एकड़ में फैले, मौजूदा आईटीआई कंसाला को, कंपनी की सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत 5.8 करोड़ रुपये के निवेश के साथ जेआईएम में अपग्रेड किया जाएगा। एमओए पर डॉ. विवेक अग्रवाल, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण महानिदेशक, हरियाणा सरकार और श्री राहुल भारती, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, कॉर्पोरेट अफेयर्स, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर, राहुल भारती ,एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, कॉर्पोरेट अफेयर्स, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने कहा, भारतीय यात्री वाहन उद्योग अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा और बढ़ता हुआ उद्योग है। इस वृद्धि की जरूरतों को पूरा करने के लिए विनिर्माण क्षमता के अनुरूप मानव क्षमता तैयार करना हमारी जिम्मेदारी है। उद्योग के लिए युवाओं को कुशल बनाने से हमें आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में मदद मिलेगी। हमें हरियाणा सरकार के साथ साझेदारी करके और युवाओं को प्रशिक्षण और कौशल प्रदान करने के दृष्टिकोण को साझा करते हुए खुशी हो रही है ताकि वे हरियाणा के विकास में योगदान दे सकें। श्री भारती ने कहा: हम 2017 से जापान-भारत इंस्टीट्यूट फॉर मैन्युफैक्चरिंग का संचालन कर रहे हैं।

### बी आर ग्लोबल विद्यालय में पर्व कार्यक्रम के प्रतिभागी छात्र प्रधानाचार्या पूजा पहल व शिक्षकों के साथ

**गन्नौर।** खेड़ी रोड स्थित बी आर ग्लोबल विद्यालय में क्रिसमस पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर कनिष्ठ वर्ग के बच्चों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में और मनोरंजक गतिविधियों में भाग लिया। मनोरंजक रेस प्रतियोगिताओं को लेकर विद्यार्थी बहुत उत्साहित रहे। स्कूल में क्रिसमस पर्व की धूम रही। बच्चों ने जमकर मस्ती की। सैंटा को अपने बीच पाकर सभी काफी उत्साहित थे। बच्चों को मिठाइयां और चॉकलेट सैंटा ने बांटे। बच्चों ने फैंसी ड्रेस, फेस पेंटिंग, क्रिसमस ट्री कलरिंग, मोमबत्ती डेकोरेशन, कुकिंग प्रतिस्पर्धा में भाग लिया।

## ये पर्व हमें आपस में मिलकर रहने का संदेश देता है: प्रबंधक कुलदीप दहिया

**खरखौदा/सोनीपत-सोमपाल सैनी**

**खरखौदा:** शनिवार को शहर के बिरला इंटरनेशनल स्कूल में क्रिसमस-डे मनाया गया। प्रबंधक कुलदीप दहिया की अगुवाई में यह आयोजन किया गया। इस दौरान मंच संचालन अध्यापिका सोनम द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलदीप दहिया ने कहा कि यह पर्व हमें आपस में मिलकर रहने का संदेश देता है, इसका अनुकरण करते हुए हमें आपसी भाईचारे की भावना को अपनाना चाहिए। कार्यकारी अधिकारी सिकंदर दहिया ने जीवन में आगे बढ़ने का आशीर्वाद विद्यार्थियों को दिया।

# भव्य शोभायात्रा व दीपोत्सव कर संपन्न हुआ गीता जयंती समारोह

**सोनीपत( संजीव कौशिक) अंतर्राष्ट्रीय** गीता महोत्सव के तहत सुभाष स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय गीता समारोह के अंतिम दिन गीता का संदेश देती शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसे मुख्य अतिथि के रूप में राई हलका विधायक मोहनलाल बड़ौली ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तदोपरांत उन्होंने सुभाष स्टेडियम में दीप जलाकर दीपोत्सव में हिस्सा लेते हुए मंगलकामना की कि सबके जीवन से दुख-संकट रूपी अंधकार का विनाश हो और सुख-समृद्धि से हर व्यक्ति का जीवन प्रकाशित हो। जिला प्रशासन तथा सूचना, जन संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में सुभाष स्टेडियम



में दो दिवसीय जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। समारोह के मुख्यातिथि विधायक मोहनलाल बड़ौली ने प्रदर्शनी व विभागीय तथा सामाजिक संस्थाओं की स्टॉलों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियों को प्रोत्साहित किया कि हर योजना का लाभ आम जन तक जरूर पहुंचायें। विधायक ने आम जनमानस का आह्वान किया कि वे गीता का संदेश अपने जीवन में धारण कर सफलता की सीढि?ों पर अग्रसर हों। उन्होंने कहा कि हमें अपने घर के पूजा कक्ष में श्रीमदभागवतगीता अवश्य रखनी चाहिए। गीता का उपदेश हरियाणा की धरती पर ही दिया गया जो आज पूरे विश्व को आलोकित कर रहा है। सरकारी स्तर पर यह आयोजन स्वागत योग्य है, जिसके लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल विशेष बधाई के पात्र हैं। उन्होंने स्कूलों में भी गीता अध्ययन को बढ़ावा दिया। बच्चों में संस्कार स्थापना व नैतिकता का पाठ पढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री ने सभी महापुरुषों की जयंतियां भी सरकारी स्तर पर मनाने की अनूठी पहल की, जिसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। विधायक मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि गीता सबसे उत्तम ग्रंथ है। गीता में ज्ञान के साथ विज्ञान भी है। सकारात्मक जीवन जीने के लिए गीता को आत्मसात करना चाहिए। साथ ही उन्होंने जिला स्तर पर बेहतरीन आयोजन के लिए भी बधाई दी। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी ने विधायक मोहनलाल बड़ौली का स्वागत करते हुए गीता के महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में एसडीएम डा. अनमोल व नगराधीश पूजा कुमारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

शोभायात्रा की झलक पाने को उमड़ी लोगों की भीड़: जिला स्तरीय गीता जयंती समारोह के तहत शोभायात्रा का भव्य आयोजन किया गया, जिसकी शुरूआत सेक्टर-15 स्थित जन जागृति धाम मंदिर से हुआ। शोभायात्रा जैसे-जैसे नगर की प्रमुख सडकों-चौराहों से गुजरी उसकी झलक पाने को लोगों की भीड़ जुटती चली गई। शोभायात्रा में सबसे आगे श्रीगणेश की झांकी रही जो स्वयं शुभ का प्रतीक हैं, जिनके पीछे श्रीमदभागवतगीता की झांकी थी। झांकियों में भगवान भोलेनाथ व माँ पार्वती, भगवान श्री कृष्ण व राधा जी तथा सुदामा, अर्जुन और श्रीकृष्ण की मनोहारी झांकियों ने लोगों को अपनी ओर सहजता से आकृष्ट किया।

# कांग्रेस हर जिलों में बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को मजबूत करने में जुटी

**टीम एक्शन इंडिया/समालखा ( कुलदीप सिह )**

आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस पार्टी हर जिलों में बूथ स्तर पर कार्यकताओं को मजबूत करने में जुटी हुई है। एक कार्यकर्ता पार्टी के लिए दिन रात काम करता है, इसी कहावत को चरितार्थ करते हुए कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर काम करने के निर्देश समालखा हल्के में कांग्रेस पार्टी की ओर से हुई बैठक में विधायक धर्मसिंह छौक्कर अपने समालखा कार्यालय मे दिए। कांग्रेस पार्टी से विधायक धर्मसिंह छौक्कर द्वारा हल्के गांव पसीना कला, डाडोला नुरपुर शिमला गुर्जरान भलौर



ताजपुर तार पुर रमाल मतरौली खोजकी पुर एक दर्जन भर गाव के कार्यकर्ताओं की बैठक में बूथ कार्यकर्ताओं को अपने अपने बूथ स्तर प पर काम करने निर्देश दिए। साथ ही कांग्रेस विधायक छौक्कर ने संगठन की मजबूती को लेकर सभी मंडल्य में आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को एकजुटता के साथ हमें विधानसभा में कांग्रेस पार्टी को ऐतिहासिक जीत के साथ हुड्डा सरकार बनानी है।

## नाबालिग लड़की को भगाकर ले जाने व दुष्कर्म करने के आरोपित को किया गिरफ्तार

**सोनीपत: सिविल लाइन** थाना पुलिस ने नाबालिग लड़की को भगाकर ले जाने व उसके साथ दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल निवासी ईदगाह कॉलोनी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। एक महिला ने गत 12 दिसंबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसकी नाबालिग लड़की गत 11 दिसंबर को घर से बाहर सामान लेने के लिए गई थी। वह वापिस नहीं लौटी। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

## सच्चाई और ईमानदारी के प्रतीक थे चौधरी चरण सिंह: ताराचंद



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। भूतपूर्व** प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 121 वीं जयंती पर अखिल भारतीय जाट महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ताराचंद मोर ने उन्हें किसानो और कामगारों का मसीहा बताया। मोर दिल्ली स्थित उनकी समाधि स्थल किसान घाट पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद जाट धर्मशाला में जाट समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। ताराचंद मोर ने कहा कि एक साधारण किसान परिवार में जन्मे चौधरी चरण सिंह कड़ी मेहनत, ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के बल पर प्रधानमंत्री की कुर्सी तक जा पहुंचे। अपने राजनितिक जीवन में चौधरी साहब ने हमेशा गांधी जी के आदर्शों पर चलकर सच्चाई और ईमानदारी से कार्य किया। उनके विरोधी भी ईमानदारी के बारे में उनका बहुत आदर करते थे। जब चौधरी साहब उप-प्रधानमंत्री व वित मंत्री थे, तब उन्होंने किसान बजट के नाम से बजट पास करवाया, जिसमें किसानों और कामगारों को बहुत राहत दी गई। लोग आज भी उस किसान बजट को याद करते है। ताराचंद मोर ने कहा कि चौधरी साहब ने इकोनामिक नाइटमेयर आफ इंडिया इटस कोजेज एंड क्योर नाम से पुस्तक लिखी, जो कि पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। कई शोध छात्र इस पुस्तक को आधार मानकर अपना शोध पत्र तैयार करते है। इसके अलावा उन्होंने शिष्टाचार नामक पुस्तक लिखी, जो युवा वर्ग के लिए बहुत उपयोगी है। चौधरी चरण सिंह एक शिक्षित और अनुशासित नेता थे, जब भी वह सत्ता में रहे, उनके अधीनस्थ भी चौकन्ने होकर काम करते थे। चौधरी साहब भारत को सर्वश्रेष्ठ देश बनाना चाहते थे। आज युवा वर्ग को चौधरी चरण सिंह जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके आदर्शों पर चलकर देशसेवा में लग जाना चाहिए। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर उनके साथ जगत सिंह मलिक, राजेन्द्र सिंह राठी, डा. ओम प्रकाश मलिक, विनोद गुलिया, सुरेन्द्र तेवतिया, प्रवीन्द्र खत्री, अनिल खत्री,आनन्द प्रकाश, रतन आदि मौजूद थे।

# महिला से धोखाधड़ी करने 11.50 लाख रुपये की राशि ठगी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत शहर थाना क्षेत्र** में महिला को झांसे में लेकर लाखों रुपये की राशि ठगने के आरोप का मामला सामने आया है। ठग ने महिला से उसके भतीजे की आवाज निकालकर 11.50 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़िता ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। मामले को लेकर साइबर थाना पुलिस को शिकायत भेजी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गली नंबर-1 ब्रहम नगर निवासी रामरती ने बताया कि वह घरेलू महिला है। गत 20 दिसंबर को अपने घर पर मौजूद थी। उसी दौरान उसके मोबाइल नंबर पर वट्सअप कॉल आई। उसने कहा कि वह टींकू बोल रहा है। महिला ने बताया कि उसका भतीजा टींकू भी लंदन गया हुआ है। उसे कॉलर की आवाज भतीजे जैसी लगी। कॉल ने उसे कहा कि उसे दोस्त की मां बीमार हो गई है। वह अस्पताल में भर्ती है। उसे रुपयों की बेहद जरूरत है। फिर दूसरे नंबर से उसके पास कॉल आई। उसने अपनी माता के बीमार होने के बारे में बतलाया ओर कहा कि टींकू की आपसे बात हो गई है। उसे अभी रुपयों की जरूरत है। उसने बैंक खाता दे दिया। उसने सुनील चौधरी के नाम से खाता संख्या भेज दी। जिसमें एनईएफटी के जरिए दो लाख कैनरा बैंक से ट्रांसफर करवा दिए। उसके बाद फिर उसके पास कॉल आई। उसने दो लाख 80 हजार रुपये की राशि जमा करवा दी। उसके बाद खुद को टींकू बता रहे कॉलर की कॉल आई। उसने कहा कि वह उनके रुपये खाते में जमा करवा रहा है। जिसे खाते में आने में अभी 24 घंटे लगेगें। उसने खाते में जमा राशि के 9.20 हजार रुपये की राशि की रसीद उसक पास भेज दी। उसने कहा कि उसके दोस्त की कॉल आयेगी। बाकि की राशि उसके पास खाते में जमा करवा देना। उसके बाद उसने बैंक जाकर 3.30 हजार रुपये की राशि खाते में जमा करवा दी। उसके बाद फिर से उसके पास कॉल आई। उसने खाते में रुपये जमा करवाने के लिए कहा। महिला ने बताया कि अब तक वह कुल 11.50 रुपये की राशि जमा करवा चुकी है। जब उसके पिता ने टींकू से बातचीत की तो उसने कहा कि उसके पास कोई फोन नहीं आया। किसी ने धोखाधड़ी करे उससे 11.50 हजार रुपये की राशि को ठग लिया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। साइबर थाना पुलिस ने इस संबंध मे विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई संदीप कुमार ने बताया कि मामले को लेकर गंभीरता से जांच की जा रही है।

# जेएन-1 वेरिएंट को लेकर जिले में तैयारियां

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत कोविड-19** संक्रमण के बाद जेएन-1 वेरिएंट को लेकर प्रदेश सरकार व विभाग की तरफ से मिले निर्देशों के बाद जिले में प्राइवेट, सरकारी पीएचसी व सीएचसी सहित सरकारी अस्पतालों में बेड निर्धारित किए है। विभाग की तरफ से जरूरी तैयारियों को पूरा कर लिया गया है। विभाग की तरफ से जिले में निजी व सरकारी अस्तालों में करीब 1200 बेड निर्धारित किए गए है। वहीं विभाग की तरफ से महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे जा रहे है। वेरिएंट को लेकर अब तक जिले या प्रदेश में कोई केस नहीं मिलने की जानकारी विभाग की तरफ से मिली है। वहीं चिकित्सकों द्वारा ठंड से बचने के लिए जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए गए है। बता दें कि देश के विभिन्न राज्यों में कोरोना के जेएन-1 वेरिएंट मामले को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। राहत की बात यह है कि सोनीपत जिला अभी कोरोना मुक्त है। हालांकि सर्दी में बढ़ी ठंड के चलते अस्पतालों में रोजाना काफी संख्या में खांसी, जुकाम व बुखार के मरीज पहुंच रहे है। इंफ्लूएंजा अक्सर ठंड लगने के साथ शुरू होता है, इसके बाद बुखार, मांसपेशियों में दर्द, सिरदर्द, गले में खराश, खांसी, बहती नाक और बीमार महसूस होता है। ऐसे मरीजों की पहचान करते विभाग की ओर से रोजाना सैंपल लिए जा रहे है। जिलेभर में रोजाना 18 से 20 मरीजों के ही नमूने लिए जा रहे है। इन नमूनों को जांच के लिए खानपुर कलां स्थित बीपीएस राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल में नमूनों को भेजा जा रहा है। वहीं चिकित्सकों द्वारा अस्पताल में आ रहे खांसी, जुकाम व बुखार के मरीजों को नए वेरिएंट से बचाव के लिए सलाह दी जा रही है। जिन लोगों को पहले से कोई बीमारी है या रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर है, उनके लिए इस वायरस के संक्रमण से मुश्किल बढ़ सकती है। ऐसे में लोगों को इस मौसम में खांसी, जुकाम व बुखार से बचाव के लिए अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना जरूरी है।

**अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ी-**

नागरिक अस्पताल सोनीपत में हर रोज रजिस्ट्रेशन की संख्या करीब 1200 होती है। वहीं ठंड बढ़ने के कारण बच्चे व बड़ों को खांसी, जुकाम सहित बुखार आने लगा है। जिसके चलते अस्पताल में रजिस्ट्रेशन कांउटर पर मरीजों की संख्या करीब 1500 तक पहुंच रही है। वहीं ओपीडी में मरीजों की भीड़ देखने को मिल है। वहीं चिकित्सकों की तरफ से बच्चों व बड़ों को ठंड से बचाने के जरूरी सलाह दी जा रही है।

**जिले में निजी व सरकारी अस्पतालों में बैड निर्धारित-**

विभाग की तरफ से मिली जानकारी के अनुसार जिले में कोई ऐसा मरीज सामने नहीं आया है। हर रोज करीब 20 सैंपल जांच के लिए भेजे जा रहे है। विभाग के दिशा-निर्देशों पर प्राइवेट, सरकारी अस्पताल, सीएचसी व पीएचसी पर बेड निर्धारित कि गए है। जिनमें करीब 800 बेड आक्सीजन, 360 बेड आईसीयू व 134 बेड वैटिंलैटर के तैयार है। जेएन- 1 वेरिएंट से निपटने के लिए विभाग ने अलर्ट जारी कर दिया है।

## रौनक पब्लिक स्कूल में आज क्रिसमस कार्निवल उत्सव-समारोह का होगा आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

रौनक पब्लिक स्कूल का क्रिसमस कार्निवल उत्सव-समारोह 24 दिसंबर को धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी स्कूल के प्रधानाचार्य इन्द्रनाथ सिन्हा ने दी। सिन्हा ने बताया कि विशेष अतिथि मिसेज दिल्ली एनसीआर (2022-23) की विजेता एम एस रशिका मथारू होगी। कार्यक्रम को लेकर स्कूल में तैयारियां जोरो पर चल रही है। क्रिसमस कार्निवल में स्कूल के छात्रों द्वारा लगाई जाने वाली प्रदर्शनी व अन्य कार्यक्रम आकर्षक का केन्द्र होंगे। इसके अलावा छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। शिक्षक व छात्र



तैयारियों में लगे हुए है।

**एडमिशन के लिए स्कालरशिप टेस्ट 7 को : प्रधानाचार्य**

स्कूल के प्रधानाचार्य इन्दनाथ सिन्हा ने बताया कि रौनक पब्लिक स्कूल में प्रवेश के लिए छात्रवृति परीक्षा 7 जनवरी को होगी। परीक्षा में शामिल होने वाले प्रथम 100 छात्रों की एडमिशन फीस नही ली जाएगी।

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 24 दिसंबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

# नतमस्तक होकर किसानों को देते हैं सम्मानः योगी

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है। जहां किसानों का सम्मान होता है। उनके परिश्रम व पुरुषार्थ के सामने शासन नतमस्तक होकर सम्मान देता है। आपका परिश्रम व पुरुषार्थ न केवल यूपी का सम्मान बढ़ा रहा है, बल्कि विकास यात्रा का हिस्सा बनकर यूपी को देश की बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने में मदद कर रहा है। आपके परिश्रम का परिणाम है कि हमने कृषि विकास की दर को 9 फीसदी तक पहुंचाया है। पीएम के विजन के अनुरूप आने वाले समय में प्रदेश को 2027-28 तक वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनना है।

# प्राण प्रतिष्ठा समारोहः अभेद्य है राम मंदिर परिसर की सुरक्षा

**ण्टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
**उत्तर प्रदेश के** अयोध्या में 70 एकड़ जमीन पर बनाए जा रहे राम मंदिर में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर परिसर की सुरक्षा को अभेद्य बनाया जा रहा है। राम मंदिर परिसर में आतंकियों द्वारा हमला करने की धमकियां आती रहती हैं। अब मंदिर परिसर, पूरी तरह 'नो-फ्लाइंग जोन' घोषित हो चुका है। ड्रोन, हवाई जहाज या चॉपर, यहां से नहीं गुजर सकेंगे। फिदायीन अटैक और डार्क नेट जैसे खतरों से राम मंदिर की बेजोड़ सुरक्षा व्यवस्था की गई है।



परिसर के '6' स्तरीय सुरक्षा घेरे में सेंध लगाना आसान नहीं है। सुरक्षा बलों को 'जी 20' शिखर सम्मेलन की तरह विशेष पास जारी किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी सुरक्षा कर्मी अपनी ड्यूटी से इधर-उधर न हो सके। मंदिर परिसर और उसके आसपास लगभग छह सौ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लैस सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। अयोध्या में सीआरपीएफ, यूपीएसएसएफ, पीएसी और सिविल पुलिस चप्पे-चप्पे पर मौजूद है। कई बार ऐसे इनपुट मिलते रहे हैं कि राम्२२१ मंदिर के सुरक्षा घेरे को तोड़ने के लिए विदेशी आतंकी समूह सक्रिय हैं। इनमें अफगानिस्तान और पाकिस्तान के आतंकी समूह शामिल हैं। ये समूह, नेपाल सीमा के जरिए मंदिर पर हमला करने की रणनीति बनाते रहते हैं। मंदिर पर फिदायीन अटैक का भी एक बड़ा खतरा रहा है। इस तरह के इनपुट में ऐसी संभावना जताई गई है कि मंदिर में 'पुलिस और फौज' की वर्दी पहनकर आतंकी हमला हो सकता है।

# 'इंडिया' गठबंधन भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे लोगों का समूह'

**टीम एक्शन इंडिया/बंगलूरू**
**केंद्रीय मंत्री** अनुराग ठाकुर ने शनिवार को विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन को भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे नेताओं का एक ऐसा समूह करार दिया, जिनकी कोई समान विचारधारा या राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है। यहां पत्रकारों से बात करते हुए ठाकुर ने कहा कि विपक्षी गठबंधन ने हाल ही में विधानसभा चुनावों में अपनी हार से हताश होकर संसद के शीतकालीन को बाधित किया। अनुराग ठाकुर की यह टिप्पणी तब सामने आई है, जब एक दिन पहले इंडिया गठबंधन ने शीतकालीन सत्र के दौरान 146 सांसदों के निलंबन के खिलाफ राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन किया। 13 दिसंबर को संसद की सुरक्षा में चूक का मामला सामने आया था। इसके बाद से इंडिया गठबंधन केंद्रीय गृहमंत्री से इस मामले पर बयान की मांग कर रहा है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कहा, गठबंधन कहा है? वे पंजाब में संघर्ष कर रहे हैं, वे अन्य राज्यों में संघर्ष कर रहे हैं। वे एक आवाज में नहीं बोल सकते।

http://www.facebook.com/LittleAngelsSchoolSonipat/ www.littleangelsschool.in
Little Angels
SR. SEC. SCHOOL, SONIPAT
Co-Ed English Medium School (Affiliated to CBSE, New Delhi)
9215003624/3639/3640/3651 info@littleangelsschool.in
From holding hands....to rubbing shoulders in the corporate world....
You'll find Little Angels there for you...
Registration Already Open
for Class Nursery to IX for Session 2024-2025
Nursery : 3+Years | Prep I : 4+ Years | Prep II : 5+ Years
Parenthood comes with its own apprehensions and curiosity. We often learn it by comparing our precious ones with others. Every child is unique and can't be compared and judged.
A panel of experts comprising Child Psychologist, Paediatrician, Therapist, Homeopath & Seasoned teachers specialised in early education is ready to be your friend & take you to the new journey on Tuesday, January 9, 2024.
For free registration to this session (for parents of children from 3 to 6 years) fill the Google form on the link shared or scan the QR code.
https://forms.gle/jH6nvLfXN2AyBR8v5
Registration also Opens for
Little Angels Inclusive School, Sonipat & for Provisional Admission to Class XI in all streams from Monday, January 8, 2024.
Sports Complex
The Ultimate Destination.... for Aspiring Sports Enthusiasts
Little Angels Family wishes 'Merry Christmas' & a 'Happy New Year' to All !

श्री नवयुवक वैलफेयर सोसायटी (रजि.) मजलिस पार्क, दिल्ली द्वारा आयोजित
23वीं माता की विशाल चौकी
रविवार 24 दिसम्बर 2023 ज्योति प्रचण्ड : सायं 6.30 बजे
स्थानः गली नं.7, अशोका रोड़, मजलिस पार्क, दिल्ली-110033
ज्योति प्रचण्ड यजमान एवं माता पूजन: श्री श्रीकृष्ण अग्रवाल, श्री गौरव अग्रवाल परिवार, रोहिणी, दिल्ली-110085
कंजक पूजन: श्री दीपक बेरीवाला, गली नं.3, मजलिस पार्क
महंत अनिल शर्मा | ज्योति दिलदार | जीतु तुफानी | गीतांजलि शर्मा | गौरव भारद्वाज
मंच संचालन : गोपाल खनेजा
विशिष्ट अतिथि: श्री पवन शर्मा (विधायक, आदर्श नगर) | श्री मुकेश गोयल | श्रीमती नेहा प्रदीप अग्रवाल (निगम पार्षद, धीरपुर) | श्रीमती सुमन शर्मा (निगम पार्षद, आजादपुर) | डॉ.अभिनव प्रकाश (प्रकाश आई सेंटर माडल टाउन)
पदाधिकारी एवं सदस्यगण
सुरेन्द्र बुद्दिराजा, चेयरमैन, 9811150497 | नरेश टण्डन, वाईस चेयरमैन, 9891406085 | दयाकृष्ण अग्रवाल, प्रधान, 9810244924 | सुनील खन्ना, महासचिव, 9350073195 | देवेन्द्र अरोड़ा, कोषाध्यक्ष, 9599510018 | संदीप कंसल, निर्देशक, 9891363710

आंखों की रक्षा आपके हाथ
हम सदा हैं आपके साथ
Ultra Modern Facilities Available
- Cataract Surgery
- Spectacles Removal
- Glaucoma Management
- Oculoplastic (Lid & Orbit) Surgery
- Diabetic Retinopathy Management
- Squint & Lazy Eye Management
- Management Of Eye Injury
- Eye Problems Of Children
- OCT
- Complete Eye Checkup
- Management Of Painful Eye Red
- Management Of Watery Eye
- Contact Lens
- Retina Surgical & Medical Management
- Implantable Contact Lens(IPCL/ICL)

अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध
- मोतियाबिंद ऑपरेशन
- चश्मा उतरवाना
- काला मोतिया का इलाज
- ऑक्यूलोप्लास्टिक एवम् सर्जरी
- आंख के परदे पर शुगर का असर एवं इलाज
- तिरछापन एवम् लेजी आई
- आंखो के चोट एवम् घायल होने का इलाज
- बच्चों की आंखों की समस्याओं का इलाज
- ओसीटी
- संपूर्ण नेत्र जांच


Dr. Singh examining a patient.
आंखों की संपूर्ण जांच एवम इलाज एक छत के नीचे
DR RV SINGH (MBBS/ MS)
RVS EYE CENTER
Govt Approved: An ISO 9001 : 2008 Certified Centre
BFH-9, SOM BAZAR ROAD, SHALIMAR BAGH, DELHI-110088
PH: 01127478745, 9811584973, 9899215481, 9811671606
MEDICAL FACILITIES AVAILABLE
ON PANEL : CGHS | DGEHS | NDMC | RBI | DVB | DJB
DU | RITES | TPDDL | AIR INDIA | DDA | DTC | FCI | BSES


MARUTI nandan printers
8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE
Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go
THE PRINTING HUB
COMPLETE CTP UNIT
BASYS PRINT

Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546